
THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 150 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ . 2, 2079 **शनिवार, 13 अगस्त** 2022

प्रधान संपादक – **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये**






THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 150 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ . 2, 2079 शनिवार, 13 अगस्त 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## दो दिन में तीसरा आतंकी हमला अनंतनाग में एक पुलिसकर्मी घायल

श्रीनगर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर संभाग में जिला अनंतनाग के बिजबिहाड़ा इलाके में पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी पर आतंकी हमला हुआ है। बताया जा रहा है कि इस हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हमले की जानकारी मिलते ही सुरक्षाबल की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। टीमों ने इलाके को घेर कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

# पीएम के दावेदारों की लंबी कतार !



**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)।** बिहार में नीतीश कुमार ने नया राजनीतिक दांव चलकर विपक्ष को एक नया मुद्दा दे दिया है। कहा जाने लगा है कि नीतीश एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने लगे हैं। जब उन्होंने विपक्ष को एकजुट करने की बात कही तो लोगों का ये कयास और भी मजबूत हो गया।

ऐसा नहीं है कि विपक्ष में नीतीश कुमार इकलौते ऐसे नेता हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए विपक्ष के चेहरे की रेस में बताया जा रहा है। मौजूदा समय में विपक्ष में ऐसे नेताओं की लाइन लग गई है, जो खुद को प्रधानमंत्री पद का सबसे मजबूत दावेदार मान रहे हैं या बताए जा रहे हैं। हालांकि, इनमें से कोई भी खुलकर ये नहीं कहता है, लेकिन सब राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास इसी के लिए कर रहे हैं।

**राहुल गांधी:** विपक्ष की तरफ से प्रधानमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुद हैं। राहुल 2014 से ही इस प्रयास में लगे हैं। हालांकि, अब तक उनका सपना पूरा नहीं हो पाया है। भाजपा के सत्ता में आने और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से कांग्रेस की स्थिति पूरे देश में काफी खराब हुई है। यही कारण है कि अब राहुल गांधी से इतर क्षेत्रीय दलों के नेता भी प्रधानमंत्री पद की दावेदारी पेश कर रहे हैं। कई तो इसके लिए लगातार कोशिश भी कर रहे हैं।

**नीतीश कुमार:** बिहार के मुख्यमंत्री के पाला बदलने के बाद उनके विपक्ष का चेहरा बनने को लेकर लगातार बात हो रही है। हालांकि, ये पहली बार नहीं है। नीतीश कुमार का नाम 2014 से ही उछल रहा है। जब भाजपा ने नरेंद्र मोदी के नाम का एलान नहीं किया था, तब भी नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का सबसे मजबूत उम्मीदवार माना जाता था। हालांकि, नरेंद्र मोदी के आने के बाद से इस पर विराम लग गया। इस बार फिर से नीतीश कुमार ने विपक्ष को एकजुट करने की बात की है। हालांकि, पीएम पद के सवाल पर नीतीश ने हाथ जोड़ लिए। कहा- देखिए भाई, एक बात हम हाथ जोड़कर के कह देते हैं। मेरी कोशिश होगी कि सभी विपक्षी दल मिलकर काम करें।

**के. चंद्रशेखर राव :** टीआरएस प्रमुख और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव भी दावेदारों में शामिल हैं। केसीआर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में जुटे हैं। राष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने खुलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया था। वह अब तेलंगाना से इतर जहां भी जाते हैं हिंदी में ही भाषण देते हैं। उनकी आक्रमक भाषण शैली लोगों को पसंद आती है। राव ने तेलंगाना के विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार भी राष्ट्रीय स्तर पर शुरू कर दिया है।

**ममता बनर्जी:** टीएमसी की मुखिया और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी सबसे मजबूत उम्मीदवारों में से एक हैं। ममता खुलकर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ाई लड़ती हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जीत के बाद ममता के तेवर और गर्म हो गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर वह पार्टी का विस्तार कर रहीं हैं। नॉर्थ ईस्ट के कई राज्यों में ममता ने कांग्रेस विधायकों और सांसदों को तोड़ लिया है। इसके अलावा हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के नेताओं को वह पार्टी से जोड़ने में जुटी हैं।

**अरविंद केजरीवाल :** आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी दावेदारों की सूची में हैं। पंजाब विधानसभा चुनाव में जीत के बाद केजरीवाल का दावा और मजबूत हुआ है। केजरीवाल फिलहाल अन्य राज्यों को जीतने की कोशिश में जुटे हैं। उनका पूरा फोकस गुजरात, हिमाचल प्रदेश में है। अगर उनकी पार्टी इन राज्यों में कुछ भी अच्छा कर ले जाती है तो वह विपक्ष की तरफ से खुद की उम्मीदवारी पुख्ता कर ले जाएंगे।

**अखिलेश यादव:** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को भी उनके समर्थक प्रधानमंत्री पद का मजबूत दावेदार बताते हैं। हालांकि, जमीनी हकीकत देखी जाए तो अखिलेश अभी यूपी में ही अपने पांव मजबूत करने में जुटे हैं। हां, ये जरूर है कि उनका समर्थन जिसे मिलेगा उसकी दावेदारी और मजबूत हो जाएगी।

## पश्चिमी यूपी में अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात

**मेरठ, 12 अगस्त (एजेंसियां)।** आतंकी गतिविधियों के इनपुट के बाद पश्चिमी यूपी के मेरठ समेत कई जनपदों में अलर्ट जारी किया गया है। इसको देखते हुए एलआईयू और मेरठ पुलिस ने बस अड्डे, रेलवे स्टेशन व होटलों में सघन चेकिंग अभियान शुरू करा दिया है। सुरक्षा की दृष्टि से शहर को पांच जोन में बांटा गया है। वहीं अबकी बार 15 अगस्त को ड्रोन से भी निगरानी होगी।

पुलिस ने शहर को पांच जोन और 15 सेक्टर में बांटा है। खुफिया विभाग की रिपोर्ट में आतंकी इनपुट मिलने के बाद से पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। स्वतंत्रता दिवस के तीन दिन पहले से ही शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है। एडीजी मेरठ जोन राजीव सभरवाल के निर्देश पर बागपत, मेरठ और गाजियाबाद समेत जोन के सभी जनपदों में अबकी बार ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। वहीं एसएसपी रोहित कुमार सजवाण के मुताबिक, अब एलआईयू और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बस अड्डे, होटलों, ढाबों और रेलवे स्टेशनों में सघन चेकिंग अभियान भी शुरू करा दिया गया है। पुलिस टीम के साथ बम डिस्पोजल दस्ता और डॉग स्कायड भी साथ रहे। गाजियाबाद पुलिस को खासतौर पर अलर्ट किया गया है।

# 10 हजार निजी स्कूल बंद

## अब नए स्कूल के आवेदन 4 गुना बढ़े; यूपी में सबसे ज्यादा 4216, एमपी दूसरे नंबर पर

| आवेदन | 2019-20 | 2020-21 |
|---|---|---|
| यूपी | 1,634 | 4,216 |
| मध्यप्रदेश | 01 | 1,348 |
| तेलंगाना | 0 | 528 |
| राजस्थान | 09 | 492 |
| कर्नाटक | 0 | 401 |
| छत्तीसगढ़ | 0 | 377 |
| महाराष्ट्र | 28 | 366 |
| बिहार | 170 | 245 |



**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)।** देश में दो साल में सरकारी स्कूलों में बच्चे बढ़े हैं, निजी स्कूलों में घटे हैं। इसके असर से 10 हजार निजी स्कूल बंद हो गए। अब नए निजी स्कूल खोलने के आवेदन 4 गुना तक बढ़ गए हैं। नए निजी स्कूल खोलने के आवेदन पिछले एक साल में 4.38 गुना बढ़े हैं। 2021 में कुल 2,066 नए आवेदन मिले थे। 2022 में 9,057 आवेदन मिले हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में कोरोना की वजह से 5,406 निजी स्कूल बंद हो गए थे। इसी तरह 2020 में 5,052 निजी स्कूल बंद हुए थे। इन्हीं दो साल में निजी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की संख्या 30.52 लाख घटी है। वहीं, सरकारी स्कूलों में 2021 के मुकाबले 2022 में 40 लाख बच्चे बढ़ गए हैं। 2021 में देशभर में पहली कक्षा में 1.85 करोड़ नए एडमिशन हुए।

इनमें से 1.19 करोड़ एडमिशन सरकारी या सरकार अनुदानित स्कूलों में हुए। निजी स्कूलों में सिर्फ 66 लाख एडमिशन हुए। 24 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में सरकारी स्कूलों में ज्यादा एडमिशन हुए हैं। फिलहाल, देशभर में 63% बच्चे सरकारी या सरकार अनुदानित स्कूलों में पढ़ रहे हैं। सिर्फ 7 राज्यों में निजी स्कूलों में सरकारी स्कूलों से ज्यादा बच्चे पढ़ रहे हैं। ये राज्य हैं- पंजाब, हरियाणा, मणिपुर, नगालैंड, तेलंगाना, पुदुचेरी और उत्तराखंड।

सरकारी स्कूलों में ड्रॉपआउट घटा, लेकिन एमपी समेत 5 राज्यों में अभी सर्वाधिक

देश में 9वीं-10वीं तक स्कूली बच्चों का ड्रॉपआउट रेट घटकर 14.6% पहुंच गया है। 2020 में यह 16.1% था। जिन राज्यों में निजी स्कूलों में ज्यादा बच्चे पढ़ रहे हैं, ड्रॉपआउट रेट भी वहीं ज्यादा है।

**स्कूल छोड़ने वाली सबसे ज्यादा लड़कियां मप्र और गुजरात में**

मध्यप्रदेश में हर 100 में से 24 लड़कियां 10वीं कक्षा से पहले ही स्कूल छोड़ रही हैं। गुजरात में यह औसत 20.9% और बिहार में 17.6% है। इसी तरह प. बंगाल (15.7%), झारखंड (13.7%), यूपी (13%), हरियाणा (12.3%), छत्तीसगढ़ (11.4%) और पंजाब (11.1%) में भी हालात ठीक नहीं है। चंडीगढ़ (1.6%), केरल (4.9%) में ड्रॉपआउट रेट सबसे कम है।

# राजू श्रीवास्तव के लिए दो दिन अहम

## तबीयत में थोड़ा सुधार, लेकिन अभी भी वेंटिलेटर पर, बहन ने बांधी राखी



कानपुर/दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की सेहत बेहद नाजुक बनी हुई है। डॉक्टर्स ने शुक्रवार को बताया कि उनके लिए अगले दो दिन अहम हैं। हालांकि, डॉक्टर ने पॉजिटिव साइन दिए हैं। डॉक्टर्स का एक पैनल लखनऊ पीजीआई से भी भेजा गया है। देर रात से उनकी बॉडी में मूवमेंट देखा जा रहा है। उधर, बहन सुधा श्रीवास्तव ने रक्षाबंधन के दिन आईसीयू में उन्हें राखी बांधी और भाई के जल्द स्वस्थ होने और लंबी उम्र की प्रार्थना की।

राजू का इलाज कर रहे कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप सेठ ने बताया कि वे बीच-बीच में खुद से पैर मोड़ रहे हैं। उनके हाथ-पैर की उंगलियां भी मूवमेंट कर रही हैं।

**मोदी ने जाना हाल, योगी ले रहें पल-पल की अपडेट**

रात करीब 10 बजे पीएम नरेंद्र मोदी ने फोन कर राजू की पत्नी शिखा से बात की और स्वास्थ्य के बारे में हालचाल जाना। प्रधानमंत्री ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। सीएम योगी आदित्यनाथ भी लगातार हेल्थ का अपडेट ले रहे हैं।

**अब सिर्फ एक ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत**

राजू के सपोर्ट में लगे दो ऑक्सीजन सिस्टम में से अब सिर्फ एक लगाया गया है।शुक्रवार सुबह एक ऑक्सीजन सपोर्ट हटा लिया गया है। अब उनको कम ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत पड़ रही है। आज सुबह से राजू को ऑक्सीजन का सपोर्ट सिर्फ 40% दिया जा रहा है। इससे पहले राजू 50% ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। राजू की पत्नी ने सुबह उनके पैर के तलवों में उंगली लगाई तो राजू ने खुद से उंगलियां मोड़ीं।

# नरसिंहानंद बोले- तिरंगे का बहिष्कार करो

## स्वामी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग



गाजियाबाद, 12 अगस्त (एजेंसियां)। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर और गाजियाबाद में डासना देवी मंदिर के पीठाधीश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान का विरोध किया है। उन्होंने हिंदुओं से कहा, ''तिरंगे का बहिष्कार करो, क्योंकि इस तिरंगे ने तुम्हें ही बर्बाद कर दिया है। हर हिंदू के घर पर हमेशा भगवा ध्वज होना चाहिए।

**नरसिंहानंद का पूरा बयान**

एक बहुत बड़ा अभियान इस देश में चल रहा है तिरंगे के नाम पर। ये अभियान भारत की सत्तारूढ़ पार्टी चलवा रही है। तिरंगे बनाने का सबसे बड़ा ऑर्डर बंगाल की एक कंपनी को दिया गया है।

इसका मालिक है सलाउद्दीन नाम का एक मुसलमान। दुनिया के सबसे बड़े पाखंडी अगर कोई हैं तो वो हिंदू हैं। हिंदुओं के दलाल मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार की बात करते हैं। चिल्ला चिल्लाकर कहते हैं कि हिंदुओं को मुसलमानों का आर्थिक बहिष्कार करना चाहिए।

जब इनकी सरकार बन जाती है तो सरकारी ठेके भी मुसलमानों को देते हैं। ये हिंदुओं के खिलाफ कितना बड़ा षड्यंत्र है। हिंदुओं बहिष्कार करो इस अभियान का। अगर जिंदा रहना है तो मुसलमानों को पैसे देने वाले इस तिरंगा अभियान का बहिष्कार करो। अगर अपने घर पर तिरंगा लगाना है तो कोई पुराना तिरंगा ढूंढो और लगाओ, लेकिन इस तरह से सलाउद्दीन को एक भी पैसा मत दो।

इन नेताओं को सबक सिखाओ कि ये तुम्हारे पैसे से मुसलमानों को अमीर बनाकर तुम्हारे बच्चों की हत्या का इंतजाम नहीं कर सकते। किसी भी मुसलमान के पास जब हिंदू का पैसा जाता है तो वो जिहाद के लिए जकात देता है और वही जकात तुम्हारे और तुम्हारे बच्चों के कत्ल के लिए काम आती है। इन धोखेबाजों की बातों में मत फंसना। हर हिंदू के घर पर हमेशा भगवा ध्वज होना चाहिए।

सोशल मीडिया पर यह वीडियो सामने आया है। कई लोगों ने नरसिंहानंद गिरि पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। डासना देवी मंदिर के छोटे नरसिंहानंद अनिल यादव बताया कि ये वीडियो करीब 15 दिन पुराना है और मंदिर परिसर के कार्यालय में ही शूट किया गया था। गाजियाबाद में मसूरी थाने के इंस्पेक्टर रविंद्र चंद्र पंत ने कहा, "मुझे वायरल वीडियो के बारे में कोई जानकारी अभी तक नहीं है।

**हर घर तिरंगा अभियान क्या है?**

आजादी के अमृत महोत्सव पर केंद्र सरकार ने "हर घर तिरंगा' अभियान की पहल की। उत्तर प्रदेश में भी हर घर पर तिरंगा झंडा फहराया जा रहा है। आजादी के 75 साल पूरे होने पर देशभर में चलाए जा रहे अभियान के तहत यूपी में 11 से 17 अगस्त तक 4 करोड़ से ज्यादा तिरंगे फहराए जाने हैं। हर जिले में डीएम की अगुआई में बनाई गई कमेटी इस अभियान पर नजर रखे है।

## धार में डैम की वॉल धंसी, 11 गांव खाली कराए

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)।** लगातार बारिश से मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा हालात खराब हैं। बीते 24 घंटे में नर्मदा, बेतवा, ताप्ती खतरे के निशान के करीब बह रहीं हैं।

धार में शुक्रवार को निर्माणाधीन डैम की वॉल धंस गई, जिसके बाद 11 गांव खाली करवाए गए। उधर गुजरात में तापी का जलस्तर बढ़ने से 45 लोगों को शिफ्ट किया गया। वहीं छत्तीसगढ़ में नाले के ऊपर बनी पुलिया पर पानी बहने से कई गांवों का संपर्क टूट गया।

महाराष्ट्र में तेज बारिश से कई शहर पानी में डूबे हुए हैं। पुणे में भारी बारिश से मशहूर भिडे पुल पानी में डूब गया है। वहीं कर्नाटक के कोप्पल में तुंगभद्रा बांध से पानी छोड़े जाने के बाद काम्पली-गंगावती पुल जलमग्न हो गए।

मध्यप्रदेश में टूटकर बरस रहे बादलों की वजह से एक बार फिर नदी-नाले उफना गए हैं। नर्मदा, शिप्रा, बेतवा, ताप्ती खतरे के निशान के करीब बह रही हैं। ओंकारेश्वर-हलाली डैम ओवरफ्लो हो गए। तवा और इंदिरा सागर बांध के गेट खोलना पड़ गए।

# जैश का आतंकी गिरफ्तार

## नूपुर शर्मा की हत्या का मिला था टास्क, फिदायीन हमले की तैयारी में था



सहारनपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तरप्रदेश के सहारनपुर से जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और तहरीक-ए-तालिबान, पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े संदिग्ध आतंकी मोहम्मद नदीम को गिरफ्तार किया गया है। यूपी एटीएस की पूछताछ में आतंकी नदीम ने बताया, उसे जैश की ओर से बीजेपी से निलंबित नूपुर शर्मा की हत्या का टास्क दिया गया था।

एटीएस का कहना है कि सूचना मिली थी कि गांव कुंडाकलां, थाना गंगोह सहारनपुर में एक युवक जेईएम और टीटीपी की विचारधारा से प्रभावित होकर फिदायीन हमले की तैयारी कर रहा है। जिसके बाद युवक को पकड़ा गया। पूछताछ के बाद उसके मोबाइल को जब्त कर लिया गया है।

यूपी एटीएस के अधिकारी ने बताया, आतंकी मुहम्मद नदीम तहरीक-ए-तालिबान आतंकी संगठन के सैफुल्ला (पाकिस्तानी) से फिदायीन हमले की तैयार करने के लिए विस्फोटक कोर्स फिडे फोर्स का प्रशिक्षण साहित्य, सोशल मीडिया के माध्यम से ले रहा था।

उन्होंने बताया, वह किसी सरकारी भवन या पुलिस परिसर पर फिदायीन हमला करने की फिराक में था। नदीम अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय जैश-ए-मुहम्मद एवं तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकवादी स्पेशल ट्रेनिंग देने के लिए पाकिस्तान बुला रहे थे। वह मिस्र देश के माध्यम से सीरिया और अफगानिस्तान जाने की भी योजना बना रहा था।

पूछताछ में पता चला कि नदीम जेईएम और टीआईपी विचारधारा से प्रभावित होकर फिदायीन हमले की तैयारी कर रहा था। आतंकी के मोबाइल से एक पीडीएफ भी मिला है। जिसका शीर्षक विस्फोटक कोर्स फिडे फोर्स है। फोन से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के जेईएम और टीआईपी के आतंकियों से चैट के अलावा वॉयस मैसेज भी मिले हैं।

# पंडितों के समर्थन में आए वरुण गांधी

## बोले 90 दिन बाद भी मांगें अनसुनी



जम्मू, 12 अगस्त (एजेंसियां)। पीएम पैकेज के तहत कश्मीर में नौकरी पाने वाले कश्मीरी पंडित राहुल भट की मई महीने में आतंकियों ने हत्या कर दी थी। इसके बाद से पीएम पैकेज के तहत कार्यरत अन्य कश्मीरी पंडित कर्मचारी आंदोलनरत हैं। घाटी में अलग-अलग क्षेत्र में कार्य कर रहे कश्मीरी पंडितों की मांग है कि उन्हें कश्मीर से बाहर स्थानांतरित किया जाए।

शुक्रवार को भाजपा सांसद वरुण गांधी ने एक खबर की क्लिप शेयर करते हुए कश्मीरी पंडित कर्मचारियों की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि 90 दिन बीत जाने के बाद भी कर्मचारियों की मांग को अनसुना किया जा रहा है। साथ ही उनके वेतन रोके जाने के मुद्दे को भी उठाया है।

वरुण गांधी ने ट्वीट किया, घाटी में राहुल भट्ट की निर्मम हत्या के बाद से चल रहे कश्मीरी पंडितों के आंदोलन को अब 90 दिन बीत चुके हैं। पंडितों की पीड़ा एवं वेदना समझे बिना उनकी मांगों को अनसुना कर उनका वेतन तक रोक दिया गया है। क्या एक सुरक्षित एवं बेहतर जीवन की अपेक्षा हर भारतीय नागरिक का अधिकार नहीं है?

घाटी में एक के बाद एक हुई टारगेट किलिंग के बाद कश्मीरी पंडितों ने पहले कश्मीर में तो फिर जम्मू में धरना दिया। इनके प्रदर्शन को करीब 90 दिन पूरे हो चुके हैं और वे अब भी अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। इसके साथ ही घाटी में कार्यरत अन्य अल्पसंख्यक कर्मी भी कश्मीर से चलकर जम्मू में आंदलोनरत हैं और घाटी से बाहर ट्रांसफर किए जाने की मांग कर रहे हैं।

# अमेरिका में भारतीय दूतावास की दीवार पर लिखा खालिस्तान जिंदाबाद

## 15 अगस्त पर खलल डालने की कोशिश

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के स्वतंत्रता दिवस से पहले अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास की दीवारों पर खालिस्तान जिंदाबाद लिखा गया है। शुक्रवार को मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी सामने आई, इसके बाद से दूतावास की दीवारों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि यह स्लोगन किसने लिखे हैं। इस मामले की जांच की जा रही है।

बुधवार को प्रतिबंधित खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी किया था। उसने 15 अगस्त को मेलबर्न, लंदन, मिलान, सैन फ्रांसिस्को, वैंकूवर और टोरंटो में भारतीय दूतावासों में खालिस्तान-ब्लॉक तिरंगा लगाने की घोषणा की थी। समूह ने ऐसा करने वालों को नकद इनाम देने की घोषणा भी की थी।

क्या है सिख फॉर जस्टिस :

बता दें कि सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) एक खालिस्तान समर्थक समूह है, जो एक अलगाववादी अभियान चला रहा है। अमेरिका में बने समूह की शुरूआत साल 2007 में हुई थी। इसका मूल एजेंडा पंजाब में अलग से खालिस्तान बनाने का है। गुरपतवंत सिंह पन्नू एसएफजे का मुख्य चेहरा है, जो अमेरिका में वकालत और पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री ले चुका है।

# प्रॉपर्टी के सौदों के साथ विवाद निपटा रही डी-कंपनी

## करोड़ों रुपये जुटाकर अलकायदा, लश्कर और जैश को भेज रहा दाऊद इब्राहिम

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। देशभर में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने वाले आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और अलकायदा को अब डी-कंपनी मोटे स्तर पर फंडिंग कर रही है। मुंबई में प्रॉपर्टी की सौदेबाजी और इससे जुड़े विवादों का निपटारा करके देश से फरार पाकिस्तान में रह रहा अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम मोटा फंड इकट्ठा कर रहा है। इस बात का खुलासा हाल ही में एनआईए के हत्थे चढ़े डी-कंपनी के एक गुर्गे से पूछताछ के दौरान हुआ है।




हवाला व डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल किया जा रहा

मुंबई का रहने वाला सलीम फ्रूट कर रहा था मदद

सलीम 4 अगस्त को मुंबई सेंट्रल से गिरफ्तार

सूत्रों के अनुसार, एनआईए टेरर फंडिंग के कुछ मामलों की जांच कर रही है। इसी दौरान एनआईए को पता चला कि पाकिस्तान में छिप कर रह रहा दाऊद इब्राहिम कासकर डी-कंपनी के जरिए भारत से करोड़ों रुपये एकत्र कर हवाला व डिजिटल माध्यमों से सीधे लश्कर, जैश और अलकायदा को भेज रहा है। इसमें उसकी मदद मुंबई में रह रहा सलीम फ्रूट कर रहा था।

>12

# न्यूक्लियर पेपर्स के लिए ट्रंप के घर छापा डाला गया

## अटॉर्नी जनरल ने खुद साइन किया सर्च वॉरंट, एफबीआई को रेड में 12 बॉक्स मिले

वाशिंगटन, 12 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के घर पर हुई फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) की छापेमारी में बड़ा खुलासा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, न्यूक्लियर डॉक्यूमेंट्स और अन्य जरूरी चीजों के लिए तलाशी ली गई थी। इस दौरान वहां से करीब 12 बॉक्स जब्त किए गए। हालांकि, एफबीआई के ऐजेंट्स को कोई न्यूक्लियर रिकॉर्ड मिला या नहीं इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ये भी खुलासा नहीं हुआ है कि इन 12 बॉक्स में क्या था। एफबीआई ने मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के आलीशान पॉम हाउस और रिजॉर्ट मार-ए-लीगो पर छापा मारा था। ट्रंप के दो करीबियों ने बताया कि यह रेड बिना किसी नोटिस के की गई। जिस वक्त एजेंट्स ने छापा मारा, उस वक्त खुद ट्रंप वहां नहीं थे। माना जा रहा है कि ऐसा इसलिए किया गया कि ट्रंप छापेमारी को प्रभावित कर सकते थे और इसको राजनीतिक मुद्दा बना सकते थे। अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में छापे के बारे में बहुत कम जानकारी दी। हालांकि, छापेमारी के बाद एफबीआई पर हो रहे हमलों की निंदा की। रेड डालने की वजह भी नहीं बताई। अटॉर्नी जनरल ने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सर्च वॉरंट को मंजूरी दी थी। उनका यह बयान अमेरिकी न्याय विभाग के सर्च वॉरंट के सार्वजनिक करने के फैसले के बाद आया। गुरुवार को न्याय विभाग ने एक जज से मार-ए-लीगो पर छापेमारी के सर्च वॉरंट को सार्वजनिक करने के लिए कहा, ताकि लोगों को पता चल सके कि छापेमारी क्यों की गई। पूर्व राष्ट्रपति पर की गई कार्रवाई के बाद रिपब्लिकन पार्टी के लोग एफबीआई की निंदा कर रहे हैं।



**ट्रंप पर व्हाइट हाउस से महत्वपूर्ण दस्तावेज ले जाने का आरोप**

ट्रंप पर आरोप है कि पिछले साल जब उन्होंने व्हाइट हाउस छोड़ा था, तब वो कई डॉक्यूमेंट्स अपने साथ ले गए थे। 15 बड़े बॉक्स में यह डॉक्यूमेंट्स मार-ए-लीगो ले जाए गए थे। इसके बाद से ही अमेरिकी खुफिया एजेंसियां ट्रंप और उनके करीबियों पर नजर रख रहीं थीं। हालांकि, अब तक इस आरोप की एफबीआई की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

**छापेमारी के बाद ट्रंप बोले- यह हमारे देश के लिए काला वक्त है**

रेड पर ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। जांच एजेंसियों के साथ सहयोग के बावजूद इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। यह न्याय तंत्र का हथियार के तौर पर गलत इस्तेमाल करने जैसा है। यह कट्टर लेफ्ट डेमोक्रेट्स का हमला है। वे नहीं चाहते हैं कि मैं 2024 का चुनाव लडूं।

## चीन ने की हरकत तो घुसकर बम बरसाकर आएगा 'ब्लैकजैक'

## भारत खरीदेगा दुनिया का सबसे घातक बॉम्बर



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। पिछले कुछ सालों में चीन की हर हरकत का भारत ने करारा जवाब दिया है। हालांकि, चीन के पास कुछ ऐसे हथियार हैं, जिनका तोड़ भारत के पास भी नहीं है। इनमें से एक है, चीन का एच के-6 स्ट्रैटेजिक बॉम्बर। पिछले साल चीन ने भारतीय सीमा पर इस बॉम्बर को तैनात किया था। तब इसका तोड़ भारत के पास भी नहीं था। अब खबर है कि भारत, रूस से दुनिया के सबसे घातक स्ट्रैटेजिक बॉम्बर टीयू-160 को खरीदने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि रूस से कम से कम छह टीयू-160 बॉम्बर एयरक्राफ्ट खरीदने के लिए वार्ता अंतिम चरणों में है। हालांकि, इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

**दुनिया का सबसे खतरनाक बमवर्षक एयरक्रॉफ्ट**

टीयू-160 को व्हाइट स्वान भी कहा जाता है। नाटो ने इस बॉम्बर एयरक्रॉफ्ट को 'ब्लैकजैक' नाम दिया है। यह दुनिया का सबसे दुनिया का सबसे तेज, सबसे बड़ा और सबसे भारी बमवर्षक है।

**सिर्फ तीन देशों के पास है बॉम्बर एयरक्रॉफ्ट**

दुनिया में अभी तक सिर्फ तीन देशों- अमेरिका, रूस और चीन के पास ही स्ट्रैटेजिक बॉम्बर एयरक्रॉफ्ट हैं। अगर भारत इसे खरीदता है तो वह दुनिया को चौथा देश हो जाएगा।

**कहीं भी और कभी भी कर सकते हैं हमला**

स्ट्रैटेजिक बॉम्बर आवाज की दोगुनी रफ्तार से उड़ते हैं। यानी ये पलक झपकते ही दुश्मन देश की सीमा के अंदर घुसकर बम गिराकर आ सकते हैं। इनकी खासियत कहीं भी और कभी भी हमला करने की होती है।

**रडार भी नहीं कर पाता ट्रैक**

टीयू-160 एयरक्राफ्ट करीब 52 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम है। इसलिए, रडार भी इस विमान को नहीं पकड़ सकता है। ये विमान करीब 40 हजार किलो वजनी बम भी ले जा सकते हैं। उनकी ऊंचाई 43 फीट, लंबाई 177.6 फीट और रेंज 12300 से 14500 किमी तक है।

## पाकिस्तान में मंदिर से 8 मूर्तियां और गदा चोरी, कबाड़ में बेचा, 4 गिरफ्तार



कराची, 12 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तानी के कराची में हिंदू मंदिर से आठ मूर्तियों और भगवान हनुमान की गदा समेत कई कीमती सामान चोरी हो गये. पुलिस ने के आरोप में गुरूवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया है. 'डॉन' अखबार की एक रिपोर्ट के मुताबिक कराची के ल्यारी इलाके में स्थित एक मंदिर से पहले तो चोरों ने कीमती सामान चोरी किया गया और फिर उस चोरी किये हुए सामान को बाद में कबाड़ के खरीदारों को बेच दिया गया. 'डॉन' ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आसिफ अहमद भुगियो के हवाले से कहा कि संदिग्ध स्थानीय अपराधी थे, जिन्होंने पिछले महीने मंदिर से मूर्तियों, हनुमान की गदा जैसे कीमती सामान चुराए थे और बाद में उन्हें कबाड़ के खरीदारों को बेच दिया था. पुलिस ने बताया कि करीब आठ मूर्तियां, भगवान हनुमान की गदा और पूजा की अन्य वस्तुएं चोरी हो गयी हैं. पुलिस ने चोरी के सामान के दो खरीदारों सैफुद्दीन और जकारिया अनवर को भी गिरफ्तार किया था और उनकी हिरासत से सामान बरामद किया था. गौरतलब है कि विभिन्न अवसरों पर यहां अल्पसंख्यक समुदायों के मंदिरों और अन्य धार्मिक संस्थानों पर हमले हुए हैं. पिछले साल अगस्त में मुस्लिम भीड़ के एक समूह ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक हिंदू मंदिर पर हमला किया उसके कुछ हिस्सों को जला दिया था और मूर्तियों को भी नुकसान पहुंचाया था.

### अरब सागर में पलटा भारत का पोत जमना सागर

कराची, 12 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तानी नौसेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने अरब सागर में एक पोत के पलट जाने के बाद उसके चालक दल के नौ भारतीय सदस्यों को डूबने से बचाया. पाकिस्तान नौसेना के जनसंपर्क महानिदेशक ने एक बयान में कहा कि यह घटना नौ अगस्त को बलूचिस्तान प्रांत के तटीय शहर ग्वादर के पास उस समय हुई, जब भारतीय पोत 'जमना सागर' डूब गया. उसमें चालक दल के 10 सदस्य थे. बयान के अनुसार, नौसेना को पोत के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद पाकिस्तान समुद्री सूचना केंद्र ने निकट मौजूद वाणिज्य पोत 'एमटी क्रुइबेके' से भारतीय पोत के चालक दल को आवश्यक सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया. बयान में कहा गया वाणिज्य पोत ने अंततः चालक दल के नौ सदस्यों को बचा लिया. इसमें कहा गया कि पाकिस्तान नौसेना पोत को बाद में चालक दल के एक लापता सदस्य का शव मिला, जिसे पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी को सौंप दिया गया.

## श्री अमरनाथ यात्रा संपन्न, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की समापन पूजा



श्रीनगर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा शुक्रवार को संपन्न हो गई। शुक्रवार सुबह करीब ढाई बजे महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में छड़ी मुबारक पवित्र गुफा पहुंची। सुबह सूर्य उदय के साथ श्रावण पूर्णिमा के मुहूर्त में पवित्र गुफा में दर्शन किए गए। इसके बाद पूजा अर्चना की गई। वहीं, सुबह राजभवन श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा की समापन पूजा की। उन्होंने लोगों के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीएपीएफ, वायु सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्वयंसेवकों, डॉक्टरों, स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों, राजनीतिक और धार्मिक नेताओं, संत समाज, श्राइन बोर्ड के अधिकारियों, यूटी प्रशासन, लंगर आयोजकों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रयासों की सराहना की। उपराज्यपाल ने कहा, 'मैं तीर्थयात्रियों के लिए इस कठिन यात्रा को सरल बनाने के लिए सभी हितधारकों और नागरिकों के निस्वार्थ योगदान की सराहना करता हूं।' मुख्य सचिव डॉ. अरुण कुमार मेहता, अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और उपराज्यपाल के प्रधान सचिव नितीशवर कुमार, श्राइन बोर्ड के सदस्य डीसी रैना और संभागीय आयुक्त कश्मीर पांडुरंग के पोल ने भी राजभवन में समापन पूजा में भाग लिया।

**इस बार 3 लाख 35 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन**

प्रशासन का दावा है कि इस साल 3 लाख 35 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। श्राइन बोर्ड के पोर्टल से मिले आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले 2019 में 3,42,883 भक्तों ने पवित्र हिमलिंग के दर्शन किए थे। वहीं, 2018 में 2,85,006, 2017 में 2,60,003, 2016 में 2,20,490 तीर्थयात्रियों ने बाबा बर्फानी के दरबार में माथा टेका था।

### 8वीं की छात्रा से छेड़छाड़-ब्लैकमेल

**इंस्टाग्राम फ्रेंड ने प्रेम जाल में फंसा की अश्लील हरकत, ब्लैकमेल कर बनाया शादी का दबाव**

भोपाल, 12 अगस्त (एजेंसियां)। तलैया इलाके में 8वीं की छात्रा के साथ छेड़छाड़, ब्लैकमेल का मामला सामने आया है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि चार माह पहले इंस्टाग्राम के जरिए जहांगीराबाद में रहने वाले युवक से उसकी दोस्ती हुई थी। युवक उससे मिलने स्कूल आने-जाने लगा। इस बीच उसने उसकी मोबाइल में फोटो खींच लिया। बाद में फोटो वायरल करने की धमकी देकर शादी का दबाव बनाने लगा। आरोपी ने इस बीच उसके साथ छेड़छाड़ भी की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, बुधवारा निवासी 13 साल की किशोरी निजी स्कूल में 8वीं की छात्रा है। उसने पुलिस को बताया कि जहांगीराबाद निवासी जुबेर से उसकी इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती हुई थी।

## बीमारी से आया तंग! इच्छामृत्यु के लिए जाना चाहता है यूरोप

### महिला दोस्त ने दिल्ली एचसी से रोकने की लगाई गुहार

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। बेंगलुरु की 49 साल की एक महिला ने अदालत से अपील की है कि नोएडा में रहने वाले उसके 48 वर्षीय दोस्त को यूरोप की यात्रा पर जाने से रोका जाए। महिला का दावा है कि उसका दोस्त लंबे समय से बीमार है और वह इच्छामृत्यु के लिए यूरोप जाना चाहता है, जिसकी भारत में इजाजत नहीं है। अदालत में दायर याचिका के अनुसार वह व्यक्ति 2014 से क्रोनिक फेटिग सिंड्रोम से पीड़ित है और डॉक्टर की सहायता से आत्महत्या के लिए स्विट्जरलैंड जाने की योजना बना रहा है। याचिकाकर्ता महिला खुद को मरीज का करीबी दोस्त बताती है। उसका कहना है कि अगर उसके दोस्त को यूरोप जाने से नहीं रोका गया तो मुश्किलें बढ़ जाएंगी। व्यक्ति के माता-पिता, परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों को भारी क्षति और कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। याचिका में बताया गया है कि नोएडा निवासी इस शख्स का एम्स में (फेकल माइक्रोबायोटा ट्रांसप्लांटेशन) इलाज चल रहा था। लेकिन कोरोना वायरस के कारण डोनर न मिलने के चलते इसे रोकना पड़ा। इस व्यक्ति में बीमारी के लक्षण 2014 में दिखने शुरू हुए, जो कि बीते 8 साल में और भी गंभीर हो गए। फिलहाल हालत यह है कि शख्स बेड पर ही पड़ा रहता है और बहुत कम चल-फिर पाता है। याचिकाकर्ता का कहना है कि बीमारी से ग्रसित व्यक्ति अपने पेरेंट्स का इकलौता लड़का है, जिनकी उम्र 70 साल की पार कर गई है। उसकी एक बहन भी है। रिपोर्ट के मुताबिक, याचिका दाखिल करने वाली महिला लगातार उसके पेरेंट्स के संपर्क में रहती है और उसकी हालचाल लेती रहती है। महिला के पास वह मैसेज भी है जिसमें पीड़ित व्यक्ति ने लिखा है, 'बहुत हो गया, अब इच्छामृत्यु के ऑप्शन पर विचार कर रहा हूं।'




## सुल्ली डील्स ऐप के मास्टरमाइंड की याचिका पर एससी ने तीन राज्यों की पुलिस को दिया नोटिस




नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। सुल्ली डील्स ऐप के मास्टरमाइंड ओंकारेश्वर ठाकुर की सारी एफआईआर क्लब कर एक जगह जांच की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस, यूपी और मुंबई पुलिस को नोटिस जारी किया. इस नोटिस पर तीन हफ्ते में जवाब देने के लिए कहा गया है. हालांकि, फिलहाल जांच पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया. जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एम एम सुंदरेश की बेंच ने सुनवाई करते हुए कई बड़े सवाल उठाए. सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ये अलग-अलग अपराध हैं. एक है सुल्ली डील और दूसरी है बुली बाई. क्या अलग-अलग अपराधों को एक साथ जोड़ा जा सकता है? आपने विभिन्न लोगों की तस्वीरें अपलोड की हैं और प्रत्येक पक्ष अलग से पीड़ित है. सभी एफआईआर अलग-अलग हैं, क्योंकि कई अपलोड किए गए हैं. आप कह रहे हैं कि प्रत्येक वेबसाइट के संबंध में अलग-अलग कार्यवाही हो रही है. क्या आप कह सकते हैं कि जो कुछ भी अपलोड किया गया है वह एक ही स्थान तक सीमित है?

सुनवाई के दौरान ओंकारेश्वर ठाकुर की ओर से वकील ने कहा, किसी एफआईआर में मेरा नाम नहीं है. मुझे तकनीकी सहायता कहा जाता है. दो वेबसाइट हैं, दो कार्यवाही हैं. एफआईआर की कार्यवाही 1 वेबसाइट के बारे में है, दूसरी एफआईआर पहली वेबसाइट के बारे में है और तीसरी और चौथी एफआईआर में दूसरी वेबसाइट का उल्लेख है. एक एफआईआर में दूसरे का जिक्र होता है. नोएडा की एफआईआर में दिल्ली की एफआईआर का जिक्र किया गया है. यहां पर दो वेबसाइट चल रही थीं. सारी एफआईआर एक जगह क्लब की जाएं. बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सुल्ली डील्स ऐप के मास्टरमाइंड ओंकारेश्वर ठाकुर की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उनके खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर को क्लब करने और उनके खिलाफ एक ही जांच कराने की मांग की गई थी. ऐप में मुस्लिम महिलाओं की ऑनलाइन नीलामी का दावा किया गया था. चार जुलाई, 2021 को ट्विटर पर सुल्ली डील्स के नाम से कई स्क्रीनशॉट साझा किए गए थे. इस ऐप में एक टैग लाइन लगी थी, 'सुल्ली डील ऑफ द डे' और इसे मुस्लिम महिलाओं की फोटो के साथ शेयर किया जा रहा था. खास बात यह निकलकर आई कि इसे एक अज्ञात समूह द्वारा बनाया गया था. इस मामले में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन कई महीनों तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी. सुल्ली डील्स ऐप के जरिए मुस्लिम महिलाओं के ट्विटर हैंडल से जानकारियां और पर्सनल फोटो चोरी कर डाली गईं थीं, फिर इन्हें सार्वजनिक तौर पर नीलाम किया गया. जाहिर तौर पर इस ऐप का मकसद मुस्लिम महिलाओं का मानसिक और शारीरिक शोषण था.

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | कर्क में | कर्क... | 04-06 बजे |
| चंद्र- | कुंभ में | सिंह... | 06-18 बजे |
| मंगल | वृष में | कन्या | 08-26 बजे |
| बुध- | सिंह में | तुला - | 10-30 बजे |
| गुरु- | मीन में | वृश्चिक | 12-40 बजे |
| शुक्र- | कर्क में | धनु--- | 14-54 बजे |
| शनि- | मकर में | मकर- | 17-00 बजे |
| राहु- | मेष में | कुंभ - | 18-51 बजे |
| केतु- | तुला में | मीन... | 20-30 बजे |
| | | मेष-- | 22-05 बजे |
| | | वृष-- | 23-50 बजे |
| | | मिथुन.. | 01-50 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् -**1944**, कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् -**5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -**1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् -**2548**,हिजरी सन् -**1443**
ऋतु-वर्षा,दिशाशूल- पूर्व-अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा - **00-53** तक उपरान्त, द्वितीया
मास - भाद्रपद कृष्ण पक्ष , शनिवार, **13 August**
नक्षत्र - शतभिषा -**23 -28** - राततक उपरान्त, पूर्वभाद्रपद
योग - शोभन - **07- 48** - तक उप- अतिगण्ड
करण- तैतिल - **14 -16** - तक,उप- गर
विशेषः-
व्रत -त्योहार - फल द्वितीया

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल**
**09:10** से **10:46** तक

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल. | 05:59 - 07:35 | अशुभ | लाभ. | 18:42 - 20:07 | शुभ |
| शुभ. | 07:35 - 09:10 | शुभ | उत्पात | 20:07 - 21:32 | अशुभ |
| रोग | 09:10 - 10:46 | अशुभ | शुभ | 21:32 - 22:56 | शुभ |
| उत्पात | 10:46 - 12:21 | अशुभ | अमृत | 22:56 - 00:21 | शुभ |
| चंचल | 12:21 - 13:56 | शुभ | चंचल | 00:21 - 01:46 | शुभ |
| लाभ | 13:56 - 15:31 | शुभ | रोग | 01:46 - 03:10 | अशुभ |
| अमृत | 15:31 - 17:07 | शुभ | काल | 03:10 - 04:35 | अशुभ |
| काल | 17:07 - 18:39 | अशुभ | लाभ | 04:35 - 06:01 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — जिस असंतुष्टि के दौर से गुजर रहे हैं,अंतत अब उससे बाहर आ पायेंगे।आपको खुद ही पता चल जाएगा कि आपने जीवन में अपना उत्कृष्ट प्राप्त कर लिया है और अब अपने सपने पूरे करने के लिए भी कोशिश कर सकते हैं।आप यह भी समझ पायेंगे कि अपने काम और अपनी सेहत दोनों को बेहतर बनाने के लिए कुछ बदलाव करने जरूरी हैं।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आज आप महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने सम्बन्धियों से बात कर सकते हैं। प्यार से बातचीत करें और नम्र बने रहें। अगर आप अभी स्थिति को नही संभाल पा रहें हैं तो अभी इसे छोड़ दें। अगर मूड हल्का करना चाहते हैं तो शाम को किसी समारोह में भाग लें। आध्यात्मिकता और विश्वास पर फोकस करने से आपको सहायता मिलेगी।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज आप बदली हुई भूमिका में हैं ,आप बेहतर वक्ता तो हमेशा से रहे ही हैं,अब आप बेहतर श्रोता भी बन गये हैं। अब सबको यह पता चल जाएगा कि आप आत्म केन्द्रित नहीं हैं और दूसरों की भलाई के लिए भी काम करने की इच्छा रखते हैं। एक चालीस वर्षीय महिला आपकी बहुत मदद करेगी।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — योजना बनाना और प्राथमिकताएं तय करना आपकी खासियत हैं।अपना काम करें,सब सही होगा।शांति बनाये रखें और धीरज से काम लें।कोई आपसे आज मिलने आएगा।अपनी सेहत और आराम का ख़ास ध्यान रखें।जल्द ही ऐसी वित्तीय स्थिति बन रही है जो आपके लिए फायदे का सौदा साबित होगी।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आप आज उल्लास और कुछ कर गुजरने के मूड में हैं। आपके सामने आज भुत से अवसर आयेंगे और आप उनका पूरा लाभ उठाने के लिए बहुत उत्साह में हैं।आज अगर आप अपने दिल की सुनेंगे तो वित्तीय निजी जीवन तथा संबंधों में भी बहुत सफलता मिलेगी।आज दिन घटनाओं भरा रहेगा और आप इसका हरपल आनंद उठाएंगे।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — भाग्य आपकी वित्तीय स्थिति पर मुस्कुरा रहा है और अधिक कमाई के कारण आप के खर्चे भी बढ गए हैं।अब समय आ गया है की आप अपने खर्च पर नियंत्रण रखें।अब फिजूलखर्ची से बचना होगा। आपके परिजन या किसी करीबी के साथ ऐसा कुछ होगा कि आपके भीतर भी उससे अशांति आएगी।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — आज आप किसी असम्भाव्य साझेदारी की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। इससे आपको रोमांस,रोमांच और साहसी होने की अनुभूति तो होगी परन्तु यह देखना होगा कि यह साझेदारी कितनी सफल होगी।किसी अप्रत्याशित श्रोत से समर्थन सहायता प्राप्त हो सकती है। हालाँकि यह अवसर बहुत कम समय तक ही मिलेगा।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — आज आप अनुभव करेंगे कि आप सामान्य से कुछ अधिक बोल रहे हैं।आप पिछले कुछ समय से चालाकी भरा व्यवहार कर रहे हैं लेकिन आज आप इससे खुद ही परेशानी अनुभव करेंगे।आज आप वह सच्चाई नही उगलना चाहते जो शायद कईयों को अच्छी नही लगेगी। आज के लिए किसी एकान्त कार्यकलाप की योजना बनाएं।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आप उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं और आज आपको इसके लिए कई अच्छी संस्थाओं से प्रस्ताव भी मिलेंगे। छात्रवृति भी मिल सकती है। कोई आपका फायदा उठाने की ताक में है, प्रारम्भिक व्यवस्था करते हुए और सूचनाएं एकत्र करने में सावधान रहें।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आप एक साधारण आदमी हैं और इसीलिए आप संबंधों में कोई चालाकी नही करते। इससे आपको कई बार नुक्सान भी उठाना पड़ता है लेकिन यह सब अधिक समय तक नही चलेगाआखिर में चालाकी के स्थान पर आपकी सरलता की ही जीत होगी।अपनी संवेदनाओं को नियंत्रण में रखें।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — आज अपमनी दार्शनिकताओं तथा विचारों को किसी के साथ बाँट लेने का मौका देखें आपकी मुलाकात एक बेहतरीन व्यक्ति से हो सकती है।इससे एक ख़ूबसूरत दोस्ती या अच्छी साझेदारी भी जन्म ले सकती है।थोड़े से ध्यान से देखने से,आप अपने आसपास से बहुत सारी चीजें सीख पायेंगेऔर यह ज्ञान आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — दिन की शुरुआत अच्छी खबर से होगी। आप काफी समय से जिस योजना पर काम कर रहे थे ,वह आज फलीभूत होगी। सहकर्मियों के साथ कहीं बाहर जा सकते हैं। आपको अच्छा लगेगा। आज वित्त सम्बन्धी कोई फैसला लेंगे जो भविष्य में लाभकारी साबित होगा। आज किसी तीर्थ की यात्रा भी कर सकते हैं।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

## भाजपा की टीएमसी नेताओं को सलाह

### असुविधा हुई तो ममता बनर्जी आपको भी छोड़ देंगी



कोलकाता, 12 अगस्त (एजेंसियां)। पार्थ चटर्जी और अनुब्रत मंडल के खिलाफ कार्रवाई के बाद भारतीय जनता पार्टी ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को सलाह दी है। भाजपा नेता अमित मालवीय का टीएमसी नेताओं से कहना है कि असुविधा होने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें भी छोड़ देंगी। शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में चटर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय ने शिकंजा कसा है। वहीं, मंडल की गिरफ्तारी पशु तस्करी के मामले में हुई है। भाजपा ने आरोप लगाए हैं कि सीएम बनर्जी ने चटर्जी और मंडल के फोन ऐसे समय पर उठाने बंद किए हैं, जब उन्हें उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। पार्टी का कहना है कि ऐसा बनर्जी ने इसलिए किया, क्योंकि वे उनके लिए असुविधा खड़ी कर रहे थे। कुछ समय पहले खबरें आई थीं कि सरकार में पूर्व शिक्षा मंत्री रहे चटर्जी ने सीएम से बात करने की कोशिश की थी, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। मालवीय ने ट्वीट किया, 'ममता बनर्जी ने पार्थ और अनुब्रत के कॉल लेने बंद कर दिए हैं, जब उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत थई। उन्होंने (ममता बनर्जी) को जब असुविधा हुई, तो उन्हें छोड़ दिया। अन्य उन मंत्रियों, टीएमसी कार्यकर्ताओं और नौकरशाहों के संदेश, जिन्होंने उनके लिए लूट, हत्या और बलात्कार में सहयोग किया है- आप को भी छोड़ दिया जाएगा।' खबर है कि केंद्रीय एजेंसी की तरफ से मंडल को 10 बार तलब किया गया था, लेकिन वह स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का हवाला देते हुए पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। गुरुवार को उन्हें बीरभूम स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया। खबर है कि टीएमसी नेता को विशेष अदालत में पेश किया गया था, जहां से उन्हें 10 दिनों की हिरासत में भेजा गया है।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 13 अगस्त, 2022

# आज़ादी माँगो मत आज़ाद बनो



रघु ठाकुर

आज़ादी के 75 वर्ष 15 अगस्त को पूरे हो जायेंगे। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी देश 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री जी लाल किले पर परंपरा के अनुसार झण्डा फहरायेंगे और देश को संबोधित करेंगे। इस मौके पर मीडिया भी स्वतंत्रता का पर्व विज्ञापनों के साथ मनाएंगा। स्कूलों के छोटे-छोटे बच्चों के हाथों में झंडे रहेंगे। वह कई-कई घंटों लाइनों में लगकर पर्व को मनायेंगे। ये बेचारे बच्चे तपती धूप व उमस में, पराधीनता सहते हुए स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे। दरअसल वर्ष प्रतिवर्ष इसी प्रकार निकल जाता है, परन्तु पर्व मनाने वालों की भाषा और राष्ट्र के सामने के प्रश्न लगभग यथावत रहते है। वैसे डॉ. लोहिया तो कहते थे कि भारत की स्वाधीनता का असली दिन 15 अगस्त नहीं बल्कि 9 अगस्त है, जिस दिन से महात्मा गाँधी के बंबई में कांग्रेस की कार्य समिति की बैठक के प्रस्ताव अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारे पर देश ने अपने आप को आजाद मानना शुरू किया था और देश आँदोलन में कूदा था। लोहिया यह भी कहते थे कि 15 अगस्त तो सत्ता हस्तांतरण का दिन है, आजादी की भावना एवं चेतना के बीज तो 9 अगस्त 1942 को ही डाले गए थे और इसी दिन से देश ने अपने आपको आजाद घोषित कर दिया था। इन 75 वर्षों में हम निसंदेह कुछ आगे बढ़े हैं। इस्पात, बिजली, दूरसंचार आदि के क्षेत्रों में हमने कुछ वृद्धि की है। परन्तु आजादी का असली मकसद तो अभी भी अधूरा है। आजादी के तत्काल बाद बी.बी.सी. के पत्रकार को साक्षात्कार देते हुए बापू ने कहा था कि दुनिया को बता दो कि गाँधी को अंग्रेजी नहीं आती। यह हिन्दुस्तान की सरकार व देश के लिए एक गंभीर व गहरा संदेश था कि अब देश में अंग्रेजी का साम्राज्यवाद भाषा के क्षेत्र में भी समाप्त होना चाहिए। हिन्दी व भारतीय भाषाओं को स्थापित किया जाना चाहिए। परन्तु देश में उसके विपरीत हुआ कि, आज तक देश में हिन्दी राष्ट्रभाषा नहीं बन सकी व क्षेत्रीय भाषाएं प्रतिस्पर्धात्मक व समृद्ध नहीं हो सकी। अंग्रेजी रानी की सल्तनत आज भी कायम है और दिन प्रति दिन इसकी ताकत बढ़ रही है। पहले तो यह शिक्षा व नौकरी तक ही सीमित थी, पर अब तो यह बच्चों के बचपन से ही उनके जीवन का अंग बन रही है। राष्ट्रपिता ने अपने एक लेख में मेरे सपनों का भारत शीर्षक से उन मुद्दों को रेखांकित किया था जिन्हें आज़ाद भारत में क्रियान्वित किया जाना चाहिये था। बापू ने कहा था कि जब तक गाँव का शोषण बंद नहीं होता तब तक आजादी अधूरी है, वे कहते थे कि शहरों ने गाँव का जो खून पी लिया है, उसे वापिस करना आजादी की कसौटी है, परन्तु इन 75 वर्षों में गाँव का पिया खून वापिस करना तो दूर उसे और अधिक लूट लिया गया। आज वस्तुतः गाँव आर्थिक संस्थागत और सभ्यतागत शहरी साम्राज्यवाद और राजधानियों के दास जैसे बन गये है। देश में इंसान के हाथ का स्थान तकनीक व मशीन ने ले लिया है, जिसके परिणामस्वरूप करोड़ों लोग बेरोजगारी के समुद्र में डूब रहे हैं। हालात इतने बदतर हो गये हैं कि बंगाल में मर्चुरी में एक पद के लिए यानि मुर्दा उठाने वाले काम के लिए एक-एक स्थान पर सैकड़ों, हज़ारों लोग आवेदन करते हैं, और आवेदनकर्ताओं में इंजीनियर, डॉक्टर, स्नातकोत्तर वकील भी आवेदन कर रहे हैं। यह स्थिति अकेले बंगाल की नहीं बल्कि लगभग समूचे देश की है। जिसके बहुतेरे उदाहरण दिये जा सकते हैं। पिछले वर्षों में 25000 बेरोजगारों ने आत्म हत्यायें की हैं। कोरोना की महामारी ने हिन्दुस्तान की चिकित्सा व्यवस्था की पोल खोल दी, गत वर्ष जब कोरोना की दूसरी लहर आई तो हज़ारों लोग अस्पतालों में बिस्तर व अन्य स्वास्थ सेवाओं के अभाव में भगवान/अल्लाह को प्यारे हो गए। यहाँ तक कि केन्द्रीय मंत्री व पूर्व सेनापति श्री बी.पी. सिंह को अपने भाई के लिए अस्पताल में एक बिस्तर पाने के लिए गाज़ियाबाद के कलेक्टर से सार्वजनिक प्रार्थना करने से संबंधित समाचार मीडिया व सोशल मीडिया पर आये। सरकारी पार्टी बी.जे.पी. के पितृ पुरूष स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे के परिवार जन इंदौर में व अनेकों मंत्री विभिन्न प्रदेशों में एक बिस्तर नहीं पा सके। बड़े-बड़े पैसे वाले लाखों रूपये के नोट लेकर अस्पताल के चक्कर काटते रहे और चल बसे। गाँव व गरीबों का तो कहना ही क्या है। उन्हें जब कोरोना की मौत आई तो उन्होंने उसे बुखार की मौत माना। इस कोरोना के काल में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार देश में एक करोड़ से अधिक लोग मौत के शिकार हुए हैं। निजी अस्पताल तो लगभग लूट के अड्डे बन गये। जहाँ मरीज के परिवारों ने लाखों रूपया इलाज के दिये और अंत में लाश बाहर आई। हिन्दुस्तान की सरकार ने जो पैकेज दिया है, उसमें गरीबों के लिए केवल 5 किलो अनाज या आटे देने का झुनझुना है, और अमीरों के लिए करोड़ों अरबों रूपया है। जहाँ एक तरफ डीज़ल व पेट्रोल पर सरकार के टैक्स की दर 70 प्रतिशत के बराबर है, वहीं कारपोरेट के टैक्स की दर को 35 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया गया है। याने सरकार गरीब पर टैक्स लगाकर चलाई जाएंगी और अमीरी को अरबों खरबों की छूट दी जाएगी। आजादी के बाद देश में बराबरी का सपना देखा गया था परन्तु इस समय देश में विषमता हिमालय जैसा रूप ले चुकी है, गरीबी की खाई व अमीरी का हिमालय के बीच का अंतर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अदाणी दुनिया के चौथे नंबर के धनपति बन गये हैं। और दूसरी तरफ लगभग 40 करोड़ लोग 5 किलो अनाज पर जीने को लाचार हैं। देश की बुनियादी जरूरतों को पूरा कराने को बनाए गये सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को बेचकर समाप्त किया जा रहा है, और आम आदमी को अमीरों की तिजोरियों को भरने का जरिया बना दिया है। रेल का किराया लगभग दुगना हो गया है, बाहर की महंगाई लगभग 47 प्रतिशत बढ़ गई, गरीब की आमदनी लगभग 30 प्रतिशत कम हो गई और अमीरों की आमदनी औसतन 200-300 गुना बढ़ गई। यहाँ तक कि रेल मंत्रालय ने वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं को रेल किराये में रियायत मिलती थीं, जो दुनिया के बहुत से देशों में मिलती है। यहाँ तक कि कई देशों में वायु सेवाओं से भी मिलती है उसे समाप्त कर दिया गया है। संविधानिक संस्थाएं जिन्हें संविधान ने अलग-अलग दायित्व सौंपे थे और उनकी आजादी की कल्पना की थी वे लगभग सब सरकार की अनुयायी इकाईयों जैसी बन गई हैं। जब सुप्रीम कोर्ट सरकार के वकील से कहते हैं, कि कोरोना पीड़ितों को क्षतिपूर्ति तो देना चाहिए परन्तु उसकी राशि सरकार तय करें। तब सुप्रीम कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट जैसा नहीं लगता, स्वतः मुख्य न्यायाधीश ने सार्वजनिक रूप से कहा कि सत्ता और प्रतिपक्ष दोनों न्यायपालिका को अपने अनुरूप चाहते हैं। पर कहने के बाद क्या किया? एक जमाने के क्रांति का लवादा ओड़ने वाले मुख्य न्यायाधीश श्री रंजन गोगोई एक राज्यसभा की सदस्यता में अपनी आजादी त्याग देते हैं बल्कि सरकार का सलाहकार जैसे बन जाते है। चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर तारीखें तय करता है, और देश के करोड़ों लोग के जीवन को खतरे में डाल देता है, तब लगता है कि यह वह चुनाव आयोग नहीं है, जिसकी कल्पना भारतीय संविधान ने की थी। लेटरल टैलेंट सर्च के नाम पर देश की बड़ी नौकरशाही में कारपोरेट के चाकरों की जो घुसपैठ हुई है वह देश के सत्ताधीशों के कारपोरेट दासता का प्रमाण है, और संविधान के द्वारा बनाई लोक सेवा आयोग की चयन प्रणाली को समाप्त कर योग्यता के ऊपर लक्ष्मी जी को बिठाया जा रहा है। कोरोना काल ने भारतीय समाज की मानवता और सेवायें भी देखी हैं और साथ ही संवेदनहीनता व विखराव को भी देखा है। जब करोड़ों लोग लॉकडाऊन के कारण घरों को जाने को बाध्य हुए उस समय सरकार कहीं नहीं थी। वह समाज ही था जिन्होंने लोगों को भूख और प्यास से बचाया।

## खतरा अभी टला नहीं है

बीते कुछ समय से जैसे ही कोरोना का संक्रमण कम हुआ लोग भी बेपरवाह होते गए। आम लोगों में यह धारणा बनने लगी कि अब कोरोना जैसी महामारी के दिन लद गए। यही वजह रही कि संक्रमण से बचाव के लिए अपनाए जाने वाले मास्क व सेनटाइजर्स जैसे उपायों की लोग उपेक्षा करने लगे। यहां तक कि सार्वजनिक स्थलों पर भी मेल-मुलाकात का दौर पहले जैसे ही सामान्य हो चला है। ऐसे में लोग यह भी भूल गए हैं कि कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए जो उपाय लागू किए गए थे, उन्हीं के बूते तो इस संक्रमण पर काबू पाया गया था। यहां तक कि अब लोग बूस्टर डोज लगवाने से भी परहेज कर रहे हैं, जबकि सरकार ने अभी इसे लगवाने के लिए फ्री कर रखा है। इसके बावजूद यदि आप बचाव के तरीकों को नजरंदाज कर रहे हैं तो फिर तो आप का भगवान भी मालिक नहीं होगा। खतरे की घंटी कभी भी बज सकती है। बता दें कि कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए वैक्सीन का प्रभाव कहें या लोगों की सावधानी, उससे कुछ वक्त की राहत तो जरूर मिली लेकिन अब एक बार फिर जिस तरह से विषाणु के संक्रमण की रफ्तार पकडी है उससे आम लोगों से लेकर सरकार तक की चिंता बढ़ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों से यही पता चलता है कि लोगों की यह धारणा गलत थी कि अब संक्रमण रुक गया है और इसे लेकर बहुत ज्यादा फिक्रमंद होने की जरूरत नहीं है। शुरू से ही इस विषाणु और इसके बहुरूप ने अपने संक्रमण को लेकर कोई स्थिर रवैया नहीं अपनाया। अब राजधानी दिल्ली सहित देश के अन्य इलाकों में भी फिर संक्रमण की रफ्तार बढ़ती दिख रही है और जिससे सरकारों को नए सिरे से सोचने पर विवश होना पड़ रहा है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार को राजधानी में कोरोना के 2146 नए मामले सामने आए और यहां संक्रमण दर बढ़ कर करीब अठारह फीसद हो गई। सिर्फ अगस्त में अब तक इससे प्रभावित चालीस लोगों की मौत हो गई, जबकि जुलाई के आखिरी दस दिनों में कोरोना के चौदह संक्रमितों की जान गई थी। जाहिर है, हाल के दिनों में फिर से इस विषाणु ने आक्रामक रवैया अपनाना शुरू कर दिया है। हालांकि सरकार यह कह कर संतुष्ट हो रही है कि नए मामले अभी हल्की प्रकृति के हैं, इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है। फिर भी सावधानी के लिए सरकार ने बचाव के उपायों को लेकर नियम-कायदों को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। दिल्ली में मास्क नहीं लगाने पर अब फिर से पांच सौ रुपए का जुर्माना लगा दिया गया है। बहरहाल, स्वास्थ्य महकमों ने अभी स्कूल-कालेज बंद करने जैसे सुझाव नहीं दिए हैं, लेकिन यदि कोरोना की बढ़ने की रफ्तार यही रही तो हर स्तर पर सावधानी वक्त की जरूरत हो जाएगी। इस बार कोरोना के ओमीक्रान बहुरूप के नए उप-रूप बीए2.75 की वजह से संक्रमण की रफ्तार बढ़ी है। यानी समय-समय पर इसके स्वरूप में बदलाव आ रहा है, जिसकी वजह से इससे निपटने को लेकर अतिरिक्त सजगता की जरूरत है। आज यह नहीं कहा जा सकता है कि इस विषाणु के फैलने की कोई एक प्रकृति है और सिर्फ उसी को लेकर सावधान होना चाहिए। पहले यह जरूर कहा गया था कि कोरोना का टीका लोगों को इसके संक्रमण से सुरक्षा देगा, लेकिन इस विषाणु के फैलने की बदलती प्रकृति ने यह बताया है कि अगर टीका लेने वाले लोग भी बचाव के उचित उपायों को लेकर ढीला रुख अख्तियार करते हैं तो उनके फिर से कोरोना विषाणु की चपेट में आने की आशंका बनी रहेगी। अमूमन हर जगह इसकी प्रकृति ने दुनिया भर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों के सामने एक जटिल चुनौती पेश की है। अभी भी इसका कोई कारगर और अंतिम इलाज नहीं खोजा जा सका है, इसलिए इससे बचाव के सर्वश्रेष्ठ उपायों पर ही गंभीरता से अमल किया जाना चाहिए।

## एक पहुँचे हुए लेखक की पुस्तक



डॉ. सुरेश कुमार

मैं ठहरा एक लिक्खाड़। जो मन में आता है, लिख देता हूँ। और समझने-बूझने के लिए डाल देता हूँ सामने वाले पर। फिर सामने वाला समझे उसका काम समझे। मेरा काम है लिखना सामने वाले का काम है पढ़ना। मैं अपने आपको लेखक नहीं मानता और न सामने वाले को पाठक। मुझे पता है कि मेरे ऊल-जुलूल यानी अंडबंड, बे सिर-पैर का, वाहियात, मूर्खतापूर्ण, बेहूदा असंबद्ध लिखने पर भी वह वाह-वाह करता है। असली पाठक होता तो कब का डैश-डैश वाली टिप्पणी कर मुझसे पिंड छुड़ा लेता। वह तो सामने वाला भी मेरी तरह लिक्खाड़ है। वह भी मोटी चमड़ी का और मैं भी। दोनों को पता है कि हम एक-दूसरे की झूठी तारीफ कर रहे हैं। बावजूद इसके दोनों बड़ी गंभीरता से ऐसी मुद्रा प्रदर्शित करते कि कोई तीसरा देख ले तो हमारा कायल हो जाए। एक दिन वही हुआ जो नहीं होना था। सच्चा पाठक मिल गया। उसने हमारी एक-दो रचनाएँ पढ़ी और ऐसी टिप्पणी कर दी कि तुरंत फेसबुकिया मालिक की ओर से संदेशा आ गया कि इस बंदे को ब्लॉक कर शिकायत दर्ज करना चाहेंगे। मैं जवाब हाँ में देना चाहता था, लेकिन ऐसा करता तो हमारी बेशर्मी की क्या इज्जत रह जाती। सो तुरंत फेसबुकिया मालिक की अन्य सुविधा का इस्तेमाल करते हुए उसकी टिप्पणी (असल में न बता सकने वाली गालियाँ) डिलीट कर दी और उसे भड़काते हुए अपने इनबॉक्स में घसीट लाए। वैसे तो गली का कुत्ता हूँ, लेकिन अपने इनबॉक्स में शेर बन जाता हूँ। अपनी शेरियत दिखाने ही वाला था कि मुझे याद आया कि बंदा कहीं इस चैट का स्क्रीनशॉट लेकर फेसबुकिया प्लेटफार्म पर हमारी लूँगी न उतरवा दे। मैं मर्यादित टंकण में उससे चैट करने लगा। वह मुझे एपीजे अब्दुल कलाम का अनुयायी लगता था। उसने कहा – लेखनी वह नहीं जो आपको लिक्खाड़ बनाता है, लेखनी वो है जो आपको लिक्खाड़ बनने से बचाता है। इसके बाद उसने एक नामी-गिरामी लेखक का नाम सुझाया और उसकी लिखी किसी भी एक पुस्तक को पढ़ने का मुफ्त सुझावी टुकड़ा मेरे मुँह पर दे मारा। अब मेरा लिक्खाड़ जमीर मुझे धिक्कार रहा था। सोचा अगर मुझे किसी महान लेखक की तरह चमकना है तो उसकी तरह जलना होगा। मैं जलने का अर्थ कुछ और समझ बैठा। इसका प्रभाव यह हुआ कि मैं कई दिनों तक दूसरों की अच्छी-अच्छी रचनाओं पर टिपियाने से बचने लगा। फिर एक दिन पहुँचे हुए लेखक की एक पुस्तक का ऑनलाइन ऑर्डर कर मैं कुछ दिनों के लिए ऑफलाइन हो गया। दो-तीन दिन में वह पुस्तक आ ही गई। वैसे मैं कम सोता हूँ, पढ़ते हुए, थिएटर में मूवी देखते हुए तो कभी नहीं सोता। आज तक बस 'वेलवेट' मूवी में सोया था। अब मेरे पास ऑनलाइन से मंगाई बहुप्रतिक्षित पुस्तक है, मैं पिछले कुछ दिनों से जब भी उसके 5-6 पन्ने पढ़ता हूँ, सो जाता हूँ। कभी-कभी तो एक दिन में 2-3 बार भी सो लेता हूँ। अब घरवाले मुझे जगाकर पूछते हैं कि तबीयत तो ठीक है न! पत्नी ने कहा - जब से यह पुस्तक मंगाई है तब से आपको बढ़िया नींद आती है।

## प्रीतिलता ने जब जला डाला था यूरोपियन क्लब

पहले बंगाल में एक जगह थी चटगांव, अब बांग्लादेश में है। तब देश में अंग्रेजों का राज था और वहां एक यूरोपियन क्लब था, इसके बाहर लिखा था- 'डॉग्स एंड इंडियंस नॉट अलाउड', यानी कुत्तों और भारतीयों की एंट्री नहीं है। क्रांतिकारियों को ये बात नागवार गुजरी। मास्टर दा ने उस यूरोपियन क्लब को जला के खाक कर दिया। उससे पहले मास्टर दा और प्रीतिलता अंग्रेजों के नाक में दम करके असम-बंगाल ट्रेजरी ऑफिस को लूट चुके थे। इसे आर्मरी रेड कहा जाता है। हम बता रहे हैं मास्टर दा और प्रीतिलता के शौर्य और शहादत की कहानी । इस ऐतिहासिक क्लब के बाहर प्रीतिलता वड्डेदार की एक मूर्ति लगी है। मूर्ति के साथ ही उनके अंग्रेजों से भिड़ने वाले किस्से को भी पत्थर पर उकेरा गया है। यह मूर्ति ब्रॉन्ज से बनी है और अक्टूबर 2012 में इसे इंस्टॉल किया गया था। ये वही 21 साल की लड़की है, जिसने 23 सितंबर 1932 की रात अपने साथियों के साथ मिलकर चटगांव के इस क्लब पर हमला बोला और इसे आग के हवाले कर दिया। जब उसे लगा कि वे अंग्रेजों की गिरफ्त में आ जाएगी, तो उन्होंने साइनाइड निगलकर जान दे दी।


ये ऐतिहासिक यूरोपियन क्लब अब रेलवे के डिवीजनल ऑफिसर का दफ्तर है। आजकल नई पीढ़ी के लोग इस क्लब को देखने आते हैं। यहां फोटो-वीडियो खिंचवाते हैं और अपने बच्चों को प्रीतिलता की बहादुरी के किस्से सुनाते हैं। हालांकि, क्लब के नजदीक ही दुकान लगाने वाले जहांगीर आलम को प्रीतिलता के बारे में कुछ खास नहीं पता। बता दें कि पेशे से शिक्षक रहे सूर्य सेन को ज्यादातर लोग मास्टर दा कहकर पुकारते थे। 1930 की चटगांव आर्मरी रेड के नायक मास्टर सूर्य सेन ने अंग्रेज सरकार को सीधी चुनौती दी थी। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर 1930 में इंडियन रिपब्लिकन आर्मी गठित की थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद मास्टर दा 1918 में चटगांव के नंदन कानन इलाके के एक स्कूल में गणित पढ़ा रहे थे। यहीं उन्हें मास्टर दा नाम मिला। क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल रहने के लिए उन्होंने ये नौकरी भी छोड़ दी। मास्टर दा जब ग्रेजुएशन कर रहे थे, तभी से इलाके के सबसे बड़े क्रांतिकारी संगठन युगांतर समूह के मेंबर बन गए थे। स्कूल में पढ़ाने के दौरान ही उन्होंने इलाके के युवाओं को संगठित किया। इन लोगों ने अंग्रेजों से गोरिल्ला युद्ध लड़ना तय किया और 23 दिसंबर 1923 को असम-बंगाल ट्रेजरी ऑफिस को लूटकर अंग्रेजों को खुली चुनौती दी। इसके बाद अंग्रेजों ने सूर्य सेन की तलाश शुरू कर दी, लेकिन वे चकमा देते रहे। 18 अप्रैल 1930 को सूर्य सेन के नेतृत्व में दर्जनों क्रांतिकारियों ने चटगांव के शस्त्रागार को लूटकर अंग्रेज शासन के खात्मे की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर चटगांव को अंग्रेजी हुकूमत के शासन के दायरे से बाहर कर लिया और भारतीय झंडा फहरा दिया था। उन्होंने न सिर्फ इलाके में ब्रिटिश हुकूमत की संचार सुविधा ठप कर दी, बल्कि रेलवे, डाक और टेलीग्राफ जैसे संचार के साधनों पर भी कब्जा कर लिया। हालांकि, उन्हें बंदूकें तो मिलीं, लेकिन गोलियां नहीं मिल सकीं।1930 से 1932 के बीच 22 अंग्रेज अधिकारी और उनके लगभग 220 सहायकों की हत्याएं की गईं, इस सभी के लिए आईआरए को जिम्मेदार माना जाता है। प्रीतिलता बड़ी मुश्किल से क्रांतिकारी सूर्य सेन की इंडियन रिपब्लिक आर्मी में शामिल हुईं थीं। सूर्य सेन अंडर ग्राउंड रहते थे, इसलिए किसी का भी उनसे मिलना मुश्किल होता था। काफी कोशिशों के बाद प्रीतिलता 13 जून 1932 को सूर्य सेन और निर्मल सेन से उनके ढालघाट कैंप में मिली थीं। 90 साल के प्राइवेट ट्यूटर बिनोद बिहारी चौधरी ने बताया कि सूर्य सेन लिंगभेद में यकीन नहीं करते थे। इसलिए उन्होंने प्रीतिलता को अपने ग्रुप में एंट्री दे दी थी। वे पंजाबी पुरुष की वेशभूषा में तैयार होकर गईं थी।

मास्टर दा यूरोपियन क्लब पर तीन से चार बार हमले की कोशिश कर चुके थे, लेकिन हर बार नाकाम हुए। इसके बाद प्रीतिलता ने मास्टर दा से कहा कि 'हमले का नेतृत्व मुझे करने दीजिए।' कई दिनों सोचने के बाद प्रीतिलता को मिशन की कमान सौंप दी गई।

वे ग्रुप के लिए काफी अहम थीं, क्योंकि लड़की होने के चलते प्रीतिलता पर अंग्रेज ज्यादा शक नहीं करते थे। हथियार लाने और ले जाने की जिम्मेदारी भी प्रीतिलता ने अपने कंधों पर ले रखी थी। इस जंग में दो लड़कियों-प्रीतिलता वड्डेदार और कल्पना दत्त ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

24 सितंबर 1932 का दिन यूरोपियन क्लब पर हमले के लिए मुकर्रर हुआ। इसके लिए 15 क्रांतिकारियों की टीम तैयार की गई, जिसका नेतृत्व प्रीतिलता के कंधों पर था। हमले के पहले सूर्य सेन ने सभी क्रांतिकारियों को पोटेशियम साइनाइड दिया और कहा कि 'अगर पकड़े जाओ तो यह निगलकर जान दे देना, लेकिन अंग्रेजों की गिरफ्त में मत आना।' हमले वाले दिन प्रीतिलता ने एक पंजाबी पुरुष का गेटअप बनाया। उनके सहयोगी कालीशंकर डे, बिरेश्वर रॉय, प्रफुल्ल दास, शांति चक्रवर्ती ने धोती-शर्ट पहनी, जबकि महेंद्र चौधरी, सुशील डे और पन्ना सेन ने लुंगी-टीशर्ट पहनी थी। सभी 15 क्रांतिकारी रात 11.45 बजे यूरोपियन क्लब पहुंच चुके थे। उस वक्त क्लब में 40 अंग्रेज थे, जो नाच-गाने में मशगूल थे। क्रांतिकारियों ने खुद को अलग-अलग तीन समूहों में बांट लिया और गोलियां चलाने के पहले क्लब को आग के हवाले कर दिया। प्रीतिलता ने क्लब की खिड़की में बाहर से बम लगाया था। इस हमले में 15 अंग्रेज घायल हो गए, एक की मौत हुई थी। हमला होते ही ब्रिटिश सेना के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। इसमें प्रीतिलता को एक गोली लगी। जब तक अंग्रेज उन्हें पकड़ते वो साइनाइड निगल चुकी थीं। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में एक महिला की मौत हुई थी। 4 पुरुष और 7 महिलाएं घायल हो गई थीं। प्रीतिलता के शव से अगले दिन उनकी पहचान उजागर हुई। उनके पास कुछ कागज भी मिले थे, जिसमें हमले का प्लान और साथियों के नाम थे। उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि गोली लगने से उन्हें कोई खास चोट नहीं आई थी, लेकिन साइनाइड निगलने से उनकी मौत हुई। प्रीतिलता की कोई संतान नहीं है। एडवोकेट राणा दासगुप्ता प्रीतिलता के भतीजे हैं। वे बांग्लादेश में प्रीतिलता के परिवार की आखिरी जनरेशन हैं। वे बताते हैं- वड्डेदार एक उपाधि थी, जो प्रीतिलता को अपने पूर्वजों से मिली। ओरिजिनली उनका सरनेम दासगुप्ता था। उनके पिता जगबंधु चटगांव म्यूनिसपैलिटी में क्लर्क थे और मां होममेकर थीं। वे 6 भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थीं। घर में सब प्यार से उन्हें रानी कहते थे।

## नीतीश जैसा कोई और नहीं ?



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

आज की भारतीय राजनीति का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व यदि कोई कर सकता है तो वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही हैं। आज की राजनीति क्या है? वह क्या किसी विचारधारा या सिद्धांत या नीति पर चल रही है? डॉ. राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण के बाद भारत में चल रही राजनीति में सिर्फ सत्ता और पत्ता का खेल ही सबसे बड़ा निर्णायक तत्व है। क्या आज देश में एक भी नेता या पार्टी ऐसी है, जो यह दावा कर सके कि उसने अपने विरोधियों से हाथ नहीं मिलाया है? सत्ता का सुख भोगने के लिए सभी पार्टियों ने अपने सिद्धांत, विचारधारा और नीति को दरी के नीचे सरका दिया है। नीतीश कुमार पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि वे जिन नेताओं और पार्टियों की भद्द पीटा करते थे, उन्हीं के साथ वे अब गलबहियां डाले हुए हैं। ऐसा वे पहली बार नहीं, कई बार कर चुके हैं। इसीलिए उन्हें कोई पल्टूराम और कोई बहुरूपिया भी कह रहे हैं। 'क्षणे-क्षणे यन्नावतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः' यानी जो रूप हर क्षण बदलता रहता है, वही रमणीय होता है। क्या इसीलिए नीतीश कुमार हमारे सारे नेताओं में सबसे विलक्षण और सर्वप्रिय हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो क्या वे आठवीं बार मुख्यमंत्री बन सकते थे? क्या आप देश में नीतीश के अलावा किसी ऐसा नेता को जानते हैं, जो आठ बार मुख्यमंत्री बना हो? लालू और नीतीश 4-5 दशक से बिहार की राजनीति के सिरमौर हैं लेकिन आज भी वह देश का सबसे पिछड़ा हुआ प्रांत है। फिर भी भाजपा से कोई पूछे कि नीतीश से डेढ़-दो गुना सीटें जीतने के बाद भी उसने उन्हें मुख्यमंत्री का पद क्यों लेने दिया? गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी को पटना में दरकिनार करनेवाले नीतीश को आपने मुख्यमंत्री क्यों मान लिया? नीतीश के अप्रिय आरसीपी सिंह को केंद्रीय मंत्री बनाना और उसको नीतीश से तोड़ना क्या ठीक था? इसके पहले कि भाजपा नीतीश को गिरा देती, नीतीश ने भाजपा के नेहले पर दहला मार दिया। नीतीश और भाजपा की यह टूट हर दृष्टि से बेहतर है। नीतीश जातीय जनगणना कराने पर उतारु हैं और भाजपा उसकी विरोधी है। इस समय नीतीश की सरकार के साथ पहले से भी ज्यादा विधायक हैं। भाजपा के अलावा बिहार की लगभग सभी पार्टियों का समर्थन उसको प्राप्त है। इसका अर्थ यह नहीं कि अगले विधानसभा चुनाव में इस नए गठबंधन को बहुमत मिल ही जाएगा।

नीतीश फिर से मुख्यमंत्री बन पाएंगे, यह तो निश्चित नहीं है लेकिन 2024 के आम चुनाव में समस्त विरोधी दलों को जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभा सकते है। उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने के लिए विरोधी दल तैयार हो या न हों लेकिन उनका लचीला व्यक्तित्व ही कुछ ऐसा है कि वे राम और रावण दोनों के हमजोली हो सकते हैं।

## अमृत महोत्सव घर-घर तिरंगा से लेकर राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तक



संजीव ठाकुर

कितने गर्व तथा विराट हर्ष का विषय है ऐतिहासिक रूप से सर्वाधिक लंबी आजादी की लड़ाई के बाद भारत ने 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त की है और स्वतंत्रता के बाद जन्म लिए नौजवानों को मेहती आवश्यकता इस बात की है कि वह आजादी के तत्वों से प्रेरणा ले और देशभक्ति को आत्मसात करें। हमने जितने संघर्षों और बलिदान के बाद स्वाधीनता पाई है उसके पीछे एक बहुत महत्वपूर्ण तथ्य जो उभरकर सामने आया वह है राष्ट्रीय चरित्र। आजादी के अमृत महोत्सव मनाने के साथ-साथ हर घर तिरंगा की भावना से भारतीयता एकता में बल तो मिलेगा किंतु देश के राष्ट्रीय चरित्र में आते स्खलन को अनदेखा नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय चरित्र के बिना किसी भी देश या राष्ट्र की आध्यात्मिक भौतिक और मानसिक उन्नति संभव प्रतीत नहीं होती है। राष्ट्रीय चरित्र में एवं स्वतंत्रता प्राप्ति के यज्ञ में समाज के प्रत्येक वर्ग ने अपने भूभाग को मातृभूमि के रूप में दृष्टिगत रखकर अपनी समान भाषा ,समान संस्कृति को एकरूपता में बांधकर एक विशिष्ट राष्ट्रीयता के रूप में मान्यता प्रदान कर स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और लंबे इंतजार के बाद वीर सेनानियों में अनेकों बलिदान देने की परिणति के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की थी। भारत का स्वतंत्रता संग्राम एक तरह से विलक्षण युद्ध था औपनिवेशिक ताकतों के विरुद्ध लड़ा जाने वाला यह यह संग्राम 500 सालों तक लड़ा गया था।आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, उत्पीड़न के बाद से उभर कर आई मानसिकता के साथ यह युद्ध समाज के हर वर्ग, स्त्री शक्ति, साहित्य प्रभामंडल, राजाओं, सम्राटों और सर्वहारा वर्ग ने मिलकर इस स्वतंत्रता संग्राम को अत्यंत विशेषता की श्रेणी में लाकर अपना बलिदान देकर प्राप्त किया था। संत ,मनीषी, तपस्वी और साधुओं से यह संग्राम अछूता नहीं था उन्होंने इसके मर्म को पहचाना और अपने अपने प्रयासों से राष्ट्र को एक सूत्र में बांधकर स्वतंत्रता के लिए अलख जगाया था। स्वाधीनता संग्राम कई वर्ष, कई कालखंड ,कई सामाजिक परिवेश एवं सामाजिक विभिन्नताओं को समेटे हुए था। इन सब में जो एक बात मुख्य धारा में बह रही थी जो समाज के विभिन्न वर्गों को विभिन्न मानसिक धाराओं के जो तार जुड़े हुए थे वे बहुत ही महत्वपूर्ण राष्ट्रीय चरित्र की धारा तथा भावना के थे, जिसके अथक प्रयासों के फल स्वरूप हमने स्वाधीनता का स्वाद चखा था। अट्ठारह सौ सत्तावन की जनक्रांति जो कि सिपाही विद्रोह के रूप में सामने आती है को ब्रिटिश हुकूमत ने बुरी तरह से कुचल दिया सिपाहियों के साथ साथ राजा, महाराजाओं को फांसी दे दी गई थी,इस क्रांति के तहत बहादुर शाह जफर, रानी लक्ष्मीबाई ,नाना साहब पेशवा, कुमार सिंह, तात्या टोपे के साथ बेगम हजरत महल जैसी महिलाओं का बलिदान भी जनमानस में स्थाई रूप से स्थापित हो गया था। तब लोकमान्य तिलक ने एक नारा दिया था 'स्वाधीनता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है'। राष्ट्रीय चरित्र एवं राष्ट्रीय भावनाओं के पोषक जिन पर नेताओं का नाम संग्राम में अपनी आहुति के रूप में आया उनमें महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह ,चंद्रशेखर आजाद, सहगल, ढिल्लों, शाहनवाज, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, वल्लभ भाई पटेल और ना जाने ऐसे कितने नाम है जिन्होंने अपना खून पसीना बहा कर देश को आजादी दिलाई थी। सामाजिक धाराएं जरूर अलग अलग थी किंतु सब का मूल उद्देश्य और लक्ष्य आजादी प्राप्ति ही थी। सभी बलिदानों का ऐतिहासिक महत्व रहा है और सभी धाराओं के बलिदानों का समूचा बराबरी का सम्मान होना चाहिए। इन सभी बलिदानों की कथाएं न सिर्फ हमें जानना चाहिए बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी इनके न्योछावर की कहानी अच्छी तरह से मालूम होनी चाहिए ताकि आने वाले वर्षों में हम गर्व महसूस कर सके कि हम उनकी संतानें हैं। आजादी के 75 वर्ष में जब हम अमृत महोत्सव मना रहे हैं तो हमारी अपेक्षाएं होंगी कि हम सब मिलकर इस अमृत महोत्सव को एक मील का पत्थर बना कर देश में हर उस चीज का निर्माण करें जिसकी हमें आवश्यकता तो है ही साथ में विश्व के कोने कोने में रहने वालों की आवश्यक वस्तुएं भी शामिल हो जिससे न सिर्फ अपने लिए बनाएं बल्कि पूरी दुनिया को भी बनाकर भेजें तभी हमारे सेनानियों के बलिदान की कहानी को सम्मान मिलेगा। देश को साधु-संतों, चिंतकों ,लेखकों ,शिक्षकों योद्धाओं, राजाओं ,सम्राटों और तत्कालीन नेतृत्व करने वाले जितने युवा गरम तथा नरम दल के नेताओं ने देश को आजाद करने के यज्ञ में आहुति दी है उन सब को नमन करते हुए देश के 75 में काल के अमृत महोत्सव को हमारा नमन है, प्रणाम और शुभकामनाएं है कि भारत विश्व का नेतृत्व कर उसकी आकांक्षाओं को पूरा कर संपूर्ण राष्ट्र को एक नई दिशा प्रदान करें।

# शिवालय

# महाराष्ट्र के कोंकण में है ग्यारहवीं शताब्दी में बना अंबरनाथ शिव मंदिर





महाराष्ट्र का अंबरनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है इसे अंबरेश्वर नाम से भी जाना जाता है। यहां के निवासी इस मंदिर को पांडवकालीन मानते हैं। यह प्राचीन हिन्दू शिल्पकला की अद्भुत मिसाल है। ग्यारहवीं शताब्दी में बने अंबरनाथ मंदिर को यूनेस्को ने सांस्कृतिक विरासत घोषित किया है। मंदिर में मिले एक शिलालेख के अनुसार इसका निर्माण राजा मांबणि ने करवाया था। इस मंदिर के बाहर दो नंदी बने हैं। मंदिर की मुख्य मूर्ति त्रैमस्ति की है, इसके घुटने पर एक नारी है, जो शिव -पार्वती के स्वरूप को दर्शाती है। शीर्ष भाग पर शिव नृत्य मुद्रा में दिखते हैं। वलधान नदी के तट पर बना मंदिर इमली और आम के पेड़ों से घिरा हुआ है। मंदिर की वास्तुकला उच्चकोटि की है। यहां वर्ष 1060 ई. का एक प्राचीन शिलालेख भी पाया गया है।

**एक ही पत्थर से हुआ था निर्माण**

इस मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है, लेकिन पौराणिक कथा के अनुसार इसे पांडवों ने एकल पत्थर से बनाया था। पांडवों ने अपने अज्ञातवास के सबसे दूभर कुछ वर्ष अंबरनाथ में बिताए थे और यह पुरातन मंदिर उन्होंने एक ही रात में विशाल पत्थरों से बनवा डाला था। कौरवों द्वारा लगातार पीछा किए जाने के भय से यह स्थान छोड़कर उन्हें जाना पड़ा । मंदिर के आस-पास कई नैसर्गिक चमत्कार हैं। गर्भगृह के पास गर्म पानी का कुंड है। इसके साथ ही पास भूगर्गीय गुफा का मुहाना है, जिसके बारे में कहा जाता है कि उसका रास्ता पंचवटी तक जाता था।


**लुभाती है खूबसूरत नक्काशी**

अंबेश्वर मंदिर का निर्माण हेमाडपंथी शैली जैसा प्रतीत होता है। ऐसी कला उस समय के दौरान बनाए गए कई प्राचीन मंदिरों में देखी जा सकती है। अंबेश्वर मंदिर में तीन पोर्च हैं, जो मुख्य द्वार से केंद्रीय हॉल तक पहुंचाते हैं। केंद्रीय हॉल के अंदर विभिन्न देवी-देवताओं की पत्थर से बनी नक्काशीदार मूर्तियां है। मंदिर की खास बात है कि, यहां शिवलिंग भूमिगत रखा गया है और वहां जाने के लिए एक संकीर्ण रास्ता है। इस मंदिर का आंतरिक संवेदक आकाश के लिए खुला है और शिवलिंग को बीच में रखा गया है।

मंदिर के बाहरी हिस्से में मंदिर में मौजूद देवताओं की सुंदर मूर्तियां आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। शिव के जीवन से संबंधित नक्काशी भी यहां की गई हैं। इन मूर्तियों में विभिन्न पौराणिक कथाओं, शिव -पार्वती विवाह समारोह, नटराज, महाकाली, गणेश नृत्यमूर्ति , नरसिंह अवतार आदि का चित्रण किया है। माघ के महीने में शिव रात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष यहां विशाल मेले का आयोजन होता है।

संतान प्राप्ति के लिए इस विधि से करें पूजा

# श्री कृष्ण को समर्पित है बहुला चतुर्थी का व्रत



भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी श्री कृष्ण और गणेश जी दोनों के समर्पित है। इस दिन संकष्टी चतुर्थी के साथ-साथ बहुला चतुर्थी का व्रत भी रखा जाता है। इसे कृष्ण चतुर्थी या बहुला चौथ के नाम से भी जानते हैं। हिंदू पंचाग के अनुसार इस साल बहुला चतुर्थी व्रत 15 अगस्त के दिन रखा जाएगा। कहते हैं कि ये व्रत भगवान श्री कृष्ण को समर्पित है। इसलिए इस दिन भगवान श्री कृष्ण और गाय की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दिन व्रत रखने और श्री कृष्ण की विधिपूर्वक पूजा आदि करने से भक्तों की सभी मुरादें पूर्ण होती हैं। साथ ही, संतान की इच्छा रखने वाले भक्तों की मनोकामनाएं भी जल्द पूरी होती हैं। वहीं, संतान वाली महिलाएं इस दिन अपनी संतान की लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं।

इस दिन संकष्टी चतुर्थी होने के कारण भगवान श्री कृष्ण के साथ-साथ गणेश जी की पूजा से कई गुना पुण्य की प्राप्ति होती है।

**बहुला चतुर्थी 2022 तिथि**

हिंदू पंचाग के अनुसार भाद्रपद कृष्ण चतुर्थी तिथि का प्रारंभ 14 अगस्त, रविवार को 10 बजकर 35 मिनट पर शुरू होकर 15 अगस्त रात 09 बजकर 01 मिनट तक होगी।

उदयातिथि के आधार पर बहुला चतुर्थी का व्रत 15 अगस्त को रखा जाएगा। इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 59 मिनट से लेकर 12 बजकर 52 मिनट तक है। ये अभिजीत मुहूर्त है। इस मुहूर्त को किसी कार्य के लिए बेहद शुभ माना जाता है।

बता दें कि इस दिन राहु काल 15 अगस्त की सुबह 07 बजकर 29 मिनट से लेकर 09 बजकर 08 मिनट तक रहेगा। शास्त्रों में कहा गया है कि पूजा के लिए राहु काल शुभ नहीं होता। इसलिए इस दिन राहुकाल से पहले या बाद में ही बहुला चतुर्थी की पूजा करें।

# घर में खुशहाली और रिश्तों में मिठास लाती हैं फेंगशुई की तितलियां







रंग-बिरंगी तितलियां अहर किसी के मन को मोह लेती हैं और उन्हें देखकर एक खुशी का एहसास होता है। उसी तरह फेंगशुई शास्त्र के मुताबिक घर में भी रंग-बिरंगी तितलियों की मौजूदगी बड़ी शुभ मानी गयी है।

फेंगशुई के अनुसार प्यार और आजादी का प्रतीक मानी जाने वाली फेंगशुई तितलियों की तस्वीर घर में लगाने से घर के लोगों में अपनापन बना रहता है और रिश्तों में प्रेम बढ़ता है। अगर आपके घर में आए दिन झगड़े होते हैं और पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं तो बेडरूम में सम संख्या (जैसे 2, 4, 6...) में इन्हें लगाने से मैरिज लाइफ में प्रेम बना रहता है।

इसके अलावा फेंगशुई की तितलियों क्रिएटिवी यानि रचनात्मकता से भी जोड़ा गया है। अगर आप किसी क्रिएटिव क्षेत्र से जुड़े हुए हैं तो अपने कमरे में इन रंग-बिरंगी तितलियों को लगाने से आपकी रचनात्मकता में वृद्धि होती है।

# कैसे होने चाहिए नए घर के मुख्यद्वार ?

**कुछ लोग वास्तु के ज्ञान के बिना ही अपना घर बनवा लेते हैं. ऐसे में घर में वास्तु दोष उत्पन्न होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए घर के निर्माण से पहले वास्तु का ज्ञान होना बहुत जरूरी है. जिससे आपके घर में सदा खुशहाली बनी रहे और सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना**

हिन्दू धर्म में वास्तुशास्त्र को प्राचीन काल से ही बहुत महत्व दिया जाता रहा है। आज के आधुनिक दौर में भी वास्तु का उतना ही महत्व है जितना प्राचीन समय में था। वास्तुशास्त्र के मुताबिक घर में ऐसी बहुत सी चीज़े हैं, जो यदि वास्तु के अनुरूप ना हों तो घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास हो जाता है।

**-घर का मुख्य द्वार**

वास्तुशास्त्र में ऐसा बताया गया है कि घर का मुख्य द्वार सिर्फ घर के सदस्यों के घर के अंदर आने के लिए ही नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा के भी आने का रास्ता है, इसलिए घर का मुख्य द्वार वास्तुशास्त्र के अनुरूप होना बहुत आवश्यक है। वास्तुशास्त्र में घर के मुख्य दरवाजे की अहमियत इसलिए भी है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि घर का मुख्य दरवाजा स्वास्थ्य, धन और सद्भाव को बढ़ाने वाली सकारात्मक ऊर्जा को घर के अंदर खींचता है और नकारात्मक ऊर्जा को घर के अंदर से बाहर निकालता है।

**-घर में प्रवेश के लिए मुख्य द्वार का स्थान**



वास्तुशास्त्र में घर के मुख्य द्वार के लिए सबसे अच्छी दिशा उत्तर, उत्तर-पूर्व, पूर्व या पश्चिम मानी गई हैं। यह दिशाएं अन्य दिशाओं की तुलना में बेहतर क्यों हैं? चलिए जानते हैं।

**-उत्तर दिशा**

वास्तुशास्त्र में ऐसा माना गया है कि उत्तर दिशा में बनाया गया द्वार घर में धन और भाग्य को जगाता है, इसलिए घर के मुख्य द्वार या प्रवेश द्वार के लिए उत्तर दिशा को सबसे अच्छी दिशा माना गया है।

**-उत्तर-पूर्व दिशा**

वास्तु के अनुसार घर के मुख्य द्वार के लिए उत्तर पूर्व दिशा को दूसरी सबसे अच्छी दिशा माना गया है। यह दिशा सुबह सूरज के संपर्क में आने से बहुत ऊर्जा प्राप्त करती है। इस दिशा में घर का मुख्य द्वार होने से ये उस घर में रह रहे लोगों के जीवन में शक्ति और ऊर्जा का संचार बढ़ाती है।

**-पूर्व दिशा**

वास्तुशास्त्र में पूर्व दिशा को आदर्श तो नहीं माना जाता, लेकिन पूर्व दिशा घर के सदस्यों की ऊर्जा को बढ़ाने वाली दिशा मानी जाती है। इस दिशा में घर का मुख्य द्वार होने से घर के सदस्यों में उत्साह बढ़ता है।

**-दक्षिण-पूर्व दिशा**

घर के मुख्य द्वार के लिए वास्तुशास्त्र में दक्षिण पश्चिम दिशा को चौथी सबसे अच्छी दिशा बताया गया है। ऐसा माना जाता है कि यदि आपके पास घर का मुख्य द्वार बनाने के लिए कोई विकल्प ना हो तो आप दक्षिण पूर्व दिशा में अपने घर का मुख्य द्वार बना सकते हैं।

**-उत्तर-पश्चिम दिशा**

घर के मुख्य द्वार के लिए वास्तुशास्त्र में उत्तर-पश्चिम दिशा को पांचवीं सबसे अच्छी दिशा बताया गया है। यदि आपके पास कोई विकल्प नहीं है और आपका घर का मुख्य द्वार उत्तर दिशा में है तो आप घर का मुख्य द्वार उत्तर पश्चिम दिशा में बना सकते हैं।

# इस घटना का संकेत देता है घर में खटमल का दिखना

**हिंदू धर्म में खटमल को बहुत अधिक अच्छा नहीं माना जाता है और ज्योतिष शास्त्र में खटमल को वास्तु दोष का सूचक और घर में दरिद्रता उत्पन्न करने वाला जीव माना जाता है. यदि आपको अपने घर में कहीं भी खटमल दिखाई दे तो समझ जाएं ये किस बात का संकेत है.**



ज्योतिष शास्त्र में ऐसा बताया गया है कि यदि किसी व्यक्ति के घर में खटमल है तो यह एक बुरा संकेत है। घर में खटमल के होने का सबसे बुरा असर घर के मुखिया पर पड़ता है। कई बार तो इतना भी देखा गया है कि घर में खटमल होने से घर के मुखिया की आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। जिन लोगों के घर में खटमल अधिक होते हैं, उन्हें व्यापार या नौकरी में बहुत नुकसान झेलना पड़ सकता है।

बेडरूम में खटमल होने के क्या होते हैं संकेत?

ज्योतिष शास्त्र में ऐसा बताया गया है कि यदि किसी व्यक्ति के बेडरूम में खटमल हो और वह व्यक्ति विवाहित ना हो तो यह संकेत करता है कि उस व्यक्ति की शादी में बहुत सी बाधाएं आ सकती हैं। यदि व्यक्ति विवाहित है तो यह संकेत है कि उस व्यक्ति की अपने जीवनसाथी के साथ अनबन बनी रहती है। ऐसा भी माना जाता है कि जब तक यह खटमल आपके बेडरूम में रहेंगे, तब तक आपका रिश्ता सुधर नहीं पाएगा।

**वास्तु के अनुसार**

वास्तु शास्त्र यह मानता है कि खटमल वास्तु दोष का सूचक है। यह संकेत करता है कि आपके घर में वास्तु दोष उत्पन्न हो रहा है। वास्तु में ऐसा भी माना जाता है कि खटमल अपने साथ घर में नकारात्मक ऊर्जा लेकर आता है और इस जीव के घर में होने से ग्रह क्लेश, आर्थिक तंगी और अनेकों प्रकार की बीमारियों को झेलना पड़ सकता है। ऐसे में यदि आपके घर में भी खटमल हैं तो आपको नमक के पानी से नियमित रूप से घर में पोछा लगाना चाहिए। ऐसा करने से घर से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होगी।

# ज्योतिष में काफी अहम है गोमती चक्र, नौकरी में प्रमोशन से जुड़ा है नाता

**यदि आपको शिकायत है कि तमाम प्रयासों और परिश्रम के बावजूद आपका कॅरिअर या कारोबार नहीं चमक रहा है तो आपको अपना सोया भाग्य जगाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण के सुदर्शन चक्र की तरह दिखने वाले चमत्कारी गोमती चक्र का ज्योतिष उपाय एक बार जरूर करके देखना चाहिए।**

नौकरी-व्यापार में भला तरक्की कौन नहीं चाहता, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि खूब मेहनत करने और योग्यता होने के बावजूद भी सफलता नहीं मिलती। यदि आप भी कार्यक्षेत्र में मिल रही असफलताओं से परेशान हैं या लंबे समय से नौकरी में प्रमोशन नहीं मिल रही तो गोमती च्रक के प्रभावी उपायों से आपको ज़रूर फायदा होगा। आध्यात्मिक और तंत्र जगत में गोमती च्रक का काफी महत्व होता है। ज्योतिष की सलाह से गोमती च्रक को अभिमंत्रित करके सिद्ध कराने के बाद उपयोग करने से इससे लाभ होता है। दिल्ली के आचार्य गुरमीत सिंह जी से जानते हैं नौकरी में प्रमोशन और कार्यक्षेत्र में तरक्की के लिए गोमती च्रक से जुड़े लाभों के बारे में।।



**गोमती च्रक के इन उपायों से सोए भाग्य का होगा भाग्योदय**

कार्यक्षेत्र पर खूब मेहनत करने के बावजूद नौकरी में लंबे समय से प्रमोशन रुका हुआ है तो इसके लिए कर्मकांडी ब्राह्मण को दक्षिणा के साथ दो गोमती च्रक का दान करना चाहिए। इससे प्रमोशन में आ रही दिक्कतें दूर होती हैं।


**ऐं ह्रीं श्रीं अष्टलक्ष्मीयै ह्रीं सिद्धये मम गृहे आगच्छ आगच्छ नमः स्वाहा।** इस मंत्र के साथ 11 गोमती च्रक को सिद्ध करा लें। सिद्ध किए गोमती च्रक को अपने कार्यस्थल पर रख दें। इससे कार्य में आ रही बाधाएं दूर होंगी और कार्य में तेजी आएगी।

हमारे आस-पास ऐसे भी कई लोग रहते हैं जो हमारी तरक्की से खुश नहीं होते। ऐसे लोगों की बुरी नज़र भी लग जाए तो नौकरी में तरक्की और सफलता नहीं मिल पाती। इस समस्या से हल के लिए गोमती च्रक भगवान श्रीकृष्ण के सुदर्शन च्रक से कम नहीं है, जो शत्रुओं का नाश करता है। इसके लिए 11 गोमती च्रक को सिद्ध कराने के बाद किसी लाल कपड़े में बाधकर पोटली बना लें। फिर इसे अपने कार्यस्थल पर रख दें।

किसी अच्छी नौकरी या जॉब के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो अपनी जेब या पर्स में 11 गोमती च्रक रख लें। इससे न सिर्फ अच्छी नौकरी मिलती है बल्कि करियर में सौभाग्य का साथ भी बना रहता है।

परिवार में रिश्ते बनाए रखने के लिए विनम्रता होनी चाहिए। छल-कपट करते हैं तो परिवार में क्लेश ही होता है।

# 'तू बातें तो बड़ी-बड़ी करता था...', जानें क्यों कियारा ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के लिए कही ये बात



बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा अक्सर ही अपने रिलेशनशिप की खबरों को लेकर सुर्खियों में छाए रहते हैं। हालांकि दोनों ने कभी भी अपने रिलेशनशिप को लेकर खुलकर बात नहीं की है। वहीं, अब एक बार फिर दोनों सुर्खियों में आ गए हैं और वो भी कियारा के सिद्धार्थ के लिए लिखे गए एक पोस्ट को लेकर। सिद्धार्थ ने भी कियारा को जवाब दिया है और दोनों ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं।

दरअसल, कियारा आडवाणी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सिद्धार्थ को टैग करते हुए लिखा, 'तू बातें तो बड़ी-बड़ी करता था, पर तू भी ना आउट ऑफ साइट, आउट ऑफ माइंड टाइप का बंदा निकला।' कियारा की स्टोरी के बाद फैंस ये कयास लगाने लगे थे कि शायद दोनों के बीच कुछ ठीक नहीं है। हालांकि माजरा ऐसा कुछ भी नहीं निकला और थोड़ी देर बाद सिद्धार्थ ने भी अपनी स्टोरी पर कियारा को टैग करके मैसेज लिखा। सिद्धार्थ ने कियारा की स्टोरी को री पोस्ट करते हुए लिखा, 'ओए सरदारनी, मुझे ना सब याद है, भूल ही नहीं सकता, आज छह बजे मिलने आ जाऊंगा।' इसके बाद कियारा ने बताया कि दोनों आज 6 बजे इंस्टाग्राम पर लाइव आ रहे हैं। दरअसल, कियारा और सिद्धार्थ की फिल्म 'शेरशाह' की रिलीज को आज एक साल हो गया है। ऐसे में दोनों फैंस के साथ लाइव आकर बातचीत करेंगे। दोनों ने अपनी फिल्म के डायलॉग ही स्टोरी में लगाए थे। बता दें कि 'शेरशाह' की कहानी कारगिल वॉर के हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा के जीवन पर आधारित थी। फिल्म में सिद्धार्थ ने कैप्टन विक्रम बत्रा और कियारा ने डिंपल का किरदार निभाया था। दोनों की जोड़ी को फिल्म में काफी पसंद किया गया था। साथ ही फिल्म को भी दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। फिल्म के बाद से ही सिद्धार्थ और कियारा ने एक दूसरे को डेट करना शुरू किया था, लेकिन दोनों ने अपने रिश्ते को लेकर कभी बात नहीं की।

# सारा ने अपने बर्थडे पर खुद को लिखा स्वीट नोट



## फोटो शेयर कर लिखा- हैप्पी बर्थडे सारा, हमेशा खुद से प्यार करती रहो

सारा अली खान आज यानी की 12 अगस्त को अपना 27वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। सारा ने सोशल मीडिया पर अपने बर्थडे के इस खास मौके पर खुद के लिए एक स्वीट नोट लिखा है। सारा आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की झलक सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं।

सारा ने सोशल मीडिया स्टोरी पर अपनी जिम के अंदर की एक फोटो शेयर की है। इस फोटो पर एक्ट्रेस ने लिखा, हैप्पी बर्थडे सारा। हमेशा खुद से प्यार करती रहो। और जब आप अपना बॉडी, दिमाग और आत्मा का वर्कआउट करना भूल जाते हैं। बता दें, सारा इन दिनों न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रही हैं। एक्ट्रेस हाल ही में कोलंबिया यूनिवर्सिटी विजिट करने गई थीं, उन्होंने सोशल मीडिया पर वहां की एक फोटो भी शेयर की थी। सारा ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी से अपनी ग्रेजुएशन पूरी की है। सारा कुछ दिनों पहले अपनी मां अमृता सिंह और सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट तान्या घावरी के साथ इटली के फ्लोरेंस शहर घूमने गई थीं। सारा ने अपनी ट्रिप से कई फोटोज भी शेयर की थीं। सारा के वर्कफ्रंट की बात करें तो इन दिनों एक्ट्रेस पंवन कृपलानी की फिल्म गैसलाइट में बिजी हैं। इस फिल्म में उनके अपोजिट विक्रांत मेसी होंगे। विक्रांत इस फिल्म के जरिए पहली बार सारा के साथ काम करेंगे। इसके अलावा सारा लक्ष्मण उटेकर की अनटाइटल्ड फिल्म में विक्की कौशल के साथ पहली बार स्क्रीन पर नजर आएंगी।

# मैचमेकर सीमा टपारिया ने प्रियंका-निक की जोड़ी को बताया बेकार 'मैच'



नेटफ्लिक्स के पॉपुलर शो इंडियन मैचमेकिंग के दूसरे सीज़न का आगाज़ हो चुका हैऔर इसी 10 अगस्त को इसे ऑनएयर कर दिया है. एक बार फिर सीमा आंटी मुंबई वाली सबकी जोड़िया बना रही हैं. बुधवार को इसका पहला एपिसोड दिखाया गया, जिसमें शो की होस्ट और मैचमेकर सीमा टपारिया एक बार फिर अपने क्लाइंट्स को शादी से जुड़े टिप्स देती नजर आईं. हालांकि इस दौरान कई बार ऐसा मौका आया जब प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास के रिश्ते की बात,उनके उम्र की चर्चा उठा. दरअसल इस सीज़न में, सीमा ने अपनी क्लाइंट नादिया जगेसर को सलाह दी कि वो ऐसे लड़के से शादी न करें जो उनसे दो या तीन साल से ज्यादा छोटा हो ना कि ज्यादा अंतर हो और उन्होंने इस पर निक-प्रियंका को जोड़ी को नकारते हुए कहा कि वो साथ अच्छे नहीं लगते. हालांकि, इस दौरान सीमा के एक क्लाइंट नादिया को एज गैप के आधार पर लाइफ पार्टनर चुनने पर उन्हें सलाह देती हैं. दरअसल सीमा की क्लाइंट नादिया अपने से 7 साल छोटे एक लड़के को डेट करना और साथ ही अपना रिश्ता आगे बढ़ाना चाहती हैं. इस पर सीमा का मानना है कि, एक लड़के और लड़की के बीच 2-3 साल का ही एज गैप होना चाहिए, वरना ये अच्छा नहीं लगता है. हालांकि, नादिया से विशाल 7 साल छोटा है, जिसके बाद सीमा और उनकी मां नमिता उनके मैच को नकार देती हैं.

नादिया विशाल पर अड़ी रहती है और ग्लैमर वर्ल्ड के सबसे फेमस कपल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस का उदाहरण देती हैं, जिनके बीच करीब 10 -11 साल का अंतर है. साथ वो अपने पार्टनर को काफी समझदार बताती हैं और मैचमेकर सीमा ने नादिया की बातों पर सहमति जताई, लेकिन उन्होंने प्रियंका और निक की जोड़ी को अच्छा नहीं बताया. उनका कहना है कि, दोनों एक अच्छे मैच नहीं हैं. सीमा कहती हैं, "मुझे नहीं लगता कि, उनका एक अच्छा मैच है. यह बताने के लिए मुझे माफ कीजिएगा. उन्होंने शादी कर ली है, लेकिन यह एक अच्छा मैच नहीं है. वह (निक) उनके सामने बहुत छोटे दिखते हैं और वह (प्रियंका) बड़ी दिखती हैं."

# 'तारक मेहता...' को मिलीं नई 'दयाबेन', इस अभिनेत्री की हो रही है शो में एंट्री! कब से शुरू होगी शूटिंग?



टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सालों से दर्शकों के दिलों पर राज कर रहा है लेकिन इस सीरियल में 'दयाबेन' की कमी हर किसी को खल रही है, जिसके रूप में दिशा वकानी नजर आती थीं। लेकिन दिशा वकानी को शो छोड़े हुए भी लंबा समय हो गया है और अब तक मेकर्स इस सीरियल के लिए एक परफेक्ट अभिनेत्री की तलाश में जुटे हुए हैं, जो दयाबेन बन फैंस का दिल जीत लें। वहीं, अब लग रहा है कि मेकर्स की तलाश के साथ फैंस का इंतजार भी खत्म हो गया है।

एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें दावा किया गया है कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन के किरदार में अभिनेत्री काजल पिसल नजर आ सकती हैं। मेकर्स काजल पिसल के नाम पर विचार कर रहे हैं। अगर काजल का नाम फाइनल होता है तो वह अगले महीने से शूटिंग शुरू कर सकती हैं। हालांकि, अब तक कुछ भी ऑफिशियल नहीं हुआ है। मेकर्स की तरफ से इस रिपोर्ट पर कुछ कहा नहीं है और ना ही अभिनेत्री काजल ने कोई चुप्पी तोड़ी है।

बीते दिनों कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दयाबेन का किरदार निभाने के लिए ऐश्वर्या सखुजा का नाम सामने आया था। दावा किया गया था कि ऐश्वर्या सखुजा ने दयाबेन के किरदार के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन वह शो का हिस्सा नहीं बनेंगी। इस बारे में खुद ऐश्वर्या ने भी जानकारी साझा की थी। उन्होंने कहा था, 'मैंने इस रोल के लिए टेस्ट दिया था, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं इसे कर पाऊंगी।'

बता दें कि काजल टीवी की पॉपुलर अभिनेत्री हैं। वह कई सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं, जिसमें 'बड़े अच्छे लगते हैं', 'एक हजारों में मेरी बहना है', 'नागिन 5', 'उड़ान', और 'एक मुट्ठी आसमान' सहित अन्य है।

# केआरके ने किया करण जौहर की नींद उड़ाने वाला ट्वीट क्या 'ब्रह्मास्त्र' भी होगी फ्लॉप?



**फिल्म क्रिटिक** कमाल आर खान उर्फ केआरके फिल्म निर्माता करण जौहर को घेरने का एक भी मौका नहीं छोड़ते हैं। इन दिनों करण जौहर का सारा ध्यान धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तली बनी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' पर है, जिसमें आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के अलावा कई बड़े स्टार्स एक साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म 9 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन अभी से ही केआरके ने इस फिल्म के बहाने करण जौहर को घेरना शुरू कर दिया है। उन्होंने एक ट्वीट कर 'ब्रह्मास्त्र' को फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में रखा है।

दरअसल, केआरके ने अपने लेटेस्ट ट्वीट में एक मीम शेयर किया है, जिसमें उन्होंने उन सभी फिल्मों के नाम लिखे हैं, जो 2022 में रिलीज हुईं और फ्लॉप रही हैं। इन फिल्मों का रिव्यू केरआके ने भी निगेटिव में दिया था। इस ट्वीट की मजेदार बात फ्लॉप फिल्मों को बताने का तरीका है। इस मीम में कई सारे दरवाजे खुले हैं और उन पर साल 2022 की फ्लॉप फिल्मों के नाम लिखे हैं। शुरुआत रणवीर सिंह की फिल्म '83' से होती है और बीच में 'जुग जुग जियो', 'शमशेरा', 'एक विलेन रिटर्न्स' से लेकर 'लाल सिंह चड्ढा' का नाम लिखा है। इस तस्वीर के आगे बहुत सारा खून दिख रहा है। वहीं, आखिरी दरवाजा 'ब्रह्मास्त्र' का है, जो बंद है।

इस मीम में केआरके ने खुद की तुलना भूत से की है, जो सब को मारकर अब 'ब्रह्मास्त्र' की ओर बढ़ गया है। इस ट्वीट के साथ केआरके ने लिखा, 'गुड मॉर्निंग करण जौहर। जल्द ही मिलते हैं।' इस ट्वीट से साफ है कि केआरके ने मान लिया है कि फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' की कहानी दमदार नहीं होगी और करोड़ों के बजट में बनी यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहेगी।

# राखी सावंत ने दुबई में खरीदा आलीशान घर, लोगों ने पूछे सवाल तो बोलीं- लोन पर लिया है

ड्रामा क्वीन इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ



छाई रहती हैं. आए दिन आदिल, राखी को कोई न कोई गिफ्ट देते नज़र आते हैं. इसी बीच राखी का एक नया वीडियो सामने आया है जिसमें वे अपने नए खूबसूरत आलीशान घर में नज़र आ रही हैं. ये घर उन्होंने दुबई में खरीदा है. राखी ने इस घर का कोना-कोना अपने फैंस को दिखाया है. वे काफी खुश नज़र आ रही हैं. लोग उनके इस वीडियो पर जमकर कमेंट कर रहे हैं. वे राखी से इस घर की कीमत भी पूछ रहे हैं. राखी ने जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने ये घर 7 साल के लोन पर लिया है. धीरे-धीरे वे इसकी किश्त चुका देंगी.

बता दें, राखी सावंत बिजनेसमैन आदिल खान को डेट कर रही हैं. उन्होंने बताया कि एंटरटेंमेंट इंडस्ट्री में राखी के काम को लेकर आदिल खान सोसाइटी में दिक्कतों का सामना कर रहे हैं. हाल ही में राखी ने बताया था कि उनके बॉयफ्रेंड आदिल के परिवार ने उनके रिलेशन को स्वीकार करने से मना कर दिया है. अब उनकी बहन की शादी में भी रुकावटें आ रही हैं. एक्ट्रेस और टीवी की मशहूर पर्सनैलिटी ने हाल ही के एक इंटरव्यू में बताया कि आदिल से ये कहा जाता है कि अगर वो राखी के साथ रहेंगे तो उनकी बहन से कोई शादी नहीं करेगा.

# फिल्म 'रक्षा बंधन' के गानों को लेकर खूब बधाइयां बटोर रहीं गायिका पलक मुछाल



**गुरुवार को रिलीज** हुई फिल्म 'रक्षा बंधन' के अपने गाने को लेकर खूब बधाइयां बटोर रहीं गायिका पलक मुछाल के लिए इस साल आजादी का महापर्व खास मायने लेकर आया है। 15 अगस्त को उनको बतौर पार्श्व गायक 10 साल पूरे हो रहे हैं। कम लोगों को ही पता होगा कि गायकी से साथ साथ पलक मुछाल सामाजिक कार्यों से भी जुड़ी हुई हैं और अब तक वह 2503 लोगों के दिल के ऑपरेशन करवा चुकी हैं। ढाई साल की उम्र में गाना शुरू करने वाली पलक मुछाल बताती हैं, 'मैंने चार साल की उम्र से शास्त्रीय संगीत सीखना शुरू कर दिया था। तभी मैंने सोच लिया था कि बड़े होकर प्लेबैक सिंगर बनना है।' फिल्मों में गायन की अपनी असली शुरुआत वह सलमान खान की फिल्म 'एक था टाइगर' को मानती हैं। ये फिल्म 15 अगस्त 2012 को रिलीज हुई थी।

साल 2006 में पलक मुछाल अपने परिवार के साथ मुंबई शिफ्ट हो गईं। वह कहती हैं, 'उस समय मुंबई में कुछ ही लोगों को जानती थी, जिसमे से एक रूमी जाफरी हैं। वह भोपाल से हैं, तो उनसे पहले से ही जान पहचान थी। मुंबई आने के बाद मैंने उनको मैसेज किया। उन्होंने पांचवे दिन फोन किया और आर के स्टूडियो बुलाया। जब मैं वहां पहुंची तो रूमी जाफरी ने मेरी मुलाकात सलमान खान से कराई। उस समय सलमान खान फिल्म 'गॉड तुसी ग्रेट हो' की शूटिंग कर रहे थे। सलमान खान ने मुझसे अपनी फिल्म का गाना देने का वादा किया और उन्होंने जो कहा उसे पूरा भी किया।

बतौर प्लेबैक सिंगर पलक मुछाल की पहली फिल्म 'वीर' थी जो 22 जनवरी 2010 को रिलीज हुई थी। लेकिन वह 'एक था टाइगर' को अपनी शुरुआत मानती हैं। पलक मुछाल कहती हैं, 'सलमान खान मुझे समय समय पर गाइड करते रहते थे कि कैसे आगे बढ़ना है। मैंने उनकी एनजीओ में मदद के लिए आए 100 बच्चों की सर्जरी करवाई। एक दिन उनका 'एक था टाइगर' के गाने के लिए फोन आया। यह मेरी जिंदगी के लिए बहुत बड़ा ब्रेक था। यशराज और सलमांन खान की फिल्म और कैटरीना कैफ के लिए अपनी आवाज देना, इससे बड़ा डेब्यू मेरे लिए नहीं हो सकता था।'

'एक था टाइगर' का गीत 'लापता' सलमान खान और कैटरीना कैफ पर फिल्माया गया जिसे पलक मुछाल ने केके के साथ गाया था। पलक मुछाल कहती हैं, 'केके का जाना हम सब के लिए बहुत ही दुख की बात है, उनकी कमी को पूरा तो नहीं किया जा सकता है, लेकिन अपने संगीत के जरिए वह हमेशा हमारी यादों में रहेंगे।' पलक मुछाल ने इस फिल्म की सफलता के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अब तक वह 'आशिकी 2', 'किक', 'एक्शन जैक्सन', 'प्रेम रतन धन पायो', 'एमएस धोनी', 'काबिल', 'बागी 2' जैसी कई फिल्मों के लिए गए चुकी है। वहीं, दूसरों को मदद करने का जो काम उन्होंने 22 वर्ष पहले शुरू किया था, वह सिलसिला आज तक जारी है।

### दुकानों के सामने गाकर इकट्ठा किया चंदा

दूसरों मदद करने की प्रेरणा पलक मुछाल गरीब बच्चों को ट्रेन के डिब्बों में सफाई करते देखकर मिली। ये बच्चे फर्श साफ करने के लिए अपने कपड़ों का इस्तेमाल कर रहे थे। पलक बताती हैं. 'इन गरीब बच्चो के पास ठण्ड में पहनने के लिए गर्म कपड़े तक नहीं होते है। कारगिल युद्ध के दौरान मैंने दुकानों पर जाकर गाने गाए और चंदा इकट्ठा किया। दुकानों के सामने मैं 'ऐ मेरे वतन के लोगो' सुनाती थी। मेरे पास किसी तरह 25 हजार रूपये इकट्ठे हो गए। पांच साल की थी मैं तब और मेरे लिए उस समय यह बहुत बड़ी रकम थी। फिर मैंने अपने छोटे भाई के साथ एक ठेले का मंच बनाकर गाना शुरू किया और 55 हजार रुपये इकट्ठे हुए। ये रकम मैंने एक बच्चे के दिल की सर्जरी में इस्तेमाल की।' इस पहली सर्जरी के बाद पलक अब तक 2503 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवा चुकी हैं।

### सबसे बड़ा पुरस्कार, लोगों की खुशियां

सामाजिक कार्यों में महान उपलब्धियों के लिए पलक मुछाल का नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड और लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हो चुका है। उन्हें भारत सरकार और अन्य सार्वजनिक संस्थानों द्वारा विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। पलक मुछाल कहती हैं, '22 वर्षो से मैं यह काम कर रही हूं।

ऐसा करने से लोगों की बहुत सारी दुआएं मिलती है। जब मैं उन बच्चो के परिवार से सर्जरी के बाद मिलती हूं तो उनकी आँखों में खुशी देखकर जो संतोष मुझे मिलता है, उससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए कुछ भी नहीं हो सकता है।'

# सुष्मिता ने लाइव वीडियो में एक बार भी नहीं लिया ललित मोदी का नाम



बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन पिछले कुछ दिनों से काफी सुर्खियों में हैं। हाल ही में ललित मोदी संग अफेयर की खबरों की वजह से एक्ट्रेस चर्चा के केंद्र में आ गई थीं। ललित मोदी संग उनकी कई तस्वीरें वायरल हुई थीं जिसमें दोनों छुट्टियां मनाते नजर आ रहे थे। इन फोटोज के सामने आने के बाद लोग एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल कर रहे थे। सुष्मिता भी पूरी मजबूती के साथ सोशल मीडिया पर ट्रोल्स को करारा जवाब दे रही थीं। इस बीच रक्षाबंधन के खास मौके पर उन्होंने लाइव आकर पहली बार ट्रोल्स को खूब खरी-खरी सुनाई।

इस वीडियो की शुरुआत में सुष्मिता ने सभी को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए फैंस को बताया कि पिछले कुछ हफ्तों से उन्हें अपने घर की सफाई करने में काफी मजा आया है। सुष्मिता का इससे मतलब सोशल मीडिया पर लोगों को ब्लॉक करने से था। हैरानी की बात यह रही है कि इस दौरान उन्होंने एक बार भी ललित मोदी का नाम नहीं लिया। उन्होने बताया ट्रोल करने वाले बहुत सारे लोगों उन्होंने अपने सोशल मीडिया से हटाया है। एक्ट्रेस ने इस दौरान बताया कि पुरुषों को ब्लॉक करने में उन्हें कोई दिक्क्त नहीं होती लेकिन जब महिला उन्हें ट्रोल करती हैं तो उनका दिल टूट जाता है।

लाइव सेशन के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि वह बहुत पॉजिटिव इंसान हैं। लोग उनके बारे में क्या कहते हैं इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन चुप रहने का यह मतलब नहीं होता कि इंसान कमजोर है। उन्होंने कहा कि खामोश रहने पर इंसान को लोग कमजोर समझ लेते हैं इसलिए ऐसे लोगों के लिए कई बार चुप्पी तोड़ना जरूरी होता है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो सुष्मिता अब तक कई सुपरहिट बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वह कई बड़े सुपरस्टार्स के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर चुकी हैं। सलमान खान के साथ उनकी जोड़ी सबसे ज्यादा जमीं। बीवी नंबर वन, तुमको न भूल पाएंगे और मैंनें प्यार किया में दोनों साथ काम कर चुके हैं। इसके अलावा सुष्मिता ओटीटी पर भी अपना डेब्यू कर चुकी है। आर्या वेब सीरीज में लोगों को उनकी एक्टिंग खूब पसंद आई थी।

# 'ब्रह्मास्त्र' से लीक हुआ शाहरुख खान का लुक:किंग खान दिखे 'वानरास्त्र' के रूप में, आग से खेलते नजर आए



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की अपकमिंग फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' से शाहरुख खान का लुक लीक हो गया है। फिल्म में शाहरुख का कैमियो रोल है। शाहरुख हर फिल्म में यही कोशिश करते रहे हैं कि फिल्म से उनका लुक लीक न हो, लेकिन टाइट सिक्योरिटी के बावजूद भी ये मुमकिन नहीं हो पा रहा है। हालांकि फैंस SRK के इस लुक को देखकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं और फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शाहरुख फिल्म में 'वानरास्त्र' की भूमिका निभाने वाले हैं। वीडियो में शाहरुख खून से आग की लपटों के बीच नजर आ रहे हैं। बता दें जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, तब ही फैंस ने शाहरुख को फिल्म में नोटिस कर लिया था। यह फिल्म 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है।

# सीएम नीतीश बोले- सीबीआई-ईडी किसी से नहीं डरता

## केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करेंगे तो जनता सबक सिखाएगी

पटना, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार के सीबीआई और ईडी के दुरुपयोग के सवाल पर कहा कि जो किसी भी चीज का दुरुपयोग करेगा तो जनता एक-एक चीज समझ कर उसका बदला लेगी। सीएम ने इशारों-इशारों में कह दिया कि सीबीआई और ईडी के सवाल पर उनकी महागठबंधन की सरकार पीछे नहीं जाने वाली है। मुख्यमंत्री रक्षाबंधन के मौके पर ईको पार्क पहुंचे थे। जहां उन्होंने ये बयान दिया। बिहार में नई सरकार बनने के साथ पुराने गठबंधन को लेकर नीतीश हमलावर हो गए है। वे अब बीजेपी के एक-एक सवालों का जवाब दे रहे हैं। नीतीश कुमार से जब पूछा गया कि राज्य की हिस्सेदारी में केंद्र कटौती कर सकता है, तो उन्होंने कहा कि क्या स्थिति होने वाली है, एक-एक चीज सबके सामने है। देश चलता है संविधान के मुताबिक। संवैधानिक प्रावधान है कि केंद्र को क्या करना है। अलग-अलग राज्यों का क्या अधिकार है। सब निर्धारित है। इसमें किसी तरह की कोई दिक्कत होगी तो खुद ही जवाब देना पड़ेगा पीएम पद को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाथ जोड़कर कहा कि मैं हाथ जोड़कर कहता हूं कि मैं पीएम पद का उम्मीदवार नहीं हूं। मेरा काम है सभी दल को एकसाथ लेकर चलना। सभी दल एक साथ मिलकर काम करेंगे।



### बिहार में जंगलराज की वापसी के बयान को बताया अंटशंट

भाजपा आरोप लगा रही है कि बिहार में जंगल राज रिटर्न हुआ है। इस पर नीतीश ने कहा कि मेरे ऊपर कोई अंटशंट बोलता है तो उनकी पार्टी में उसे फायदा मिलता है। जिनको पार्टी वाला बिल्कुल इग्नोर कर दिया था, अब वे कुछ-कुछ बोल कर लाइनअप करेंगे। पार्टी उनको कुछ देगी ऐसी संभावना है। कोई नीचे तो ऊपर चला जाएगा, हम लोग कुछ नहीं बोलते हैं, हम लोग काम करते हैं। नीतीश ने कहा कि आखिर मुझे यह निर्णय क्यों लेना पड़ा। हमने जिस व्यक्ति को अपनी पार्टी में सबसे ज्यादा अधिकार दिया, उसने कितना गड़बड़ किया। पार्टी में सब लोगों की इच्छा हो गई थी और हमने नाता तोड़ लिया।

### तेजस्वी डिप्टी सीएम हैं, जेड प्लस सिक्योरिटी क्यों नहीं मिलेगी

मुख्यमंत्री ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि कुछ लोग कोई ना कोई विषय उठाकर ऐसा माहौल क्रिएट करेंगे कि समाज में टकराव हो और वे उसका फायदा लें। यह सब बेकार चीजें हैं। तेजस्वी यादव को जेड प्लस सिक्योरिटी मिलने पर नीतीश कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव डिप्टी सीएम हैं, उनको जेड प्लस सिक्योरिटी काहे नहीं मिलेगा। कोई क्या अनाप-शनाप बोलते रहता है, यह सब बेकार बातें हैं।

## आतंकी हमले का इनपुट पश्चिमी यूपी में अलर्ट

**पांच जोन और 15 सेक्टरों में बंटा शहर, चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात**

मेरठ, 12 अगस्त (एजेंसियां)। आतंकी गतिविधियों के इनपुट के बाद पश्चिमी यूपी के मेरठ समेत कई जनपदों में अलर्ट जारी किया गया है। इसको देखते हुए एलआईयू और मेरठ पुलिस ने बस अड्डे, रेलवे स्टेशन व होटलों में सघन चेकिंग अभियान शुरू करा दिया है। सुरक्षा की दृष्टि से शहर को पांच जोन में बांटा गया है। वहीं अबकी बार 15 अगस्त को ड्रोन से भी निगरानी होगी। पुलिस ने शहर को पांच जोन और 15 सेक्टर में



बांटा है। खुफिया विभाग की रिपोर्ट में आतंकी इनपुट मिलने के बाद से पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। स्वतंत्रता दिवस के तीन दिन पहले से ही शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है।

## कानपुर के सपा विधायक स्टाम्प चोरी में फंसे

### डीएम कोर्ट ने 1.02 करोड़ का जुर्माना लगाया विधायक के हॉस्टल के स्टाम्प की जांच में लगी थी रिपोर्ट



कानपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)।कानपुर में आर्यनगर सीट से सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी स्टाम्प चोरी के मामले में फंस गए हैं। डीएम कोर्ट ने 1.02 करोड़ स्टाम्प चोरी में राहत नहीं दी है। डीएम ने उनकी पुनर्विचार आवेदन को खारिज किया है। इसके बाद सपा विधायक अमिताभ ने कहा,योगी सरकार में मेरा उत्पीड़न किया जा रहा है। गरीबों की लड़ाई लड़ने वाले को इस सरकार में परेशान किया जा रहा है। सपा विधायक का हॉस्टल मंडी काकादेव में है। इसकी रजिस्ट्री पर लगे स्टाम्प की जांच हुई, तो सामने आया कि वैल्युएशन से कम स्टाम्प लगाए गए है। तत्कालीन डीएम नेहा शर्मा ने 1 जून 2022 को स्टाम्प कमी की भरपाई के साथ 1.02 करोड़ जमा कराने का आदेश जारी किया। इस मामले में सपा विधायक ने डीएम कोर्ट में आवेदन दिया था कि फैसले को रिकॉल किया जाए। कोर्ट में तर्क दिया गया कि कोई नोटिस नहीं मिला है। नोटिस उनके पिता पर तामील बताया जा रहा है। मगर उनके पिता यहां मौजूद ही नहीं थे फिर तामीला कैसे हो गया। जुर्माने की जानकारी उन्हें समाचार पत्रों से हुई है। इस आधार पर उन्होंने आदेश रिकॉल करने की अपील की थी। डीएम विशाख जी. ने आवेदन को निरस्त कर दिया है। अब विधायक को जुर्माना जमा करना होगा।

## शिवपाल सिंह यादव ने कहा

### पुलिस और जेल की मेस में मिलता है घटिया खाना, होती है कमीशनखोरी

फिरोजाबाद, 12 अगस्त (एजेंसियां)। फिरोजाबाद में पुलिस कॉन्स्टेबल मनोज कुमार का वीडियो वायरल होने के बाद मामले पर शिवपाल यादव ने कहा कि पुलिस की मेस, जेल की मेस में घटिया खाना मिलता है. यहां कमीशनखोरी होती है. सरकार रोक नहीं पा रही है. गौरतलब है कि फिरोजाबाद पुलिस लाइन की मेस में खाने की क्वालिटी से परेशान कॉन्स्टेबल मनोज कुमार थाली लेकर पब्लिक के बीच आ गए और रोकर अपना दर्द बताया. मनोज कुमार ने कहा कि देख लीजिए 12-12 घंटे काम करने वाली पुलिस को ऐसा खाना खाना पड़ता है. इसके बाद कॉन्स्टेबन मनोज कुमार को पुलिस जीप में ठूंसकर ले गई. इस घटना के बाद कॉन्स्टेबल मनोज को जबरन छुट्टी पर भेज दिया गया है. फिरोजाबाद की घटना पर शिवपाल यादव ने कहा कि पुलिस का मेस, जेल की मेस इनमें घटिया खाना मिलता है. कमीशन खोरी होती है. उसको रोकना चाहिए. सरकार उसको रोक नहीं पा रही है. भ्रष्टाचार बढ़ता चला जा रहा है. भ्रष्टाचार की वजह से यह सब कुछ हो रहा है. शिवपाल यादव ने बिहार की राजनीति पर कहा कि बिहार में नेताओं में परिपक्वता देखने को मिली है. उसी की वजह से सरकार बना ली है. परिपक्वता होनी चाहिए तभी सभी लोग जुड़ सकते हैं.

## पत्रकार-पुजारी की हत्याः बिहार में जंगलराज रिटर्न्स

### भाजपा का जदयू-राजद पर बड़ा आरोप



पटना, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में सत्ता से बाहर होते ही भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने शुक्रवार को बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा, बिहार में भाजपा सरकार के हटते ही तेजी से अव्यवस्था फैल रही है। उन्होंने कहा, जिला पश्चिम चंपारण में 12 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, मुजफ्फरपुर में एक व्यवसायी के घर में दिन-दहाड़े लूट, जहरीली शराब से आज फिर छह लोगों की मौत, इसके अलावा 10 और 11 अगस्त को दो पत्रकारों की गोली मारकर हत्या और बेतिया में एक पुजारी की गला रेत कर हत्या कर दी गई। ये सभी घटनाएं बताती हैं कि बिहार में जंगलराज रिटर्न्स हो चुका है। उन्होंने कहा, पूरे बिहार में चोरी, स्नैचिंग, हत्या, दुष्कर्म, लूट का तांडव मचा हुआ है। बिहार में जंगल राज दोबारा आ गया है।

**10 लाख नौकरियों पर भी उठाए सवाल**

संबित पात्रा ने उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के 10 लाख नौकरी के वादे पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, तेजस्वी यादव ने 2020 में कहा था कि हम आएंगे तो 10 लाख नौकरी देंगे। जब उनसे पूछा गया कि अब आप आ गए हैं तो 10 लाख नौकरी का क्या होगा? तो तेजस्वी यादव कहते हुए नजर आते हैं कि देखिए अभी तो हम मुख्यमंत्री नहीं बने हैं, मैंने कहा था कि जब हम मुख्यमंत्री बनेंगे तब नौकरी देंगे। पात्रा ने कहा, बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि ये मैं की कहानी है, मतलब मैं बनूंगा तब होगा, हम से कुछ नहीं होगा। इसी परिवारवार के खिलाफ भाजपा सतत लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी।

**केजरीवाल पर भी किया हमला**

भाजपा नेता संबित पात्रा ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर भी हमला बोला। रेवड़ी कल्चर पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए काम करना 'लाभ' के दायरे में आता है। मुफ्त का मतलब अल्पकालिक लाभ है। इससे सिर्फ अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी को फायदा होता है।

## भाजपा के अवध क्षेत्र के अध्यक्ष शेषनारायण मिश्र का निधन




गोंडा, 12 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पार्टी के अवध क्षेत्र के अध्यक्ष शेषनारायण मिश्र का शुक्रवार की सुबह राजधानी के संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजी पीजीआई) में निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के अनेक नेताओं ने मिश्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा के जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप 'बमबम' ने बताया कि जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र के भरथा इटहिया गांव में 8 सितम्बर 1956 को जन्मे शेषनारायण मिश्र की शिक्षा दीक्षा कानपुर में हुई। शिक्षा के दौरान ही वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सम्पर्क में आए। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, करीब एक सप्ताह पहले हृदय संबंध्सी परेशानी को लेकर उन्हें राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में स्थिति बिगड़ने पर उन्हें संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) ले जाया गया। उन्होंने बताया कि मिश्र ने शुक्रवार को तड़के करीब पांच बजे उन्होंने अस्पताल में ही अंतिम सांस ली।

## इस उम्र में टेंशन लीजिएगा तो दिमाग का नस फट जाएगा

### लालू की बेटी रोहिणी ने सुशील मोदी पर कसा तंज कहा- काहे इतना व्याकुल हो रहे हैं





पटना, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में सरकार बदल गई है। एनडीए की जगह महागठबंध की सरकार ने कुर्सी संभाल लिया है। सत्ताधारी बीजेपी बाहर आ गई है तो विपक्ष में बैठी राजद सत्तारूढ़ हो गई है। इसी फेर बदल के बाद बयानबाजी का सियासी बबंडर भी तेज हो गया है। बीजेपी, जदयू और राजद दोनों पर हमलावर है तो दोनों पार्टियां बारी-बारी से भाजपा पर तीखे वार कर रही हैं। ट्वीटर बिहार की सियासी जंग का मैदान बन गया है।

इस बीच राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी पर ऐसा तंज कसा है जो काफी चर्चा है। रोहिणी ने सुमो से कहा है कि दिमाग का नस फट जाएगा। कभी लालू प्रसाद यादव खुद इन शब्दों का इस्तेमाल करते थे। रोहिणी ने पिता की इस विरासत को अपना लिया है।

दरअसल लालू यादव की बेटी रोहिणी राज्य की राजनीति में एक्टिव तो नहीं हैं पर बिहार के हालात को लेकर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। जब से बिहार में सत्ता पलट की चर्चा शुरू हुई तब से रोहिणी काफी सक्रिय हैं। वे हर डेवलपमेंट पर अपनी प्रतिक्रिया देती रहती हैं। अपने हालिया ट्वीट में रोहिणी ने अपने पिता लालू यादव और भाई तेजस्वी यादव का काफी मनोबल बढ़ाया तो बीजेपी पर काफी तंज कसा।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर में टकराकर बस गड्ढे में घुसी, 36 यात्री घायल

आगरा, 12 अगस्त (एजेंसियां)। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार रात बड़ा सड़क हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक एक डबल डेकर बस शुक्रवार तड़के डिवाइडर से टकराकर खाई में गिर गई। हादसे में 36 यात्री घायल हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा नगला खंगार थाना इलाके में तड़के रात करीब एक बजे हुआ जब बस दिल्ली से गोरखपुर जा रही थी।

पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण के मुताबिक एक्सप्रेसवे पर 67 किलोमीटर चलने के बाद बस अचानक डिवाइडर से टकराकर गड्ढे में गिर गई। सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जानकारी के मुताबिक घायलों में से 28 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है,

## महंत नरेंद्र गिरी सुसाइड केस में बड़ा खुलासा

### बगैर लिखित तहरीर के दर्ज हुई थी एफआईआर और फिर...



प्रयागराज, 12 अगस्त (एजेंसियां)। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी की खुदकुशी मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. महंत नरेंद्र गिरी की खुदकुशी के मामले में बिना किसी लिखित तहरीर के खुदकुशी की एफआईआर दर्ज की गई थी. इतना ही नहीं, महंत नरेंद्र गिरी के करीबी शिष्य अमर गिरी व पवन महाराज ने पुलिस को सिर्फ मौखिक तौर पर इसकी सूचना दी दी थी. इसी मौखिक सूचना के आधार पर ही जार्ज टाउन थाने में आनन-फानन में खुदकुशी की एफआईआर दर्ज कर ली गई थी. दरअसल, महंत नरेंद्र गिरी की खुदकुशी मामले में दोनों शिकायतकर्ता अमर गिरी व पवन महाराज ने जांच एजेंसी सीबीआई को दिए गए बयान में भी पुलिस में सिर्फ मौखिक सूचना दिए जाने की बात कही है. न्यूज 18 के पास इन दोनों शिकायतकर्ता द्वारा सीबीआई को दिए गए बयान की कॉपी भी मौजूद है. सीबीआई ने अमर गिरी व पवन महाराज के बयानों को प्रमाणित कर उन्हें कोर्ट में दाखिल भी किया है. सीबीआई को दिए बयान में शिकायतकर्ता अमर गिरी और पवन महाराज का कहना है कि पुलिस ने उनसे धोखे से सादे कागज पर दस्तखत करा लिए थे. उन्होंने दावा किया कि महंत नरेंद्र गिरी के शव का पंचनामा करने की बात कह कर पुलिस ने उनसे दस्तखत कराए थे. उन्होंने लिखित तौर पर पुलिस में कोई शिकायत की ही नहीं थी. अमर गिरी और पवन महराज ने शपथ पत्र देकर मुकदमा वापस लेने की भी अदालत में इच्छा जताते हुए कहा कि पुलिस ने मनमाने तरीके से आनंद गिरी को नामजद करते हुए उनके खिलाफ केस दर्ज किया और उनकी गिरफ्तारी कर ली. इसी वजह से वह अपनी तरफ से दर्ज एफआईर को वापस लेना चाहते हैं और साथ ही इस एफआईआर के आधार पर किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं चाहते. अमर गिरी और पवन महाराज ने हाईकोर्ट में हलफनामा देकर अपनी तरफ से दर्ज की गई एफआईआर को वापस लिए जाने की अपील की है. इन दोनों के वकील नीरज तिवारी का दावा है कि हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल करने के बाद से उन्हें डराया धमकाया जा रहा है. उन पर एफिडेविट वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है. एफआईआर वापस लेने की अर्जी लगाने के बाद से दोनों के जानमाल को खतरा हो गया है. प्रशासन को दोनों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए.

## 2 आईपीएस, 5 पुलिस अधिकारियों को केंद्र करेगा सम्मानित

### सायली धूरत ने सुलझाया गैंगरेप-हत्या केस, विनय तिवारी को इंडिगो मैनेजर हत्या की जांच का इनाम

पटना, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के दो आईपीएस सायली सावलाराम धूरत और विनय तिवारी को केंद्र सरकार से सम्मान मिलेगा। इन्हें केंद्रीय गृह मंत्री पदक से नवाजा जाएगा। इन दोनों आईपीएस अधिकारियों के साथ ही बिहार पुलिस के दो इंस्पेक्टर और तीन सब इंस्पेक्टर को भी केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया जाएगा। क्राइम की वारदातों में बेहतरीन इंवेस्टिगेशन के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से इनके नामों की घोषणा कर दी गई है। 2022 के लिए मंत्रालय की तरफ से जारी लिस्ट में बिहार के साथ ही कई राज्यों के पुलिस, सीबीआई, एनआईए और एनसीबी के अधिकारियों व अफसरों का भी नाम है।

**अररिया में नाबालिग से गैंगरेप-हत्या मामले में सायली को सम्मान**

सायली सावलाराम धूरत 2010 बैच की आईपीएस अफसर हैं। वर्तमान में पटना स्थित डायल





112 की एसपी एडमिन हैं। जिस केस के लिए गृह मंत्रालय ने इन्हें पदक देने की घोषणा की है, वो अररिया का है।

दरअसल, 2019 में एक नाबालिग के साथ गैंग रेप हुआ था। इसके बाद नाबालिग की हत्या कर लाश को फेंक दिया गया था। सिमरा थाना में केस दर्ज हुआ था। उस वक्त सायली अररिया की एसपी थीं। यह एक ब्लाइंड केस था। केस की जांच पुलिस ने न सिर्फ तेजी से की थी, बल्कि कांड में शामिल सभी 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उन सभी को सजा भी कोर्ट से दिलवाई गई थी। यह तब संभव हो पाया था, जब एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सही तरीके से केस की जांच की थी और ठोस सबूत जुटाए थे।

**विनय तिवारी को पटना में इंडिगो के मैनेजर हत्याकांड की जांच का मिला इनाम**

12 जनवरी 2021 की देर शाम पटना में एयरलाइंस कंपनी इंडिगो के मैनेजर रुपेश सिंह की अपराधियों ने उनके ही घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस वारदात ने बिहार से लेकर दिल्ली तक सनसनी मचा दी थी। जिस वक्त यह वारदात हुई थी, उस दरम्यान 2012 बैच के आईपीएस विनय तिवारी पटना के सिटी एसपी सेंट्रल थे। वारदात के दिन ही इंस्पेक्टर रामशंकर सिंह ने शास्त्री नगर थाना की कमान बतौर थानेदार संभाला था। केस की जांच के लिए स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम बनाई गई थी, जिसको आईपीएस विनय तिवारी ने लीड किया था। इस स्पेशल टीम में इंस्पेक्टर रामशंकर सिंह, पटना पुलिस के स्पेशल सेल के इंस्पेक्टर विनय प्रकाश, सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय, मो. चांद परवेज और मो. गुलाम मुस्तफा शामिल थे। इस हाईप्रोफाइल मर्डर केस की जांच करते हुए इस टीम ने वारदात में शामिल सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस केस की बेहतरीन जांच के लिए ही इन सभी को केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से पदक दिया जाएगा।

## इलाज के लिए आई बालिका से दुष्कर्म, केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

गोरखपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां चौरीचौरा थाना क्षेत्र में 25 दिन पूर्व मां के साथ इलाज कराने आई 14 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिना डिग्री वाले ने इलाज के बहाने दुष्कर्म किया। बुधवार रात में बालिका की मां की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक, खोराबार क्षेत्र की एक महिला अपनी बेटी का बीते 15 जुलाई को इलाज कराने के लिए चौरीचौरा इलाके में एक क्लीनिक पर गई थी। आरोप है कि इलाज के दौरान बेटी से दुष्कर्म किया गया। किसी से न कहने की धमकी भी दी गई। बालिका ने घटना के बारे में मां को बताया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने खोराबार क्षेत्र निवासी आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। चौरीचौरा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है।

## बांदा नाव हादसाः सीएम योगी ने दो मंत्रियों को मौके पर भेजा


### मृतक परिवारों को 4-4 लाख मुआवजा तत्काल देने का निर्देश

बांदा, 12 अगस्त (एजेंसियां)। बांदा में हुए नाव हादसे में लापता लोगों की तलाश रातभर चलती रही। गुरुवार की दोपहर यमुना की बीच धारा में हुए हादसे में करीब 30 से ज्यादा लोग लापता हैं। हालांकि प्रशासन लापता लोगों की संख्या 17 बता रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संतृप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। पीड़ितों की तत्काल मदद और राहत के निर्देश देते हुए दो मंत्रियों रामकेश निषाद और राकेश सचान को घटनास्थल पर पहुंचने को कहा है। मृतकों के परिजनों को आपदा राहत कोष से 4-4 लाख रुपए की राहत राशि देने का



भी निर्देश दिया है। मर्का थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर उफनाती यमुना की बीच धारा में नाव पलटने से उसमें सवार 50 लोग डूब गए थे। इनमें 15 लोग तैरकर किसी तरह बाहर निकल आए। चार लोगों के शव गोताखोरों ने निकाले थे। इनमें दो महिलाएं, एक पुरुष और एक बच्चा है। अन्य लोग हादसे के बीस घंटे बाद भी लापता हैं। एसडीआरएफ की टीमें उनकी तलाश कर रही हैं। मर्का से हर रोज सैकड़ों लोग नावों से यमुना पार कर फतेहपुर और प्रयागराज आते-जाते हैं। नाविक एक बार में नाव में 40-50 लोगों को एक ओर से दूसरी ओर ले जाते हैं। गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे मर्का से नाव में करीब 50 लोग सवार होकर फतेहपुर जा रहे थे। पानी का बहाव तेज होने से नाव बीच धारा में अनियंत्रित हो गई। उसमें लगा पाल तेज हवा में एक तरफ उड़ा और नाव पलट गयी। नाव में सवार सभी लोग पानी में समा गए।

नाविक समेत जिन 15 लोगों को तैरना आता था, उनमें कोई बांस तो कोई नाव में रखे ट्यूब के सहारे बाहर निकल आया। नाविक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। तैरकर बाहर निकले लोगों ने बताया कि नाव में करीब 50 लोग सवार थे, इसके अलावा उसमें तीन बाइक और सात साइकिलें भी लदी थीं।



# जोमैटो के शेयर में जबरदस्त तेजी, एक्सपर्ट ने दी बेचने की सलाह

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के शेयरों में आज शुक्रवार को 8% तक की जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही। कंपनी के शेयर पिछले महीने एनएसई पर अपने नए 52-वीक के निचले स्तर 40.60 पर पहुंचने के बाद लगातार ऊपर की ओर चल रहे हैं। यह फूड प्लेटफॉर्म स्टॉक अगस्त 2022 में लगभग 46.80 से बढ़कर 63.10 के स्तर पर पहुंच गया है। शेयर बाजार के एनालिस्ट्स के अनुसार, जोमैटो ने जून तिमाही में अनुमान से बेहतर रिपोर्ट जारी की हैं। इतना ही नहीं कंपनी मैनेजमेंट लेवल पर कई अहम बदलाव पर भी विचार कर रही है। अगले चार तिमाहियों में भी ब्रेकईवन को पूरा करने का वादा किया है। एक्सपर्ट के मुताबिक, स्टॉक वर्तमान में 48 से 70 के स्तर पर कारोबार कर रहा है और जिनके पोर्टफोलियो में यह स्टॉक शामिल है, उन्हें लगभग 70 के लेवल से बाहर निकलने की सलाह दी जाती है। जीसीएल सिक्योरिटीज के सीईओ रवि सिंघल ने कहा, ज़ोमैटो ने अनुमानित क्यू1 परिणामों की तुलना में बेहतर रिपोर्ट जारी की है और इसके प्रबंधन ने अगली चार तिमाहियों में ब्रेकईवन को पूरा करने का वादा किया है।

# रक्षाबंधन पर सोना महंगा, चांदी के गिरे भाव, 48000 के पार पहुंचा 22 कैरेट गोल्ड

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षा बंधन के मौके पर आज सर्राफा बाजारों में सोने के भाव में जहां मामूली उछाल आया है वहीं, चांदी के भाव गिर गए हैं। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। इंडिया बुलियंस एसोसिएशन द्वारा जारी हाजिर रेट के मुताबिक सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट शुद्ध सोना गुरुवार के बंद भाव 52460 के मुकाबले आज यानी शुक्रवार को महज 21 रुपये चढ़कर 52481 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 210 रुपये कमजोर होकर 58490 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से केवल 3773 रुपये ही सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 17518 रुपये सस्ती है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी जोड़ लें तो इसका



रेट 54055 रुपये हो जा रहा है, वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 59460 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 60244 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 66269 रुपये में देगा। आज 23 कैरेट गोल्ड 52271 रुपये प्रति 10 ग्राम की दर से खुला। इस पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 59223 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव 48073 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 49515 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 54466 रुपये का पड़ेगा। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 39361 रुपये प्रति 10 ग्राम है। यह 3 फीसद जीएसटी के साथ 40541 रुपये प्रति 10 ग्राम का पड़ेगा।

ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 44596 रुपये का पड़ेगा। अब 14 कैरेट सोने का भाव 30701 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। जीएसटी के साथ यह 31622 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 34784 रुपये का पड़ेगा।

# खुदरा महंगाई दर बीते पांच महीने में सबसे कम, जुलाई में 6. 71% रही

नई दिल्ली , 12 अगस्त (एजेंसियां)। महंगाई के मोर्चे पर अच्छी खबर है। जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति नरम होकर 6। 71 प्रतिशत पर आ गई है। पांच महीने में यह सबसे कम है हालांकि यह लगातार सातवां मौका है जब महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक के तय लक्ष्य सीमा से ऊपर है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 में महंगाई दर 7। 01 प्रतिशत जबकि जुलाई 2021 में 5। 59 प्रतिशत थी। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य मुद्रास्फीति भी जुलाई महीने में नरम पड़कर 6। 75 प्रतिशत पर पहुंच गयी



जबकि जून में यह 7। 75 प्रतिशत थी। हालांकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर की उच्च सीमा 6। 0 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। यह पिछले सात महीने से 6। 0 प्रतिशत से ऊपर है। रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। चालू वित्त वर्ष के पहले तीन महीने में खुदरा मुद्रास्फीति 7। 0 प्रतिशत से ऊपर रही है। गौरतलब है कि इसी साल मार्च माह में खुदरा मुद्रास्फीति 6। 95 प्रतिशत थी जो अप्रैल में छलांग लगाते हुए 7। 79 प्रतिशत पर पहुंच गई थी।

खुदरा महंगाई दर में यह उछाल मुख्यतः ईंधन और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण आया था। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई दर छह फीसदी या इससे नीचे के स्तर पर रखने का आदेश दिया है।

## रिश्वत और गबन के दोषी सैमसंग ग्रुप के मालिक को राष्ट्रपति ने दी माफी

### दक्षिण कोरिया को आर्थिक संकट से बचाएंगे ली




नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। रिश्वत और गबन के दोषी सैमसंग ग्रुप के मालिक ली जे-योंग को शुक्रवार को दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने माफी दे दी है। यह आर्थिक आधार पर भ्रष्टाचार के दोषी व्यापारिक नेताओं को मुक्त करने की दक्षिण कोरिया की लंबी परंपरा का नवीनतम उदाहरण है। दक्षिण कोरिया के न्याय मंत्री हान डोंग-हून ने कहा कि अरबपति ली जे-योंग, जिन्हें पिछले साल जनवरी में रिश्वत और गबन का दोषी ठहराया गया था। अब उन्हें देश के आर्थिक संकट पर काबू पाने में योगदान देने का मौका देने के लिए माफी दी गई है। फोर्ब्स के अनुसार, 7.9 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के 278वें सबसे अमीर व्यक्ति ली को 8 महीने जेल में काटने के बाद अगस्त 2021 में पैरोल पर रिहा किया गया था। शुक्रवार को दी गई माफी उन्हें पांच साल के लिए निर्धारित जेल के बाद के रोजगार प्रतिबंध को हटाकर पूरी तरह से काम पर लौटने की अनुमति देगी। न्याय मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वैश्विक आर्थिक संकट के कारण कोरिया की अर्थव्यवस्था खराब हो गई है और आर्थिक मंदी लंबे समय तक रहने की आशंका है। मंत्रालय ने कहा कि माफी इसलिए दी गई ताकि ली और अन्य समान रूप से क्षमा किए गए उच्च-स्तरीय अधिकारी - प्रौद्योगिकी और रोजगार सृजन में सक्रिय निवेश के माध्यम से देश के निरंतर विकास का नेतृत्व कर सकें।

# दिवाली तक एफटीए को पूरा करने में जुटे भारत और ब्रिटेन

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दिवाली तक पूरा करने में जुटे हैं। पांचवें दौर की वार्ता के बाद ब्रिटेन के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभाग (डीआईटी) ने संयुक्त बयान में बताया कि 85 सत्रों में 15 नीतिगत मुद्दों पर चर्चा हो चुकी है। वार्ता का एक और दौर इस महीने के आखिर में ब्रिटेन में होने वाला है। डीआईटी के मुताबिक, दोनों देशों के अधिकारी अक्तूबर, 2022 के अंत तक एक व्यापक और संतुलित एफटीए वार्ता पूरी कर मसौदा तैयार कर लेंगे। इससे पहले भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल दिल्ली में आयोजित उद्यमी सम्मेलन में कहा था कि भारत




और ब्रिटेन के बीच एफटीए के लिए बातचीत तेज गति से आगे बढ़ रही है

**2030 तक होगा दोगुना हो द्विपक्षीय व्यापार**

ग्रांट थार्नटन व सीआईआई की रिपोर्ट के मुताबिक भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा स्तर से 2030 तक दोगुना होने की संभावना है। डीआईटी और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की साझेदारी में ग्रांट थार्नटन ने ब्रिटेन मीट्स इंडिया (बीएमआई) रिपोर्ट 2022 में बताया गया है कि दोनों देशों की कंपनियां एक-दूसरे की अर्थव्यवस्था को सहयोग दे रही हैं।

# डाबर के चेयरमैन अमित बर्मन ने दिया इस्तीफा

## गैर–कार्यकारी निदेशक बने रहेंगे

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। डाबर के अमित बर्मन ने कंपनी के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा 10 अगस्त, 2022 से प्रभावी है। हालांकि, बर्मन गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में बने रहेंगे। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अमित बर्मन ने 1999 में डाबर फूड्स के सीईओ के रूप में पदभार संभाला जब



कंपनी ने प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के कारोबार में कदम रखा। जुलाई 2007 में जब कंपनी का डाबर इंडिया लिमिटेड में विलय हुआ तो उन्होंने इस भूमिका से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्हें डाबर इंडिया लिमिटेड का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस बीच, डाबर ने कहा कि उसके बोर्ड ने मोहित बर्मन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है, जो वर्तमान में गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष हैं। ये 11 अगस्त 2022 से 5 साल की अवधि के लिए कंपनी के निदेशक मंडल के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष हैं। डाबर ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में घोषणा की,हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि निदेशक मंडल ने 11 अगस्त, 2022 को कंपनी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की स्थिति में निम्नलिखित परिवर्तनों को मंजूरी दे दी है। 1. कंपनी के निदेशक मंडल के अध्यक्ष पद से श्री अमित बर्मन के इस्तीफे की स्वीकृति, 10 अगस्त, 2022 के काम के घंटे के अंत से। बता दें डाबर इंडिया लिमिटेड का नेट प्रॉफिट जून, 2022 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मामूली बढ़कर 441.06 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष (2021-22) की अप्रैल-जून तिमाही में 438.30 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। डाबर इंडिया ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 8.07 प्रतिशत बढ़कर 2,822.43 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 2,611.54 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में डाबर इंडिया का कुल खर्च भी 10.81 प्रतिशत बढ़कर 2,358.52 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 2,128.32 करोड़ रुपये रहा था।

## दुनिया भर में बेबी पाउडर की बिक्री बंद करेगी जॉनसन एंड जॉनसन

### जानिए कंपनी ने क्या कहा?




नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। जॉनसन एंड जॉनसन का बेबी पाउडर अब अगले साल यानी 2023 से मार्केट में नजर नहीं आएगा। दरअसल, जॉनसन एंड जॉनसन 2023 में ग्लोबल लेवल पर टैल्क-आधारित बेबी पाउडर की बिक्री बंद करने का फैसला लिया है। कंपनी ने गुरुवार को कहा कि पहले बेबी पाउडर को दुनिया भर के कई देशों में बेचा जाता था। हालांकि, दो साल पहले ही अमेरिका में इस पाउडर की बिक्री को रोक दिया गया था। अब दुनियाभर में इस पाउडर की बिक्री बंद होने जा रही है।

दरअसल, अमेरिका में हजारों ग्राहकों द्वारा मुकदमें दायर करने के बाद कंपनी के सेल लगातार घटते जा रहे थे इस वजह से यह फैसला लिया गया था। आपको बता दें कि इस प्रोडक्ट को लेकर करीब 38,000 हजार ग्राहकों ने शिकायत की थी। शिकायत में दावा किया गया था इस पाउडर में मिले हानिकारक फाइबर एस्बेस्टस के कारण लोगों में कैंसर होने का खतरा बढ़ रहा था। कई ग्राहकों का मामला अदालत तक पहुंच गया और कंपनी को हजारों करोड़ों रुपये जुर्माना भरना पड़ा था। हालांकि, इन आरोपों को जे&जे ने हमेशा से खारिज करते आए हैं। अब गुरुवार को कंपनी ने अपने बयान को अलग तरीके से पेश करते हुए इस प्रोडक्ट की बिक्री बंद करने का ऐलान कर दिया। जे&जे ने अक्टूबर में अपनी सब्सिडियरी एलटीएल मैनेजमेंट को अलग कर दिया था।

# भारी पड़ा ऑनलाइन ऑर्डर: घर पर व्हिस्की की डिलीवरी के नाम पर महिला से 535000 रुपये ठगे

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। एक 27 वर्षीय महिला को व्हिस्की की बोतल की ऑनलाइन डिलीवरी का ऑर्डर करना इतना भारी पड़ा कि उसे 5.35 लाख की चपत लग गई। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक जालसाजों ने खुद को वाइन शॉप के एग्जिक्यूटिव के रूप में पेश किया और व्हिस्की की एक बोतल भेजने के नाम पर उसे ठगा। घटना मुंबई के दहिसर इलाके की है। शुरुआत में स्कैमर्स ने कोड डालने के बहाने और बाद में पैसे वापस करने के नाम पर उसे ठगा। महिला को मंगलवार की रात अचानक याद आया कि उसे केक को सजाने और डिजाइन करने के लिए व्हिस्की की बोतल की जरूरत है, इसलिए उसने ऑनलाइन शराब की दुकान के अधिकारियों की तलाश की और दहिसर में सिल्वर वाइन का कान्टैक्ट डिटेल पाया। दिए गए नंबर पर कान्टैक्ट करने पर महिला को जालसाज ने बताया कि दुकान बंद है। इसके बावजूद वह 10 मिनट में व्हिस्की की बोतल पहुंचा सकता है। उसने महिला को क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान करने के लिए कहा। महिला ने 550 का भुगतान किया। इसके बाद कहा गया कि डिलीवरी मैन जल्द ही उसे फोन करेगा। पुलिस ने कहा, फिर, महिला को एक आदमी का फोन आया, जिसने खुद को सेल्स एग्जीक्यूटिव बताया और उसे बताया कि घर पर शराब की डिलीवरी के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी है। एग्जीक्यूटिव आपको रजस्ट्रेशन कराने में मदद कर देगा। इसके बाद, अगला कार्यकारी ने उसे फोन किया और उसे गूगल पे पर जाने और राशि के स्थान पर रसीद संख्या डालने के लिए कहा, संख्या 19,051 है। ऐसा करने के बाद, उसे तुरंत एक संदेश मिला कि उसके बैंक खाते से 19,051 ट्रांसफर हो गए। उसने तुरंत उस एग्जीक्यूटिव को इसकी सूचना दी और फिर से कहा कि सिस्टम में कुछ त्रुटि के बहाने उसी प्रक्रिया को दोहराएं और इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। एक पुलिस अधिकारी ने एचटी के हवाले से कहा कि उसे फिर से 19,051 का नुकसान हुआ। महिला ने फिर उसी समस्या को लेकर फिर फोन किया। उसने उसे सभी बैंक विवरण देने के लिए कहा और पैसे वापस पाने के लिए डेबिट/क्रेडिट कार्ड विवरण साझा करने के लिए भी कहा। उसने इन सभी विवरणों को साझा किया और यहां तक कि अपने कार्ड की सीमा भी बढ़ा दी।पुलिस ने बताया, जालसाजों ने 48,000 और 96,045 निकाल लिए। फिर उसने उसे एक बार में सारे पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहा। उन्होंने आगे 95,051 और 1,71,754 ट्रांसफर करने को कहा। बुधवार तक, महिला को 5.35 लाख का नुकसान हुआ और आरोपी ने उसकी कॉल का जवाब देना बंद कर दिया।

# शेयर बाजार हरे निशान पर बंद

## सेंसेक्स 130 अंक ऊपर, निफ्टी 17700 के पार

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को बाजार 130.18 अंक चढ़कर 59,462.78 अंकों पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी



में 39 अंकों की मजबूती देखने को मिली। निफ्टी 17698.18 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार मेटल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में तेजी से बाजार को मजबूती मिली है। इससे पहले हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में भारतीय शेयर बाजार फिसलता नजर आया। शुक्रवार को सेंसेक्स 165.25 अंक लुढ़क कर 59,167.35 अंकों पर कारोबार करता नजर आया। वहीं, निफ्टी 42 अंकों की गिरावट के साथ 17615.70 के लेवल पर कारोबार कर रहा है। इससे पहले 12 अगस्त 2022 को दुनियाभर के बाजारों से सुस्ती के संकेत मिले। गुरुवार को डॉव जोन्स में हल्की बढ़त दिखी और यह दिन की ऊंचाई से 300 अंक फिसलकर बंद हुआ। नैस्डैक में भी 0.6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में एसजीएक्स निफ्टी 18.50 अंकों की कमजोरी के साथ 17668 के स्तर पर ट्रेड कर रहा था।

# मंडी रेट: सरसों तेल–तिलहन

## बिनौला तेल कीमतों में तेजी, पाम, पामोलीन में गिरावट

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया, जबकि वैश्विक मांग होने के बावजूद आयात भाव के मुकाबले स्थानीय भाव के महंगा होने से कच्चे पामतेल और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट आई। दूसरी ओर किसानों द्वारा सस्ते भाव पर बिकवाली से बचने के कारण सोयाबीन और मूंगफली तेल- तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन डीगम के आयात में नुकसान है, जबकि पाम एवं पामोलीन के आयात में फायदा है, क्योंकि इनके स्थानीय भाव कहीं मजबूत हैं, जबकि सोयाबीन डीगम का स्थानीय भाव 3-4 रुपये किलो नीचे बैठता है। इस



वजह से सोयाबीन में कामकाज कमजोर होने से भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। सूत्रों ने बताया कि पामोलीन का तेल सस्ता होने के कारण इंडोनेशिया में इसके स्टॉक में कमी आई है। सस्ता होने के कारण पूरे विश्व में पामोलीन और सीपीओ तेल की मांग है। इस मांग के बावजूद स्थानीय स्तर पर भाव मजबूत होने के कारण सीपीओ और पामोलीन के भाव टूटे हैं क्योंकि इन तेलों के जो आगे के आयात के सौदे हैं, उनकी कीमत मौजूदा भाव से भी कमजोर रहने की उम्मीद की वजह से सीपीओ और पामोलीन के भाव में गिरावट आई है। बिनौला में कारोबार लगभग खत्म हो गया है और औद्योगिक इकाइयों की मांग होने से बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया। जबकि, गुजरात में रक्षाबंधन पर्व की छुट्टी के कारण मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतें पूर्वस्तर पर बनी रहीं। सरसों तिलहन - 7,265-7,315 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 6,940 - 7,065 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,250 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली सॉल्वेंट रिफाइंड तेल 2,710 - 2,900 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 14,700 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 2,325-2,415 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 2,355-2,470 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी - 17,000-18,500 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 13,500 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 13,350 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,150 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 10,980 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 14,400 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 13,280 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स-कांडला- 12,240 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

# अब किरायेदारों को भी चुकाना होगा 18 फीसदी जीएसटी, जानिए क्या कहते हैं नए नियम

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। अब रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी किराये पर लेकर रहने वाले किरायेदारों को रेंट के साथ 18 प्रतिशत जीएसटी भी देना होगा। यह फैसला पिछले महीने 18 जुलाई से लागू हो चुका है। परंतु इस फैसले में यह कहा गया है कि ये टैक्स केवल उन्हीं किरायेदारों को भुगतना होगा, जो किसी बिजनेस के लिए जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड हैं और जो जीएसटी भरने वाली श्रेणी में आते हैं। पहले के नियम के मुताबिक, कमर्शियल प्रॉपर्टी जैसे कि ऑफिस या रिटेल स्पेस जैसी जगहों को किराये पर लेने पर लीज पर जीएसटी लगता था। रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी को चाहे कोई कॉरपोरेट हाउस किराये पर ले या




फिर कोई सामान्य किरायेदार, इस पर कोई जीएसटी नहीं लगता था। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जो नियम 18 जुलाई 2022 से लागू हुए हैं, उनके मुताबिक, जीएसटी रजिस्टर्ड किरायेदार को रिवर्स चार्ज मैकेनिज़्म के तहत टैक्स भरना होगा। वह इनपुट टैक्स क्रेडिट के तहत डिडक्शन दिखाकर जीएसटी क्लेम कर सकता है। यह भी बता दें कि यह 18 प्रतिशत जीएसटी तभी लागू होगा जब किरायेदार जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड हो और जीएसटी रिटर्न भरने वाली कैटेगरी में आता है। नए जीएसटी कानून के तहत रजिस्टर्ड किरायेदार की श्रेणी में सामान्य और कॉरपोरेट संस्थाएं सब शामिल होंगी। सालाना टर्नओवर निर्धारित सीमा से ऊपर पहुंच जाने पर बिजनेस मालिक को जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। निर्धारित सीमा क्या है, यह उस बिजनेस पर निर्भर करता है। सेवाएं दे रहे बिजनेस मालिकों के लिए सालाना लिमिट 20 लाख रुपये का टर्नओवर है। वहीं, सामान बेच रहे या सप्लाई कर रहे बिजनेस मालिकों के लिए यह लिमिट 40 लाख रुपये है। हालांकि, अगर यह किरायेदार उत्तरपूर्वी राज्यों या विशेष दर्जा प्राप्त वाले राज्य में रहता है तो उसके लिए टर्नओवर की निर्धारित सीमा सालाना 10 लाख रुपये है। चंडीगढ़ में हुई जीएसटी परिषद की 47वीं बैठक के बाद लागू इस नए बदलाव का असर ऐसी कंपनियों या कारोबारियों पर होगा, जिन्होंने अपने बिजनेस के लिए रेजिडेंशिल प्रॉपर्टी को रेंट या लीज पर लिया है। वहीं, ऐसी कंपनियां भी इस लागत को वहन करेंगी जो रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी को किराये पर लेकर इसे गेस्ट हाउस की तरह इस्तेमाल करती हैं या फिर कर्मचारियों के लिए रहने की जगह उपलब्ध कराती है। कर्मचारियों को मुफ्त में रहने की जगह देने वाली कंपनियों पर इससे लागत बढ़ जाएगी।



# राजस्थान बीजेपी अध्यक्ष में बदलाव नहीं

## मोदी से पूनिया की सवा घंटे की मुलाकात से पलट गई बाजी



जयपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया विरोधी धड़े पर भारी पड़ गए। पूनिया 2023 तक प्रदेश अध्यक्ष तक बने रहेंगे। पूनिया का 2 वर्ष का कार्यकाल सितंबर में पूरा होने जा रहा है। प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव तक पूनिया पद बने रहेंगे। पूनिया विरोधी धड़ा उनकी उपलब्धियों पर सवाल उठा रहा था। विरोधी धड़े के नेताओं का कहना है कि तीन साल में पार्टी किसी भी मुद्दे को बड़ा बनाने में नाकाम रहे। प्रादेशिक स्तर पर कोई बड़ा आंदोलन भी खड़ा नहीं कर पाए। लेकिन पार्टी नेतृत्व ने पूनिया पर एक बार फिर विश्वास जताया है। राजस्थान भाजपा में पूनिया और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के बीच छत्तीस का आंकड़ा रहा है। पूनिया वसुंधरा विरोधी गुट के नेता माने जाते हैं। मुख्यमंत्री चेहरे के मुद्दे पर वसुंधरा समर्थक पूनिया को निशाने पर लेते रहे हैं। सतीश पूनिया ने हाल ही में राजधानी जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि 70 साल के नेताओं को रिटायरमेंट ले लेना चाहिए और संगठनात्मक चुनाव मेरे नेतृत्व में ही होने चाहिए।

**मई में पीएम मोदी से मिले थे पूनिया**

सतीश पूनिया प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे, इसका संकेत 14 मई 2022 को ही मिल गए थे। पीएम मोदी ने पूनिया को मुलाकात के लिए सवा घंटे का समय दिया था।14 मई को पूनिया दिल्ली दौरे पर रहे थे। पीएम मोदी ने पूनिया और उनके परिवार के साथ फोटो भी खिंचवाया है। जानकारों का कहना है कि पूनिया ने पीएम मोदी से मुलाकात सियासी समीकरण साधने के लिए ही की थी। मुलाकात के मायने कुछ भी हो लेकिन पूनिया विरोधी धड़े पर भारी पड़े हैं। हालांकि सतीश पूनिया ने इस मुलाकात के बाद खुलकर नहीं बोले थे। राजस्थान में अगले साल विधानसभा चुनाव होने है। जेपी नड्डा से लेकर पीएम मोदी तक राजस्थान की सियासत को लेकर सक्रिय हो गए है। ऐस में चुनावों से करीब डेढ़ साल पहले राजस्थान में सियासी तपिश धीरे धीरे बढ़ रही



है। 6 अगस्त को पूनिया फिर दिल्ली दौरे पर गए और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की और समीकरण साधने में सफल रहे। बताया जा रहा है कि दिल्ली दौरे के दौरान राष्ट्रीय नेताओं ने पूनिया के कामकाज की तारीफ की है। उल्लेखनीय है कि पूनिया के दिल्ली दौरे से पहले पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थीं। वसुंधरा की पूनिया से मुलाकात के तरह-तरह के मायने निकाले गए थे।

भाजपा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के नेताओं के रिटायरमेंट पर दिए बयान ने सियासी बवाल खड़ा कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को लेकर दिए इस बयान पूनिया के इस बयान ने अन्य नेताओं के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। पूनिया के अनुसार अगर नेताओं की रिटायरमेंट की उम्र 70 साल कर दी जानी चाहिए और युवा नेताओं को मौका देना चाहिए।

# राहुल गांधी की टीम के गुप्त सर्वे से गहलोत- पायलट की प्रतिष्ठा दांव पर, एक साल में दूसरी बार सर्वे

जयपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टीम ने गुप्त सर्वे किया। राहुल गांधी की टीम पता लगा रही है कि सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट में से लोकप्रिय कौन है। गहलोत सरकार की योजनाओं का आम आदमी को लाभ मिल पा रहा है या नहीं। बताया जाता है कि सर्वे करने वाली टीम ने करीब एक दर्जन सवालों पर फोकस किया है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि गहलोत और पायलट में लोकप्रिय कौन है। हालांकि यह पहली बार नहीं हो रही है। साल भर पहले भी यह सर्वे कराया गया था। जिसमें गहलोत सरकार को रिपोर्ट कार्ड औसत रहा था। इसके बाद पार्टी ने जिला और राज्य स्तर पर सम्मेलन किए थे। एक साल में दूसरी बार सर्वे हो रहा है। राजस्थान में सरकार बदलने का ट्रेंड रहा है। 1985 के बाद कांग्रेस की सरकार रिपीट नहीं हुई। जबकि 1993 के बाद भाजपा की सरकार रिपीट नहीं हुई है। कांग्रेस आलाकमान चाहता है कि राज्य में कांग्रेस की रिपीट हो। इसके लिए राज्य की सभी 200 विधानसभा सीटों का गुप्त सर्वे कराया गया है।

**पिछली बार सर्वे का गहलोत ने किया था जिक्र**

कांग्रेस आलाकमान ने एक साल में दूसरी बार गुप्त सर्वे कराया है। जिनकी रिपोर्ट राहुल गांधी के पास पहुंच भी गई है सभी 200 विधानभाओं मे सर्वे करवाया गया है। इसमें कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, चुनावों में चेहरा कौन समेत तमाम सवाल पूछे गए हैं। अहम प्रश्न सरकार के कामकाज और विधायकों के परफॉर्मेंस, उनके दोबारा जीतने की संभावना और




राजस्थान में हुई सांप्रदायिक घटनाओं का जनता पर असर संग करीब एक दर्जन से ज्यादा सवाल पूछे गए हैं।

राजस्थान में पिछले साल विधानसभा सत्र से पहले जो कांग्रेस पार्टी के विधायकों का ट्रेनिंग कैंप लगाया गया था ,उस समय भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधायकों के सामने सर्वे का जिक्र किया था कह दिया था की सर्वे के अनुसार ही कांग्रेस विधायकों को टिकट देगी. ताकीद की थी कि विधायक जनता के बीच रहकर काम करें। उन्होंने निर्देश दिए थे कि सरकार के कामकाज के साथ ही हर विधायक अपने क्षेत्र में के कामकाज की बुकलेट छापकर जनता में पहुंचाएं ताकि जनता को कांग्रेस के जनहितकारी योजनाओं के बारे में पता लग सके।

**राजस्थान में सरकार बदलने का ट्रेंड**

राजस्थान के लिए लगातार कहा जाता है कि यहां जनता किसी भी पार्टी को दोबारा सत्ता में आने का मौका नहीं देती। यही कारण है कि राजस्थान में एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा की सरकार बनती है लेकिन अबकी बार कांग्रेस रिस्क नहीं लेना चाहती। राजस्थान में 1985 के बाद कांग्रेस की सरकार रिपीट नहीं। जबकि 1993 के बाद भाजपा की सरकार रिपीट नहीं हुई। कांग्रेस राजस्थान समेत हिंदी बेल्ट के छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश पर ज्यादा फोकस इस सोच के साथ कर रही है कि अगर इतिहास का दोहराव हुआ तो साल 2024 में लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी जिन दोनों राज्यों छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्ता में है वहां सरकार कैसे रिपीट हो इसे लेकर बार-बार जनता की नब्ज टटोल फीडबैक ले रही है।

# उदयपुर हत्याकांड में एनआईए ने 9वें आरोपी को किया गिरफ्तार, कन्हैयालाल मर्डर में निभाई थी अहम भूमिका

उदयपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर में कन्हैयालाल जघन्य हत्याकांड की तफ्तीश कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हत्या की साजिश में कथितरूप से अहम भूमिका निभाने वाले 41 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस बात की जानकारी एनआईए ने दी। जांच एजेंसी ने मुस्लिम खान नाम के आरोपी को प्रतापगढ़ जिले के परसोला गांव से गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि आरोपी मुस्लिम मोहम्मद प्रतापगढ़ के ग्रामीण इलाकों में नमकीन और बिस्किट सप्लाई करने का काम करता है।




एनआईए की जांच में गौस मोहम्मद की कॉल डिटेल्स व बयानों में मुस्लिम मोहम्मद का नाम सामने आया था। गौस मोहम्मद से उसकी बातचीत भी होती रही थी। इस मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद व मोहम्मद रियाज अतारी सहित अन्य आरोपी मोहसीन,आसिफ, मोहम्मद मोहसिन, वसीम अली व फरहाद मोहम्मद शेख उर्फ बबला व मोहम्मद जावेद 29 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में हैं।

आपको बता दें कि गत 28 जून को उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल तेली की आरोपी मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्मद ने गला रेत कर हत्या कर दी थी। भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान का समर्थन करने को लेकर कन्हैयालाल की हत्या की गई थी। एनआईए ने अब तक इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है जो अभी अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में न्यायिक अभिरक्षा में हैं।

# गहलोत के मंत्री पर बिफरे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

## बोले- कांग्रेस पर मानहानि का मुकदमा कर देंगे



जयपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में फोन टैपिंग के मामले से एक बार फिर सियासत गरमा गई है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह पर पलटवार किया है। उदयपुर में मीडिया से बात करते हुए शेखावत विश्वेंद्र सिंह के वॉयस सैंपल को लेकर गए बयान पर बिफर गए। शेखावत ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि विश्वेंद्र सिंह को न तो देश के कानून की जानकारी है और न ही इस पूरे विषय की। शेखावत ने कहा कि कांग्रेस मुझे मानहानि मुकदमा कर्ज कराने का मौका दे रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने भरतपुर में कहा कि था कि विधायकों की खरीद फरोख्त मामले में मैं अपना वॉयस सैंपल देने के लिए तैयार हूं। केंद्रीय मंत्री शेखावत को भी देना चाहिए। करीब 10 दिन बाद शेखावत ने विश्वेंद्र सिंह के आरोपों पर पलटवार किया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 में पायलट गुट की बगावत की वजह से गहलोत सरकार संकट में आ गई थी। केंद्रीय मंत्री शेखावत पर विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोप लगे थे।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि सीएम गहलोत और कांग्रेस पार्टी के पीसीसी अध्यक्ष मुझे वॉयस सैंपल देने से कतराने की बात करते हैं। ऐसे में इन लोगों से मैं पूछना चाहूंगा इस विषय में विश्वेंद्र सिंह से क्यों नहीं वो वॉइस सैंपल मांगते? मंत्री शेखावत ने इससे आगे कहा कि जब से यह मामला सामने आया तब से लेकर अब तक राजस्थान की पुलिस ने मुझसे वॉइस सैंपल देने के लिए एक बार भी नोटिस



नहीं दिया। ऐसे में जो लोग देश के कानून व्यवस्था को समझते हैं। वो जानते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के अनुरूप किसी भी व्यक्ति को अपने खिलाफ एविडेंस देने के लिए पुलिस सीधे तौर पर नोटिस नहीं कर सकती है। इसलिए न्यायालय में जाकर के आदेश लेना होता है। 2021 में राजस्थान की एंटी करप्शन ब्यूरो जब न्यायालय में गया था उस दौरान न्यायालय ने उनकी एप्लीकेशन को खारिज कर दिया था। वॉइस सैंपल को लेकर न्यायालय ने पुलिस को अनुमति नहीं दी। इतना ही नहीं पुलिस ने आज तक मुझे नोटिस तक नहीं दिया। ऐसे में वॉइस सैंपल किस तरह से दे सकता हूं।

# स्कूलों में एक करोड़ स्टूडेंट्स ने एक साथ गाए राष्ट्रभक्ति गीत बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

जयपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में एक करोड़ स्कूली बच्चों ने आज एक साथ राष्ट्रभक्ति के गीत गाए। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय देश भक्ति गायन कार्यक्रम सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सीएम अशोक गहलोत थे। कार्यक्रम में शिक्षामंत्री बीडी कल्ला भी मौजूद रहे। राजस्थान के एक करोड़ विद्यार्थियों द्वारा एक स्वर में देशभक्ति गीत गायन हुआ।



उल्लेखनीय है कि 75 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में राजस्थान में देशभक्ति के गीत गाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। सुबह सवा दस बजे से 10 बजकर 40 मिनट तक प्रदेशभर में एक करोड़ स्कूली छात्र एक साथ राष्ट्रभक्ति के गीत गाए।

मुख्य कार्यक्रम जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में हुआ। जहां 26,000 स्कूली बच्चों के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी मौजूद रहेंगे। बच्चों की इस उपलब्धि को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में जगह दी गई है। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पवन कुमार गोयल ने बताया कि प्रदेश के 67,000 सरकारी और 50,000 प्राइवेट स्कूलों को इसमें शामिल किया गया था। जिनमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ने वाले लगभग एक करोड़ बच्चों ने एक साथ 25 मिनट तक राष्ट्रभक्ति से जुड़े 6 गीत गाए। गोयल के मुताबिक पूरे राजस्थान में यह एक ही समय पर एक सुर और लय के साथ गाए गए।

**स्टूडेंट्स को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान**

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मौजूद रहे इन्होंने बच्चों की मनभावन प्रस्तुति के बाद उनको संबोधित भी किया। प्रदेश के नौनिहालों की इस भावपूर्ण प्रस्तुति के बाद सीएम को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन की ओर से प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

# राजस्थान में कोरोना के केस 10 दिन में डबल हुए

**दिल्ली में केस बढ़ने के बाद पाबंदियां शुरू, 658 लोगों के सैंपल पॉजिटिव मिले**

जयपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे है। पिछले 10 दिन में केसों की संख्या डबल हो गई है। इसी तरह अगर केस बढ़ते रहे तो जल्द ही सरकार को कोई न कोई सख्त कदम उठाना पड़ेगा। दिल्ली में केस बढ़ने के बाद वहां की सरकार ने मास्क फिर से अनिवार्य कर दिया है। मास्क नहीं लगाने वाले पर 500 रुपए का जुर्माना लगेगा। दिल्ली में इन दिनों 2000 से 2500 की संख्या में कोरोना पॉजिटिव केस आ रहे हैं। ये लगातार बढ़ रहे है। राजस्थान में पिछले एक सप्ताह से केसों की संख्या 600 आ रही है, जबकि 10 दिन पहले तक राज्य में केस 300 या उससे भी कम आ रहे थे।

**जांच बढ़ने के साथ केस भी बढ़े**

मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान से जारी रिपोर्ट देखे तो पिछले एक सप्ताह की रिपोर्ट देखे तो राज्य में टेस्टिंग भी डबल हो गई है। जुलाई में हर रोज पूरे राज्य में औसतन 5 से 6 हजार टेस्ट रोजाना होते थे, जो पिछले एक सप्ताह तक बढ़कर औसतन 12 हजार के करीब पहुंच गई। पिछले 24 घंटे की स्थिति देखे तो पूरे राज्य में 20 हजार 234 लोगों की टेस्टिंग की गई, जिसमें से



658 लोगों के सैंपल पॉजिटिव मिले है।

**इस महीने अब तक 5388 केस**

राजस्थान में अगस्त महीने की स्थिति देखे तो 11 दिन के अंदर 5388 केस मिले चुके है, जबकि 12 डेथ हो चुकी है। वहीं जुलाई से तुलना करें तो पिछले महीने 31 दिन के अंदर 5837 केस मिले थे, जबकि 15 मरीजों की डेथ हुई थी।

# नशे में एयर होस्टेस ने दोस्तों के साथ मचाया उत्पात

जयपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। नशे में धुत एयर होस्टेस ने अपने फ्रेंड्स के साथ रेस्टोरेंट में जमकर उत्पात मचाया। युवक-युवतियां रेस्टोरेंट में खाना खा रही फैमिली से झगड़ा करने लगी। फैमिली दूसरी टेबल पर गई तो कमेंट करने लगे। परेशान होकर फैमिली बाहर निकली तो उनकी गाड़ी पर शराब की बोतल फेंक दी। मामला जयपुर के सिंधीकैंप थाना इलाके का है।

पुलिस ने बताया कि श्रद्धा बुधवार रात 11.30 बजे भाई और दोस्त के साथ टैक्सी चिकन ढाबा पर खाना खाने गई थी। रेस्टोरेंट में दो युवक और दो युवतियां भी आई। युवक-युवतियां नशे में धुत थे। रेस्टोरेंट में आते ही वे फैमिली से झगड़ा करने लग गए।

रेस्टोरेंट कर्मियों ने फैमिली को दूसरी टेबल पर बैठाया तो कमेंट



करने लगे। परेशान होकर फैमिली बाहर आ गई और गाड़ी में बैठने लगी तो कार पर बोतल फेंककर कांच तोड़ दिया। फैमिली ने विरोध किया तो मारपीट करने लगे। लोगों ने बमुश्किल उनको छुड़ाया।

**पुलिस से की बदसलूकी**

नशे में धुत युवक-युवतियां ने मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी बदसलूकी की। करीब आधे घंटे तक युवक-युवतियां खुद को बड़े परिवार का बताकर पुलिसवालों को धमकाते रही।

इस दौरान एक युवक का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। इस घटना के बाद पुलिस जाब्ता बुलाकर सभी को थाने ले जाया गया। शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर हवालात में बंद कर दिया।

जयपुर के रहने वाले 27 साल के कार्तिक चौधरी। जयपुर की रहने वाली 25 साल की नेहा शर्मा, 25 साल के विकास खंडेलवाल और बिहार निवासी 26 साल की प्राची सिंह को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। कार्तिक चौधरी गुड़गांव की मल्टीनेशनल कंपनी में कंप्यूटर इंजीनियर है। कार्तिक के पिता हाईकोर्ट में वकील है। प्राची सिंह एयर होस्टेस है। नेहा शर्मा जयपुर में प्राइवेट बैंक में काम करती है। पुलिस ने परिवादी पक्ष के भी दो लोगों को अरेस्ट किया। गुरुवार सुबह सभी की जमानत हो गई।

**थाने में भी झगड़ने लगे**

सीआई गुंजन सोनी ने बताया कि रेस्टोरेंट में इन लोगों के बीच कमेंट चल रहे थे।

# राजस्थान में लम्पी से जंग

## अजमेर को मिले एक लाख टीके, गहलोत बोले- केन्द्र सरकार ने दिया मदद का पूरा भरोसा



अजमेर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के अजमेर में गोवंश में लम्पी वायरस संक्रमण नियंत्रण के लिए टीके की एक लाख डोज आज यानी शुक्रवार को अजमेर पहुंच जाएगी। अजमेर राज्य का पहला जिला होगा जहां अजमेर डेयरी व जिला प्रशासन के साझा प्रयास से टीके की एक लाख डोज उपलब्ध होने जा रही हैं।

अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने बताया कि संपूर्ण जिले में संक्रमण तीव्र गति से फैल रहा है। जिले में इस समय 3.5 लाख गाय हैं। इन गायों को बचाने और संक्रमण से दूर रखने के लिए डेयरी की पहल पर अहमदाबाद हैल्टन कम्पनी से टीके की डोज अजमेर पहुंच रही हैं जिन्हें पशुपालन विभाग के जरिए पशुपालकों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पीड़ित पशु को एक से तीन एमएल तक डोज दी जाएगी।

**दो-तीन दिन में मंगाए जाएंगे और टीके**

चौधरी ने बताया कि गौशाला व अन्य सामूहिक स्थान पर एकत्र गायों में लक्षण दिखाई देने पर प्रत्येक गाय को तीन एमएल का टीका लगाया जाएगा। पशुपालकों को यह टीका निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा ताकि उन पर कोई आर्थिक भार न पड़े और उनका पशुधन भी सुरक्षित रहे। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ प्रफुल्ल माथुर ने बताया कि विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। चौधरी ने बताया कि अगले दो-तीन दिन में एक लाख डोज और मंगाई जाएंगी।

**केन्द्र सरकार ने दिलाया मदद का भरोसा**

इससे पहले गुरुवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार पशुओं में फैल रहे लम्पी चर्म रोग पर जल्द नियंत्रण पाने के लिए प्रयासरत है। गहलोत ने बताया कि उन्हें केंद्रीय पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार इससे निपटने में राज्य सरकार का पूरा सहयोग करेगी।

# उदयपुर में दर्दनाक हादसे में मौत

## नदी के बीच रास्ता पार करते समय पैर फिसला पानी निकलने के पाइप में फंसने से गई जान

उदयपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। उदयपुर के कोटड़ा इलाके में एक मासूम की पानी निकलने के पाइप में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा यहां के खजूरीया इलाके में हुआ। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया और फिर परिवार के लोगों को शव दिया। पानी का बहाव तेज होने से नारायण पानी निकलने वाले पाइप में फंस गया। इस हादसे में सायरा के रहने वाले 15 साल के नारायण की मौत हो गई। हादसे को लेकर सामने आया कि खजूरीया और काला खेतरा के बीच एक पुलिया का काम चल रहा है। ऐसे में इसके लिए एक वैकल्पिक मार्ग बनाया हुआ है। नदी के बीच से इस मार्ग के बीच पानी निकलने के लिए पाइप लगाया हुआ है। उसी रास्ते पर तेज बरसात के चलते पानी ज्यादा था। वहीं उस दौरान नारायण खजुरिया से काला खेतरा जा रहा था। नदी के बीच पहुंचने के बाद उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। पानी का बहाव तेज होने से नारायण पानी निकलने वाले पाइप में फंस गया।

तेज बहाव ओर बहते पत्थरों के कारण वो बाहर नहीं निकल पाया। आसपास के लोगों ने काफी प्रयास किया मगर पानी का बहाव तेज होने से कुछ नही कर पाए। हादसे की सूचना मिलने पर डीप्टी कुशालराम चोरड़या, मांडवा थानाधिकारी उत्तमसिंह, एएसआई सूरजमल, सरपंच विशनाराम मौके एनडीआरएफ की जवानों को लेकर पहुंचे।

# पत्थर के नीच दबने से मौत, अक्षय पात्र पर केस

**मरने वाले का बेटा महज 4 महीने का, भाई बोला- पुलिस ने कहा कार्रवाई होगी**

जयपुर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में अक्षय पात्र मंदिर में फोटो खिंचवाने के दौरान हुई युवक की मौत के मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। मृतक देवव्रत के पिता अशोक कुमार (60) ने रामनगरिया थाने में गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामने की जांच शुरू कर दी है।

मृतक के भाई ऋषी शुक्ला ने बताया कि 8 तारीख को उसका भाई जयपुर में प्लॉट देखने के लिए आया था। इस दौरान वह अक्षय धाम मंदिर में दर्जन के बाद बाहर मंदिर के बाहर फोटो खिंचवा रहा था। इसी दौरान वहां लगा बोर्ड नीचे गिर गया। जिससे देवव्रत गम्भीर घायल हो गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यह दुर्घटना मंदिर प्रशासन की लापरवाही के तहत हुई हैं। जिसकी एफआईआर 11 अगस्त को रामनगरिया थाने में दर्ज करा दी गई हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मंदिर प्रशासन के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे। देवव्रत के 4 महीने का बेटा और 6 साल की बेटी और पत्नी हैं।

**मामले की जांच की जाएगी**

रामनगरिया थाने के एएसआई कैलाश चंद ने बताया कि अशोक कुमार शुक्ला की ओर से रिपोर्ट दी गई है। जिसे आईपीसी की धारा 304 ए के तहत दर्ज किया गया है। जांच की जाएगी कि जिस पत्थर के गिरने से देवव्रत की मौत हुई।

# स्वतंत्रता दिवस पर अग्रवाल समाज तेलंगाना निकालेगा विशाल अग्र तिरंगा रैली



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा आजादी की 75वीं वर्षगांठ अवसर पर विविध कार्यक्र आयोजित किये जा रहे है। आज समाज कार्यलय में सम्पन्न एक विशेष कन्फ्रेस में उपस्थित समाज के अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष केन्द्र सरकार के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवम के साथ ही कई सरकारी, गैर सरकारी संस्थाएं विविध कार्यक्रम आयोजन कर रही है।

इसी क्रम में अग्रवाल समाज तेलंगाना की आजादी के 75वें वर्ष को बडे धूमधाम से आयोजित कर रहा है। इस दिशा में कल रविवार 14 अगस्त को एक विशाल कार-बाईक रैली का आयोजन किया गया है। मोजमजाही मार्केट से लहरा रहे विशाल तिरंगा के साथ से सुबह 9.30 बजे प्रारम्भ होने वाली यह अग्र तिरंगा यात्रा नामपल्ली, विधानसभा भवन, रवीन्द्र भारती, लुंबिनी पार्क, टैंकबन्ड, राजीव संजीवय्या पार्क से लहरा रहे विशाल तिरंगे के मार्ग से होकर पीपुल प्लाजा पर समाप्त होगी। डीईसी इंडस्ट्रिज (अनिरुद्ध गुप्ता) के आयोजन और समाज की कोतापेट, मलकपेट, दोमलगुडा, हैदरगुडा, आबिड्स शाखाओं के संयोजन से आयोजित उक्त रैली के संयोजक महावीर प्रसाद अग्रवाल और सह संयोजक सीए मनोज अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, अशोक जिंदल और संजय अग्रवाल हैं। इसी क्रम में रविवार की शाम 6.30 बजे बिडला साइन्स सेन्टर स्थित भास्कर आडिटोरियम में देशभक्ति गीतों का एक रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

झण्डवन्दन के क्षेत्र में जाग सकता हेतु पिछले कई वर्षो से सक्रीय 'जोश देश का' संस्था के संयोजन से आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती अंजलि जयश्री गाले और गायक अरुण देव, श्रीवास्तव से देश भक्ती गीतों की प्रस्तुती करेंगे। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप अग्रवाल तथा सह संयोजक जीतेन्द्र गोयल, निखिल राणासरिया, विरेन्द्र अग्रवाल और संजय गुप्ता होंगे।

सोमवार 15 अगस्त के दिन समाज की सिकन्दराबाद उत्तरांचल शाखा के संयोजन में राष्ट्रोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया है। बांके बिहारी अग्रवाल (सेवानिवृत मुख्य आयुक्त सीजीए और कस्म्य विभाग, तेलंगाना) उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम के संयोजक पुरुषोत्तम अग्रवाल, सहसंयोजक अशोक डाणी, संदीप गोयनका, मुकुल जैन और अजय जैन है। स्वतंत्रता दिवस के संदर्भ में आयोजित कार्यक्रमों में मोहन गुप्ता, महेन्द्र अग्रवाल, आशीष दोचानिया, सुर्यकमल गुप्ता, धीरज गुप्ता, महेश कानोडिया, अनिल गर्ग, पकज संघी, अचल गुप्ता, पकज मित्तल, मुकेश केडिया एवं अन्य का महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा। इस अवसर पर समाज के उपाध्यक्ष दिलीप पंसारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समाज के पदाधिकारियों अध्यक्ष ए.के. अग्रवाल, उपाध्यक्ष दिलीप पसारी, मानद मंत्री कपुरचन्द गुप्ता, संयुक्त मंत्री सतीश कुमार अग्रवाल, कोशाध्यक्ष राकेश जालान ने समाज के सभी सदस्यों परिवारों को अपने अपने निवास, प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लहराने के साथ ही समाज और शाखाओं के द्वारा आयोजित तिरंगा रैली, देशभक्ती गीत, कार्यक्रम, सभी ध्वजारोहण कार्यक्रमों में उपस्थित रहने का आह्वान किया है।

## अमित शाह ने करीमनगर डीसीसीबी, चोपपांडी पैक्स को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार प्रदान किया

करीमनगर, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने करीमनगर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक (केडीसीसीबी) और चोपपांडी प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पीएसीएस) को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार प्रदान किए हैं। पुरस्कारों की घोषणा नवगठित केंद्रीय सहकारिता मंत्री और नेशनल फेडरेशन ऑफ स्टेट कोऑपरेटिव बैंक्स द्वारा की गई। केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार (12 अगस्त) को नई दिल्ली में आयोजित ग्रामीण सहकारी बैंकों के राष्ट्रीय सम्मेलन में पुरस्कार प्रदान किए। केडीसीसीबी के सीईओ एन सत्यनारायण राव और चोपडांडी पैक्स के अध्यक्ष वी मल्ला रेड्डी ने केंद्रीय राज्य सहकारिता मंत्री बीएल वर्मा, सहकारिता मंत्रालय के सचिव ज्ञानेश कुमार, नैफस्कोब के अध्यक्ष कोंडुरु रविंदर राव, नैफस्कोब के एमडी भीमा सुब्रमण्यम की उपस्थिति में केंद्रीय सहकारिता मंत्री से पुरस्कार प्राप्त किया और अन्य भी मौजूद थे।

# राजस्थानी ब्राह्मण समाज का श्रावणी उपाकर्म महोत्सव सम्पन्न



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी ब्राह्मण समाज हैदराबाद सिकंदराबाद का श्रावणी उपाक्रम महोत्सव बालाजी मंदिर मामडपल्ली पहाड़ी शरीफ पर पुष्करणी कुण्ड में दशविधि स्नान के साथ प्रारभ हुआ।

गायत्री परिवार हैदराबाद के सान्निध्य में मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न करवाया। पश्चात अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाला व मंत्री रामदेव नागला ने दीप प्रज्वलन किया। नव ग्यारह बटुकों को यज्ञोपवीत संस्कार गायत्री परिवार के सान्निध्य दिया गया। तत्पश्चात नौकुंडीय यज्ञ हवन-पूजन संपन्न हुआ।


इस के बाद सहयोगी सदस्यों सहयोगी यजमान हरिकिशन व्यास बॉस, सोहनलाल पल्लोड, श्रीनिवास पंडित, राधेश्याम जोशी, भँवरलाल रिणवा, घनश्याम सुवाल, हुकमीचन्द थानवी, गोकुलचन्द उपाध्याय, मेघराज पारीक, वेणुगोपाल शर्मा का स्वागत शाल व माला द्वारा संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष पं. पुरुषोत्तम लाला, महामंत्री रामदेव नागला, कार्यक्रम कोषाध्यक्ष, पवन उपाध्याय, प्रधान संयोजक सुरेश गाँधी, दामोदर जोशी, रामनिवास पाराशर, भगवान व्यास बिलाल, हरिनारायण व्यास, श्रीलाल पारिक, मोहनलाल शर्मा, गोपाल शर्मा, रामदेव उपाध्याय, भरत चाण्डा, मुकेश साण्डिल्य, मुरलीधर तिवारी, मुरलीधर ओझा, अशोक पारीक, अर्जुन थानवी, रामनिवास ओझा, प्रभुदयाल पाण्डिया, संदीप जायलवाल, लक्ष्मीकान्त व्यास, रामेश्वरलाल जोशी, प्रदिप चोटिया, ओमप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से महिलाओं ने मनाया रक्षाबंधन पर्व





हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आदित्य कृष्णा चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में गोशामहल क्षेत्र में रक्षा बंधन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर कई वर्षों से गरीबों की सेवा में लगे हुए समाजसेवी तथा ट्रस्ट के चेयरमैन नंदकिशोर व्यास बिलाल को महिला कार्यकर्ताओं ने राखी बांधी। साथ ही ब्रह्माकुमारी दीदी, पूर्व पार्षद परमेश्वरी सिंह, पार्टी महिला नेताओं और एकेसी ट्रस्ट के सदस्यों ने भी उन्हें राखी बांधी। इस अवसर पर सभी महिला कार्यकर्ताओं में उपहार वितरित किया गया। महिला नेताओं ने सीएम केसीआर के चित्र पर राखी बांधी।



काटेदान स्थित बाबूलरेड्डीनगर में कार्यक्रम में भाग लेते हुए पूर्व पार्षद वेंकटेश का सम्मान करते हुए रामदेवरा मंदिर के चेयरमैन श्याम सुंदर गिलडा। साथ में हैं प्रदेश अध्यक्ष धर्माराम ढाका, कमल जाजू, जगदीश अग्रवाल, धर्मचंद भंसाली, श्याम परतानी, राजकुमार लड्डा, निर्मल कोठारी, बनवारी महाराज व अन्य।




डेफोडिल मॉडल हाईस्कूल कानाजीगुड़ा में रक्षाबंधन उत्सव मनाते हुए स्कूल के प्रिंसिपल श्रीमती सौम्या ,रीना, कल्याणी, हेमंत, रवि, संदीप, लता। धर्म जागरण प्रमुख रामाकृष्णा, शैलेश और विश्व मंगल गौशाला के मुख्य सचिव शांतिलाल सुथार, दलपत सिंह भी मौजूद रहे।

## इंजीनियरिंग में माधापुर के लड़के ने जीता पहला स्थान, एएम स्ट्रीम में गुंटूर की लड़की प्रथम

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना स्टेट इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर एंड मेडिकल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (टीएस ईएएमसीईटी) 2022 के नतीजे शुक्रवार को जारी कर दिए गए हैं, जिसमें इंजीनियरिंग में 80.41 फीसदी और एएम में 88.34 फीसदी उम्मीदवारों ने क्वालिफाई किया है। शिक्षा मंत्री पी. सबिता इंद्रा रेड्डी ने परिणामों की घोषणा की। इंजीनियरिंग परीक्षा में कुल 1,56,860 उपस्थित हुए और 1,26,140 उत्तीर्ण हुए। इसी तरह, 80,575 परीक्षा में शामिल हुए और 71,180 ने एएम स्ट्रीम को क्वालिफाई किया। हैदराबाद के माधापुर के एक लड़के, पोलू लक्ष्मी साई लोहित रेड्डी ने 151.61 ईएएमसीईटी अंकों के साथ इंजीनियरिंग स्ट्रीम में पहला स्थान हासिल किया। एएम स्ट्रीम में, आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के जुतुरी नेहा ने एमसेट में 154.14 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया।



एनकेएस ग्रुप की दसवीं वर्षगांठ पर गणेश मंदिर, वनस्थलीपुरम में पूजा अर्चना की गयी। उसके बाद एटम वर्ल्ड अनाथ आश्रम में अन्नदान किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के चेयरमैन एनके सिंह, निदेशक नंदकिशोर सिंह, अमरजीत सिंह, राजेंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।



न्यू बोइनापल्ली न्यू सिटी कॉलोनी में बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष जंपन्ना प्रताप के साथ रक्षा बंधन पर्व मनाती हुईं कई महिला कार्यकर्ता।

# श्रावणी उपाकर्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वेंकटेश्वर दिव्य धाम में श्रावणी उपाकर्म महोत्सव विद्वद परिषद भाग्यनगर के तत्वावधान में मनाया गया। पं. महावीर प्रसाद जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विद्वानों द्वारा गंगा पूजन, दशविधी स्नान, गणपति पूजन, स्वास्ति वाचन, शांति पाठ, मध्याह्न संध्या, देव ऋषि मनुष्य, तर्पण आदि कार्य किया गया। द्वितीय सत्र में पंचगव्य प्राशन, आवाहित देवता ओका पूजन, वेदमाता गायत्री प्रधान पीठ पूजन एवं सप्तऋषि अरुंधती यज्ञोपवीत पूजन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में नवीन यज्ञोपवीत धारण हवन, वेदमाला गायत्री यज्ञ, पूणोहुति और आरती पुष्पांजली की गई। आयोजन में पं. पुरूषोत्तम शास्त्री, पं. शशिकान्त शर्मा, पं. नवल किशोर शर्मा, पं. ओमप्रकाश शर्मा, पं. लक्ष्मीकान्त शर्मा, पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा, पं. प्रेमकान्त शर्मा, पं. रामोतार शर्मा, पं. नन्दकिशोर शर्मा, पं. बिरदीचन्द शर्मा, पं. रामोतार शर्मा, पं. सुरेश शर्मा, पं. गोविंद शर्मा, पं. लालु शर्मा, पं. पुष्पेन्दु शर्मा, पं. राजु शर्मा, पं. लोकेश शर्मा, पं. ताराचन्द शर्मा, पं. अंकित शर्मा, पं. कन्हेया लाल शर्मा, पं. नितेश शर्मा, पं. चेतन शर्मा, पं. योगेश शर्मा आदि ने भाग लिया।

## पीजी मेडिकोज के मानसिक स्वास्थ्य और भलाई में सुधार : एनएमसी

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। देश में चिकित्सा शिक्षा के नियामक निकाय, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा बोर्ड (पीजीएमईबी) ने सभी सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों के मेडिकल छात्रों को अपने स्नातकोत्तर के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार के लिए तत्काल उपाय करने का निर्देश दिया है। मानसिक स्वास्थ्य और पीजी मेडिकल छात्रों के कल्याण से संबंधित विशिष्ट एनएमसी निर्देश देश भर से अत्यधिक तनावपूर्ण काम के माहौल को लेकर शिकायतों के मद्देनजर आते हैं जो मेडिकोज अस्पतालों में काम करते हैं। न केवल तेलंगाना में बल्कि पूरे देश में, पीजी मेडिकल छात्र खुद को अत्यधिक तनावपूर्ण काम के माहौल में पाते हैं।

सभी मेडिकल कॉलेजों को पर्याप्त आराम, साप्ताहिक अवकाश, तनाव में रहने वालों के लिए परामर्श, नियमित आधार पर योग सत्र की व्यवस्था, जब भी आवश्यक हो छुट्टी की मंजूरी और उनकी गरिमा का सम्मान करके पीजी मेडिकल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और भलाई का ध्यान रखना चाहिए।



राजस्थान राजपूत समाज, हैदराबाद-सिकंदराबाद के नव निर्वाचित अध्यक्ष दीप सिंह राठौड़, युवा संगठन अध्यक्ष गंगा सिंह चौहान का स्वागत करते हुए देवासी समाज से कर्मी राम देवासी, कालूराम देवासी, रामाराम देवासी, हरीश देवासी, निंबाराम देवासी, गणेशाराम देवासी।



बेगम बजार स्थित श्री नृसिंह मंदिर में श्रावण मास के उपलक्ष्य पर भगवान शिव जी का रुद्राभिषेक किया गया। इसमें भाग लेते हुए अमित लड्डा, मधुर सोमानी, राजेश सोमानी, संपत तोषनीवाल (सालासर), कमल दरक, श्याम सुंदर बंग, समाजसेवी राजेश करवा एवं अन्य।

# इस्कॉन कुक्कटपल्ली द्वारा बलराम पूर्णिमा मनाई गई



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। इस्कॉन कुक्कटपल्ली के तत्वावधान में बलराम पूर्णिमा अत्यंत उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। संध्या 5:30 बजे से भगवान का विशेष अभिषेक एवं कीर्तन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मंदिर के अध्यक्ष श्रीमान महा श्रृंग दास ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान श्री बलराम जी आदिगुरु है। माता देवकी के गर्भ में सातवें पुत्र के रूप में प्रकट हुए किंतु भगवान की इच्छा से योग माया ने इस गर्भ को माता रोहिणी के गर्भ में स्थानांतरित कर दिया। अतः उनका नाम संकर्षण भी पड़ा। भगवान बलराम भगवान श्री कृष्ण के प्रथम विस्तार है एवं सेवक भगवान के रूप में भगवान श्री कृष्ण की सभी प्रकार की सेवाएं संपन्न करते हैं। इस अवसर पर 56 भोग एवं विशेष श्रृंगार दर्शन के साथ-साथ नृत्य एवं संगीत के साथ भगवान की आरती रात्रि 9:00 बजे संपन्न की गई। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, वेंकटेश्वर राव, विपिन मंत्री, मधुकर शानबाग, सुधीर रेड्डी, स्त्रोत्र माला, श्रीवाणी, अभिषेक, प्राणनाथ, कुमारी, सुनील राठी एवं अनेक भक्त गण उपस्थित थे। मंदिर के तत्वावधान में 19 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं 20 अगस्त को श्रील प्रभुपाद जी की व्यास पूजा का कार्यक्रम संपन्न होगा।



स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में गोशामहल क्षेत्र में निकाली गई तिरंगा रैली में विधायक राजा सिंह के साथ भाग लेते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता पांडु यादव, अमरसिंह राजपुरोहित व अन्य।

# तेलंगाना भाजपा को सुनील बंसल के अनुभव का लाभ मिलेगा : पी. सुरेश

हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा भाजपा के मीडिया प्रभारी पी. सुरेश ने भाजपा के अनुभवी एवं जुझारू नेता सुनील बंसल को भाजपा का राष्ट्रीय महामंत्री एवं तेलंगाना, उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल का प्रभारी बनाए जाने पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि श्री बंसल पार्टी के सच्चे सिपाही हैं। उनकी रणनीति कार्यकुशलता तथा अनुभव से तेलंगाना में इस बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि एक मिलनसार व्यक्ति एवं सबको साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल में है। तेलंगाना में जिस तरह से के. चंद्रशेखर राव की सरकार ने जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया है तथा तेलंगाना में विकास कार्य पूरी तरह से ठप है, इस को लेकर जनता में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा की जनता अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में केसीआर सरकार का सूपड़ा साफ करने के लिए तैयार बैठी है। तेलंगाना प्रभारी सुनील बंसल ने सरकार की नाकामी को उजागर करने तथा तेलंगाना में भाजपा की सरकार लाने के लिए अपनी ठोस रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। तेलंगाना में भाजपा का जनाधार जिस तेजी से बढ़ा है। तेलंगाना की जनता अब इस बात को महसूस करने लगी है कि भाजपा ही एकमात्र राष्ट्रवादी पार्टी है जो राज्य के विकास के लिए समर्पित है तथा तेलंगाना का सर्वांगीण विकास कर सकती है। तेलंगाना में भाजपा की बागडोर सुनील बंसल जैसे अनुभवी एवं कर्मठ नेता के हाथ में सौंप कर पार्टी ने एक बेहतर निर्णय लिया है।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तेत्रेय के नगरागमन पर रामायण मेला समिति की ओर से उनका सम्मान करते हुए गोविंद राठी। श्री राठी ने उन्हें 50वें रामायण मेला भाग लेने के लिए भी अमंत्रित किया।



स्वतंत्र भारत अमृत महोत्सव पर डीआरडीए और डीपीआरओ के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक रक्षाबंधन कार्यक्रम के तहत जिलाधीश प्रशासक मुशर्रफ फारूकी को राक्षी बांधती हुई महिला कर्मचारी।

# जिम्बाब्वे सीरीज के लिए टीम इंडिया में बड़ा बदलाव

## पूरी तरह फिट घोषित किए गए केएल राहुल, शिखर धवन की जगह होंगे कप्तान





नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज शुरू होने से पहले टीम इंडिया में बड़ा बदलाव हुआ है। केएल राहुल फिट घोषित किए गए हैं और अब वही टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। पहले शिखर धवन को इस दौरे के लिए टीम का कप्तान बनाया गया था, लेकिन अब बीसीसीआई ने केएल राहुल की वापसी का ऐलान कर दिया है।

**इंजरी से परेशान थे राहुल**

30 साल के केएल राहुल को पहले चोट लगी। उन्हें ग्रोइन इंजरी के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ी। फिर वह स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के लिए विदेश चले गए। जब लौटे तो फिटनेस टेस्ट से पहले ही उन्हें कोरोना वायरस ने जकड़ लिया। इसी के चलते वह वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज नहीं खेल पाए।

**ये होगी नई टीम इंडिया**

केएल राहुल (कप्तान), शिखर धवन (उप-कप्तान), ऋतुराज गायकवाड, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर।

**आईपीएल के बाद नहीं खेले थे केएल राहुल**

राहुल अपना आखिरी मैच आईपीएल के दौरान मई में बेंगलुरु के खिलाफ खेले थे जिसमें उन्होंने 79 रन बनाए थे। वह आखिरी बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ रांची के मैदान पर नजर आए थे।19 नवंबर 2021 को उस मैच में बतौर ओपनर राहुल ने 49 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्के लगाते हुए 65 रन बनाए थे।

## सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन मुंबई को छोड़ेंगे

### घरेलू क्रिकेट में अर्जुन गोवा से खेलेंगे, एमसीए में एनओसी के लिए किया है अप्लाई




नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंडुलकर के बेटे अर्जुन मुंबई की टीम छोड़ने जा रहे हैं। मीडिया रिपोट्स की मानें तो वह अगले सीजन में गोवा की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेल सकते हैं। बाएं हाथ का यह ऑलराउंडर आईपीएल में मुंबई इंडियंस का हिस्सा था। वहां भी उनको डेब्यू करने का मौका नहीं मिला।

अर्जुन 2020-21 में मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हरियाणा और पुदुचेरी के खिलाफ दो मैच खेले थे। उन्होंने मुंबई क्रिकेट संघ से एनसीओ देने के लिए आवेदन कर दिया है।

एसआरटी स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ने बयान में कहा, 'अर्जुन के लिए अपने करियर के इस मुकाम पर मैदान पर अधिक से अधिक समय बिताना अहम है। हमारा मानना है की दूसरी जगह से खेलने पर अर्जुन को अधिक मैच खेलने का मौका मिलेगा। वह अपने क्रिकेट करियर के एक नए चरण की शुरुआत करेंगे।'

**अंडर-19 में भी भारत के लिए खेल चुके हैं अर्जुन तेंदुलकर**

अर्जुन तेंदुलकर ने तीन सीजन पहले श्रीलंका के खिलाफ भारत अंडर-19 के लिए दो मुकाबले खेले थे। उस समय वह मुंबई की लिमिटेड ओवरों की संभावित टीम में भी शामिल थे। अर्जुन के लिए सबसे बड़ी निराशा यह रही उन्हें खुद को साबित करने का मौका मिले बिना इस सीजन में मुंबई की टीम से बाहर कर दिया गया। गोवा क्रिकेट संघ के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि राज्य के संभावित खिलाड़ियों में अर्जुन तेंदुलकर को शामिल किया जा सकता है।

**'प्रैक्टिस मैचों के प्रदर्शन के आधार पर मिलेगी टीम में जगह'**

जीसीए अध्यक्ष सूरज लोतलीकर ने कहा, 'हम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की तलाश में हैं। इसलिए हमने अर्जुन तेंदुलकर को गोवा की टीम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है। हम सीजन से पहले सीमित ओवरों के प्रैक्टिस



मैच खेलेंगे और वह इन मैचों में खेलेंगे। चयनकर्ता इन मैचों में उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम में रखने का फैसला करेंगे।'

## एशिया कप से पहले रोहित एंड कंपनी का होगा टेस्ट

### यूएई में टीम इंडिया का लगेगा 3 दिन का कैंप; 20 अगस्त को टीम होगी रवाना



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ियों को फिटनेस टेस्ट पास करना होगा। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो एशिया कप से पहले रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी के फिटनेस कैंप में भाग लेना होगा। वहीं टीम यूएई एक हफ्ते पहले ही पहुंच जाएगी, ताकि खिलाड़ियों को वहां के कंडीशंस के हिसाब से अपने को ढालने के लिए समय मिल सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय खिलाड़ी 18 अगस्त को बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में एकत्रित होंगे। वहां पर फिटनेस टेस्ट देना होगा। प्रोटोकॉल के तहत लंबे ब्रेक के बाद खिलाड़ियों को इस तरह के फिटनेस टेस्ट देना अनिवार्य होता है। भारतीय टीम 20 अगस्त को दुबई के लिए रवाना होगी। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत से पहले भारतीय टीम का 3 दिन कैंप दुबई में लगेगा।

**भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में**

भारतीय टीम को 28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलना है। भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान के साथ है। इन दोनों के अलावा तीसरी टीम क्वॉलिफायर से होगी। वहीं ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान शामिल हैं। दोनों ग्रुप से दो-दो टीमें सुपर फोर के लिए क्वालिफाई करेंगी।

**दीपक- आवेश जिम्बाब्वे से सीधे यूएई पहुंचेंगे**

वहीं एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल दीपक हुड्डा और आवेश खान जिम्बाब्वे से सीधे यूएई पहुंचेंगे। दोनों जिम्बाब्वे दौरे के लिए चुनी गई टीम का भी हिस्सा हैं। वो 22 अगस्त को वनडे सीरीज खत्म होने के बाद सीधे दुबई पहुंचेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों को फिटनेस टेस्ट से नहीं गुजरना होगा और यह दोनों खिलाड़ी 23 अगस्त को दुबई में भारतीय स्क्वॉड से जुड़ जाएंगे। दीपक चाहर भी स्टैंड बाय खिलाड़ी के तौर पर एशिया कप के लिए जाएंगे।

**भारत 7 बार बना है चैंपियन**

भारतीय टीम अब तक इस टूर्नामेंट के 13 संस्करणों में हिस्सा ले चुकी है और सबसे ज्यादा सात बार चैंपियन रही है। इसके अलावा टीम तीन बार फाइनल तक तो पहुंची, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा। दूसरे स्थान पर श्रीलंका है। श्रीलंकाई टीम पांच बार चैंपियन बनी है और छह बार रनर अप रही है। पाकिस्तान की टीम ने दो बार यह खिताब जीता है।

## एशिया कप से बाहर हुए जसप्रीत बुमराह की चोट गंभीर

### टी-20 वर्ल्ड कप तक फिट होना मुश्किल, अक्टूबर में होना है टूर्नामेंट



मुंबई, 12 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप में चोट की वजह से टीम इंडिया में शामिल नहीं किए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट गंभीर है। उनका टी-20 वर्ल्ड कप तक फिट होना मुश्किल है। ऐसे में टी-20 वर्ल्ड कप में उनके खेलने को लेकर संशय है। टी-20 वर्ल्ड को शुरू होने में हालांकि, 2 महीना का समय है। इस बार टी-20 वर्ल्ड अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होना है। वहीं बुमराह की चोट को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से अभी अधिकारिक रूप से कोई कुछ नहीं कहा गया है। बुमराह को बीसीसीआई की ओर से रिहैब के लिए बेंगलुरु में स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में जाने के लिए कहा गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह को लगी चोट गंभीर है। उनके फिट होने में ज्यादा समय लग सकता है। उनकी चोट को लेकर बीसीसीआई भी नजर रखे हुए है।

**बुमराह पहले भी चोट की वजह से रहें है क्रिकेट से दूर**

जसप्रीत बुमराह पहले भी चोट की वजह से क्रिकेट से दूर रह चुके हैं। 2019 में वर्ल्ड कप के बाद पीठ में चोट लगी थी। उनकी पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर था। इसके बाद वे लंबे समय तक टीम से बाहर रहे थे। वापसी के काफी समय बाद भी वे पूरी तरह रंग में नहीं आ पाए थे। बुमराह के चोटिल होने की सबसे बड़ी वजह उनका अनोखा बॉलिंग एक्शन है। जिस तरह से वे बॉल डालते हैं, उससे उनकी पीठ पर काफी जोर पड़ता है।

**एशिया कप में बुमराह और हर्षल पटेल चोट की वजह से हैं बाहर**

एशिया कप में बुमराह और हर्षल पटेल चोट की वजह से एशिया कप से बाहर हैं। ऐसे में यूएई में होने वाली टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में 3 तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार, युवा अर्शदीप सिंह और आवेश खान हैं।

टी-20 के ज्यादा मैच होने से खिलाड़ियों के चोटिल होने के मामले में बढ़ोतरी हुई है।

## फ्रांसीसी गोताखोर ने डीप-डाइविंग में 7वीं बार तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

### समुद्र में 393 फीट की गहराई तक लगाया गोता, 3 मिनट 34 सेकंड में पूरी की डाइव




नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांस के गोताखोर अरनॉड जेराल्ड ने डीप डाइविंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़कर नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने अब तक का सबसे गहरा गोता लगाया। वे डाइव मारकर समुद्र में 120 मीटर, यानी करीब 393 फीट नीचे गए। ये डाइव पूरी करने में उन्हें 3 मिनट 34 सेकंड का समय लगा।

खास बात तो ये है कि अरनॉड ने ये गोता बिना किसी ऑक्सीजन सिलेंडर की मदद के लगाया है। आमतौर पर गोताखोर पानी के अंदर ज्यादा गहराई तक जाने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर का इस्तेमाल करते हैं।

**सातवीं बार तोड़ा विश्व रिकॉर्ड**

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, अरनॉड जेराल्ड ने यह रिकॉर्ड 9 अगस्त को बहमास में आयोजित हुए एनुअल वर्टिकल ब्लू कॉम्पिटिशन में बनाया। वे पानी के अंदर कुल 3 मिनट 34 सेकंड तक रहे। जेराल्ड ने सातवें बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा है।

**ये अविश्वसनीय है- जेराल्ड**

जेराल्ड ने कहा- डीप डाइविंग का एक्सपिरिसएं काफी अमेजिंग था। मुझे भरोसा नहीं हो रहा है। किसी रिकॉर्ड को तोड़कर नया रिकॉर्ड बनाना बहुत ही खास होता है। मुझे खुशी है। मैंने बहुत मेहनत की। हमेशा ट्रेनिंग करता था। मेरी मेहनत रंग लाई।

**पहला गोता 30 मीटर का लगाया था**

अरनॉड जेराल्ड की एक वेबसाइट है। इसके मुताबिक, उन्होंने कम उम्र से ही डाइविंग की ट्रेनिंग शुरू कर दी थी। जेराल्ड ने 16 साल की उम्र में फ्री डाइविंग की ट्रेनिंग खत्म की थी। इसके बाद 30 मीटर की गहराई तक का गोता लगाया था। जेराल्ड ने 2017 में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद फ्रीडाविंग की प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया। 2019 में जेराल्ड ने 108 मीटर का गोता लगाकर अपना पहला विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इसके बाद उन्होंने 2020 में 112 मीटर का गोता लगाकर एक नया विश्व रिकॉर्ड हासिल किया।

## कतर में एक दिन पहले शुरू होगा फुटबॉल वर्ल्ड कप



कतर, 12 अगस्त (एजेंसियां)। कतर में इस साल फुटबॉल वर्ल्ड कप की शुरुआत 20 नवंबर से होगी। पहले यह टूर्नामेंट 21 नवंबर से खेला जाना था, लेकिन फीफा ने एक दिन पहले से इसे शुरू करने का फैसला लिया है। पुराने शेड्यूल के मुताबिक पहला मुकाबला नीदरलैंड और सेनेगल के बीच खेला जाना था। अब पहले मैच के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। अब पहला मुकाबला मेजबान कतर और इक्वाडोर के बीच खेला जाएगा।

कतर और इक्वाडोर के बीच ग्रुप-ए का यह मुकाबला पहले के शेड्यूल के मुताबिक टूर्नामेंट का तीसरा मैच था। परंपरा के मुताबिक, फीफा वर्ल्ड कप के पहले मैच में मेजबान टीम या पिछली बार की चैंपियन टीम खेलती है। ऐसे में अब शेड्यूल में बदलाव कर इस परंपरा को बनाए रखा गया है। इसे लकर अंतिम निर्णय फीफा परिषद के ब्यूरो ने दे दिया। इसमें छह परिसंघ अध्यक्ष और फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो शामिल हैं। फीफा ने कहा- शेड्यूल में यह बदलाव पुरानी परंपरा को बनाए रखने के लिए है। नए शेड्यूल के तहत, सेनेगल और नीदरलैंड के बीच ग्रुप ए मैच को 21 नवंबर को दोपहर एक बजे से शाम सात बजे शिफ्ट कर दिया गया है। ईरान के खिलाफ इंग्लैंड के ग्रुप बी के शुरुआती मुकाबले में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## बर्मिंघम में पदक जीतने वालों की मेजबानी करेंगे पीएम मोदी

**राष्ट्रमंडल खेल के बाद मिलने का किया था वादा**

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार (13 अगस्त) को सुबह 11 बजे दिल्ली में अपने आधिकारिक आवास पर राष्ट्रमंडल खेलों के सभी पदक विजेताओं की मेजबानी करेंगे। उन्होंने बर्मिंघम जाने से पहले खिलाड़ियों से मिलने का वादा किया था। भारत ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य समेत कुल 61 पदक अपने नाम किए और चौथे स्थान पर रहा।

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल भी टोक्यो ओलंपिक समाप्त होने के बाद वहां से लौटकर आए पदक विजेताओं से मुलाकात की थी। इस बार खिलाड़ियों के बर्मिंघम रवाना होने से कुछ दिन पहले



वीडियो कॉल पर बात की थी। तब उन्होंने कहा कि था कि वह खिलाड़ियों से राष्ट्रमंडल खेलों के बाद मिलने के लिए समय निकालेंगे। प्रधानमंत्री अब अपने वादे को निभाने वाले हैं। पीएम मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान लगातार खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया था। उन्होंने पदक जीतने के तुरंत बाद खिलाड़ियों की तारीफ की और उनके लिए ट्वीट किए थे। 22 स्वर्ण जीतने के साथ ही राष्ट्रमंडल खेलों में ओवरऑल भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या 200 के पार पहुंच गई है।

# सीएम आवास में मना रक्षा बंधन, बहनों ने सीएम केसीआर को बांधी राखी



## एमएलसी कविता ने भाई केटीआर को राखी बांधी



हैदराबाद, 12 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री केसीआर के सरकारी आवास प्रगति भवन में शुक्रवार को रक्षा बंधन समारोह का आयोजन किया गया। सीएम केसीआर की पत्नी शोभा ने अपनी ननद को पारंपरिक तरीके से आमंत्रित किया। इस मौके पर सीएम की बड़ी बहनों ललितम्मा, लक्ष्मम्मा, जयम्मा और छोटी बहन विनोदम्मा ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को राखी बांधी और रक्षा बंधन मनाया। राखी पर्व के मौके पर सीएम केसीआर ने राखी बांधने वाली अपनी बहनों को बधाई दी और आशीर्वाद लिया। बहनों ने सीएम को आशीर्वाद दिया।

इसी अवसर पर सीएम केसीआर के पोते और पोती (मंत्री केटीआर के बेटे और बेटी) ने रक्षा बंधन समारोह में भाग लिया। बहन लेख्या ने अपने भाई हिमांशु को राखी बांधी। इस मौके पर सीएम केसीआर और शोभा ने अपने पोते-पोती को आशीर्वाद दिया। समारोह में शामिल हुए बुजुर्गों ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मंत्री केटीआर की पत्नी शैलिमा और अन्य ने समारोह में भाग लिया।

उधर, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और विधायक के. कविता ने शुक्रवार को अपने भाई और राज्य के मंत्री केटी रामा राव को राखी बांधकर रक्षा बंधन मनाया। तेलंगाना विधान परिषद की सदस्य कविता ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास प्रगति भवन में अपने भाई को राखी बांधी। उनकी मां शोभा राव, केटीआर की पत्नी शैलिमा और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास मंत्री अभी तक पैर की मामूली चोट से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं, जो पिछले महीने आवास पर गिरने के कारण हुए थे।

डॉक्टरों ने उन्हें तीन दिन आराम करने की सलाह दी। इस बीच, केटीआर ने भाई-बहन के बंधन की कुछ पुरानी तस्वीरें साझा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने ट्वीट किया, 'कुछ बॉन्ड इतने खास होते हैं। मंत्री ने कविता के साथ बचपन की एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने रक्षा बंधन मनाते हुए अपनी बेटी और बेटे की एक पुरानी तस्वीर भी साझा की। इस बीच, कई राज्य मंत्रियों ने तेलंगाना राष्ट्र समिति की महिला नेताओं के साथ त्योहार मनाया और उन्हें राखी बांधी।










Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.